दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, गुरुवार, 27 मार्च 2025 शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 337 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

नई दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक लाख करोड़ का बजट पेश किया। जिसमें महिला समृद्धि योजना के लिए पांच हजार करोड़ रुपए आवंटित हुए हैं। इसका मतलब है कि इंतजार की घड़ियां खत्म हुईं। अब नई दिल्ली की सभी पात्र महिलाओं को हर माह ढाई हजार रुपए जल्द मिलेंगे। जिसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी लगातार सरकार पर निशाना साधती रहीं हैं। वैसे उनकी बोलती बंद होगी। अब वे पात्रता की शर्तों को लेकर बवाल खड़ा करेंगी। दरअसल आपीए आदत से मजबूर है। वे खिसयानी बिल्ली खंभा नोचे वाली कहावत को चरितार्थ करने से बाज आ ही नहीं सकते।

हेलीकॉप्टर दुर्घटना में पायलट की मौत

सोल (वार्ता)। दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में बुधवार को जंगल की आग से निपटने के दौरान अग्निशमन हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक पायलट की मौत हो गयी। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक हेलीकॉप्टर स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12:54 बजे राजधानी सियोल से करीब 180 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में उइसोंग की एक पहाड़ी पर उस समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जब वह जंगल की आग बुझाने का काम में जुटा था। घटना में पायलट की मौत हो गयी।

मंत्री ने हनी ट्रैप मामले में याचिका दायर की

बेंगलुरु (वार्ता)। कर्नाटक के सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना ने मंगलवार को गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर के समक्ष औपचारिक रूप से एक याचिका दायर की। जिसमें विभिन्न दलों के नेताओं को हनी ट्रैप में फंसाने में कथित रूप से शामिल व्यक्तियों के खिलाफकानूनी कार्रवाई की मांग की गई। यह याचिका उन्होंने हाल ही में राज्य विधानसभा में दिए गए अपने खुलासे के बाद दायर की है, जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें और 48 अन्य राजनीतिक पदाधिकारियों को इस तरह के प्रयासों में निशाना बनाया गया था।

महिलाओं की प्रोत्साहन राशि में कमी का मुद्दा उठा राज्यसभा में

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को कम किये जाने का मुद्दा बुधवार को राज्यसभा में उठाया गया। कांग्रेस की सोनिया गांधी ने शून्यकाल के दौरान सदन में यह विषय रखते हुए कहा कि इस योजना के तहत गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को छह हजार रूपये की राशि देने का प्रावधान किया गया था। उन्होंने कहा कि अब छह के बजाय पांच हजार रूपये की राशि दी जा रही है।

परमाणु ऊर्जा नीति में सुरक्षा सर्वोपरि : जितेंद्र सिंह

नयी दिल्ली (वार्ता)। सरकार ने लोकसभा में बुधवार को कहा कि भारत की परमाणु ऊर्जा नीति में सुरक्षा सर्वोपरि कारक है और मोदी सरकार 'सुरक्षा प्रथम, परमाणु ऊर्जा उत्पादन बाद में' के मूल मंत्र के साथ काम करती है। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि भारत की परमाणु ऊर्जा नीति में सुरक्षा सर्वोपरि कारक है और मोदी सरकार 'सुरक्षा प्रथम, परमाणु ऊर्जा उत्पादन बाद में' के मूल मंत्र के साथ काम करती है। परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में काम करने वाले कर्मियों और उसके आसपास रहने वाले लोगों के लिहाज से सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखा जाता है और विकिरण के प्रभावों पर सतत निगरानी रखी जाती है।

महादेव सट्टा एप : सीबीआई जांच की सुनामी

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में सीबीआई की दबिश

- छत्तीसगढ़ समेत सीबीआई का 60 स्थानों पर छापा
- कई अहम दस्तावेज जब्त, जांच जारी

रायपुर /नई दिल्ली। केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) ने महादेव बुक ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले की जांच में बुधवार को केवल छत्तीसगढ़ में ही नहीं बल्कि देशभर में भोपाल, कोलकाता और दिल्ली में 60 स्थानों पर छापेमारी की है। इनमें संदेह के दायरे में आए राजनेताओं, वरिष्ठ नौकरशाहों, पुलिस अधिकारियों और प्रमुख पदाधिकारियों से जुड़े परिसर शामिल हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उनके दो ओएसडी रहे आशीष वर्मा और मनीष बंछोर, उनकी सेक्रेटरी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीबीआई जांच के शिकंजे में पूर्व सीएम भूपेश और आईपीएस

सीबीआई की टीम ने बुधवार तड़के रायपुर, भिलाई समेत दो दर्जन से अधिक स्थानों पर छापेमारी की। जिन प्रमुख लोगों के ठिकानों पर कार्रवाई हुई, उनमें पूर्व सीएम भूपेश बघेल के दुर्ग निवास में 8 घंटे से जांच जारी है। उनके राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा, सीएम सचिवालय में उप सचिव रहीं सौम्या चौरसिया, विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, आईपीएस अधिकारी आनंद छाबड़ा, अभिषेक पल्लव, आरिफ शेख, प्रशांत अग्रवाल, एडिशनल एसपी अभिषेक महेश्वरी, एडिशनल एसपी संजय ध्रुव, केपीएस ग्रुप के निशांत त्रिपाठी, पूर्व ओएसडी मनीष बंछोर व आशीष वर्मा, निरीक्षक गिरीश तिवारी समेत अन्य के ठिकानों पर दबिश दी गई है।

आईपीएस अभिषेक महेश्वरी का घर सील

राजनांदगांव के वीआईपी कॉलोनी सन सिटी में स्थित बघेल सरकार में प्रभावशाली अधिकारी रहे अतिरिक्त पुलिस अधिकारी अभिषेक महेश्वरी के घर पर सीबीआई की टीम पहुंची, जहां उनके घर को सील कर दिया गया है। सीबीआई की टीम जब महेश्वरी के घर पहुंची तो वहां वे मौजूद नहीं थे।

सौम्या के घर मिले अहम दस्तावेज

बघेल सरकार में सीएम सचिवालय में उप सचिव रहीं सौम्या चौरसिया के भिलाई स्थित घर पर सीबीआई की टीम छानबीन कर रही है। कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज घर से बरामद किए जाने की चर्चा है।

आनंद छाबड़ा

आरिफ शेख

अभिषेक पल्लव

प्रशांत अग्रवाल

टीम ने पल्लव को रोका, माहेश्वरी का घर सील

भिलाई स्थित आईपीएस अभिषेक पल्लव के घर पर सीबीआई पूछताछ कर रही है। पल्लव ड्यूटी के लिए निकलने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही टीम ने दबिश देकर उनको घर में ही रोक लिया। सीबीआई की टीम रायपुर स्थित आईपीएस अभिषेक माहेश्वरी के घर भी दबिश दी, लेकिन इस दौरान वहां कोई नहीं था। जिसके बाद टीम ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने जांच सीबीआई को सौंपने कहा था : गृहमंत्री शर्मा

छापेमार कार्रवाई से प्रदेश में सियासी बवाल मचा हुआ है। पक्ष और विपक्ष के बयान सामने आ रहे हैं। वहीं सीबीआई की कार्रवाई को लेकर गृह मंत्री विजय शर्मा ने बयान देते हुए कहा कि सीबीआई की रेड की जानकारी मिली है, लेकिन किस विषय की जांच हो रही है, इसकी जानकारी नहीं है।अनेक विषयों की जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया है। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने विभिन्न विषयों पर जांच की मांग की थी और उन्हें ईडी और सीबीआई पर विश्वास है। नतीजे तक पहुंचने के लिए ही जांच की जा रही है। कांग्रेस के केंद्रीय एजेंसी के दुरुपयोग करने के आरोप पर विजय शर्मा ने कहा कि शायद उन्हें पता नहीं उनके ही नेता प्रतिपक्ष विभिन्न विषयों पर सीबीआई और ईडी जांच की मांग कर रहे हैं, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झूमाझटकी

सीबीआई की छापेमारी के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज भिलाई पहुंचे, जहां वे पूर्व सीएम भूपेश बघेल के निवास पर जाकर कार्रवाई का विरोध करते रहे। भूपेश बघेल के घ रके बाहर बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद हैं। भिलाई स्थित आवास में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल से टीम पूछताछ कर रही है। वहीं बघेल केंद्रीय सुरक्षा बल की कड़ी निगरानी के बीच परिवार के साथ अपने निवास पर मौजूद हैं।

कांग्रेस कार्यकर्ता और पुलिस के बीच झूमाझटकी : सीबीआई की पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पुरानी भिलाई निवास में कार्रवाई के दौरान बाहर मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता और पुलिस के बीच झूमाझटकी हुई। सीबीआई की दबिश के दौरान सीएसपी हरीश पाटिल के साथ 4 थानों के टीआई और 100 पुलिस जवान मौके पर मौजूद थे। कार्रवाई के दौरान कांग्रेस पार्षद के पति लाभेश मन्दरकर और जामुल टीआई कपिल देव पांडेय के बीच झूमाझटकी हुई।

जिस विभाग को करनी थी जांच, वहीं कर दिया पदस्थ

दो हेड कान्स्टेबल के घर भी पहुंची सीबीआई

सीबीआई की टीम ने रायपुर के 2 हेड कॉन्स्टेबल संदीप दीक्षित और राधाकांत पांडे के घर भी दबिश दी है। इन दोनों पुलिस कर्मियों पर महादेव सट्टा मामले की पूर्व में जांच कर रही ईडी की टीम ने अपनी रिपोर्ट में तत्कालीन रायपुर के एएसपी अभिषेक माहेशवरी, आईजी आरिफ शेख, आईपीएस आनंद छाबड़ा समेत अन्य पुलिस अधिकारियों को सट्टे की रिश्वत की रकम पहुंचाने का आरोप लगाया था। ईडी द्वारा जारी की गई जांच रिपोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत इन सभी अधिकारियों को आरोपी बनाया गया था। जब इस मामले की जांच ईओडब्लू को सौंपी गई। तब उस एफआईआर में भूपेश बघेल का ही नाम सामने लाया गया, बाकी अधिकारियों और कर्मचारियों का ■ शेष पृष्ठ 6 पर



दिल्ली पुलिस की टीम जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पहुंची

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली पुलिस ने जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पहुंचकर उनके स्टोर रूम और आसपास की जगह सील कर दी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि डीसीपी नई दिल्ली देवेश कुमार महला अपनी टीम के साथ घटना वाली जगह पर पहुंचे। आग लगने वाली जगह को जांच कमेटी के कहने पर सील किया है। दिल्ली पुलिस ने पूरे स्टोर रूम और आसपास की जगह का दौरा किया। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के सरकारी घर से कथित तौर पर आधी जली हुई नकदी मिलने के मामले में लगी याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। याचिका में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

9 नक्सलियों ने वेट्टी कन्नी के साथ किया आत्मसमर्पण

26 लाख रुपए का है इनाम

सुकमा/नवप्रदेश। सरकार के नक्सल अभियान को बड़ी सफलता मिली। कोंटा ब्लॉक में नक्सल संगठन में लम्बे समय से सक्रिय वेट्टी कन्नी के साथ 26 लाख के इनामी 9 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण, एएसपी उमेश गुप्ता व सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने वाले 9 नक्सलियों में 6 महिला नक्सली भी शामिल हैं। ये सभी नक्सली कई बड़ी वारदातों में शामिल रहे हैं। नक्सली बटालियन में सक्रिय एक नक्सली ने भी आत्मसमर्पण किया है। इस दौरान सुकमा एसपी किरण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आईएएस डॉ. एस. भारतीदासन होंगे नए उच्च शिक्षा सचिव, आर प्रसन्ना केंद्र के लिए रिलीव

रायपुर/नवप्रदेश। आईएएस डॉ. एस. भारतीदासन उच्च शिक्षा विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार संभालने जा रहे हैं। राज्य सरकार जल्द ही इस संबंध में आदेश जारी कर सकती है। 2006 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी भारतीदासन, आईएएस आर. प्रसन्ना की जगह लेंगे, जो केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली जा रहे हैं।

भारतीदासन इससे पहले स्कूल शिक्षा और कृषि विभाग के सचिव रह चुके हैं। वे जनसंपर्क आयुक्त के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा, वे जांजगीर और रायपुर के कलेक्टर भी रह चुके हैं। कोविड महामारी के दौरान रायपुर कलेक्टर के रूप में उनके कार्यों की सराहना की गई थी। आईएएस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भ्रामक विज्ञापनों को लेकर सख्त हुआ सुप्रीम कोर्ट

- दो महीने के भीतर शिकायत निवारण तंत्र बनाने के निर्देश

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ शिकायत निवारण तंत्र बनाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे विज्ञापन समाज को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं, उन पर कड़ी निगरानी आवश्यक है। सरकार ने तंत्र स्थापित करने के लिए राज्यों को दो महीने का वक्त दिया है।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने राज्यों को निर्देश दिया कि वे 1954 के ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज एक्ट के तहत निषिद्ध आपत्तिजनक विज्ञापनों के खिलाफ आम जनता की शिकायतों के लिए एक उपयुक्त तंत्र तैयार करें। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से भ्रामक विज्ञापनों पर सख्ती से रोक लगाने का रास्ता साफ हुआ है।

दो महीने में शिकायत निवारण तंत्र बनाने का आदेश

पीठ ने आदेश में कहा, हम राज्यों को निर्देश देते हैं कि वे दो महीने के भीतर उचित शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करें और इसकी उपलब्धता के बारे में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

इन्वेस्टर कनेक्ट मीट — छत्तीसगढ़ सरकार ने नैसकॉम, आईईएसए एवं टाई बैंगलोर के साथ एमओयू पर किया साइन

बेंगलुरु की टेक कंपनियों को भाया छत्तीसगढ़, 3700 करोड़ के हुए करार

बेंगलुरू(ए.)। देश की सिलिकॉन वैली के रूप में प्रसिद्ध बेंगलुरु की कई बड़ी टेक कंपनियों ने छत्तीसगढ़ में निवेश को लेकर रूचि दिखाई है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बेंगलुरु में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट मीट में देश के शीर्ष उद्योगपतियों और बिजनेस लीडर्स से संवाद कर राज्य में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। इस दौरान इंजीनियरिंग, टेक्सटाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी/आईटीईएस, खाद्य प्रसंस्करण और ग्रीन फ्यूल जैसे क्षेत्रों के कई बड़ी कम्पनियों ने 3700 करोड़ के निवेश प्रस्ताव सौंपे हैं।

इसके साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार ने आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नैसकॉम, इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन और द इंडस एंटरप्रेन्योर्स बैंगलोर के साथ महत्वपूर्ण एमओयू भी साइन किया है।

सम्मेलन में मुख्यमंत्री साय ने राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ निवेश ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बस्तर में निवेशकों के लिए अपार संभावनाएं

मुख्यमंत्री ने बताया कि बस्तर और सरगुजा को हमने सर्वाधिक औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन क्षेत्र के रूप में रखा है। यहां कोर सेक्टर प्रोत्साहन, आयरन और कोल रायल्टी में 50 से 100 प्रतिशत तक छूट है। सेस की प्रतिपूर्ति 150 प्रतिशत तक किये जाने का प्रावधान है। बस्तर में नगरनार स्टील प्लांट के पास ग्राम नियानार में हम 118 एकड़ में नये औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना करने जा रहे हैं इससे यहां बड़े पैमाने पर लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमों को स्थापना के अवसर मिलेंगे।

छत्तीसगढ़ को मिले निवेश के कई प्रस्ताव

- जीपीएसआर आर्या प्राइवेट लिमिटेड (सीबीआई ग्रीन फ्यूल सेक्टर) -1350 करोड़ का निवेश कर यह कंपनी बायोगैस और हरित ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देगी, जिससे राज्य में स्वच्छ ऊर्जा क्रांति आएगी।
- क्लेन पैक्स (टेक्सटाइल सेक्टर) -500 करोड़ के निवेश से यह कंपनी कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देगी और स्थानीय युवाओं के लिए रोज़गार के अवसर बढ़ाएगी।
- ब्रिटानिया (फूड प्रोसेसिंग सेक्टर) -200 करोड़ का निवेश कर यह कंपनी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को मजबूत करेगी, जिससे स्थानीय किसानों और छोटे उद्यमियों को लाभ होगा।
- कीन्स टेक्नोलॉजी (आईटी/आईटीईएस सेक्टर) -1000 करोड़ के निवेश से छत्तीसगढ़ के आईटी सेक्टर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे युवाओं को बड़े पैमाने पर रोज़गार मिलेगा।
- गोकुलदास एक्सपोर्ट्स और एसआरवी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

उत्तराखंड चारधाम: 5 दिन में 8 लाख तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, 10 दिन ज्यादा चलेगी यात्रा

उत्तराखंड चारधाम यात्रा के कपाट खोलने की तारीखों के ऐलान के साथ ही सरकार ने तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। 21 मार्च से शुरू चारधाम ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा 8 लाख के करीब पहुंच गया है। चारों धामों में दर्शन करने को भक्तों में काफी उत्साह है। श्रद्धालुओं के लिए एक गुड न्यूज यह भी है कि इस साल 2025 में 10 दिन ज्यादा यात्रा चलेगी। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं के पंजीकरण का आंकड़ा 747699 पहुंच गया है। मंगलवार शाम पांच बजे तक यमुनोत्री धाम के लिए 134376, गंगोत्री के लिए 138258, केदारनाथ के लिए 242038 और बदरीनाथ धाम के लिए 224493 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण करा लिया था।पिछले साल 2024 में चारधाम में दर्शन करने वाले भक्तजनों की संख्या 48 लाख रही थी। उम्मीद जताई जा रही है कि इस साल 2025 में चारों धामों में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा हो सकता है।

तीर्थ यात्रियों की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए उत्तराखंड सरकार भी तैयार है।

आपको बता दें कि विगत दिनों मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्च अधिकारियों से बैठक कर सख्त निर्देश दिए थे कि यात्रा से जुड़ी सभी तैयारियों को समय रहते पूरा कर लिया जाए। सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य पर सरकार का विशेष फोकस है।

चारधाम यात्रा के लिए आधार कार्ड अनिवार्य

अगर आप चारधाम पर जाने की सोच रहे हैं तो यह अपडेट आपके लिए बहुत जरूरी है। किसी भी फर्जीवाड़ा को रोकने के लिए सरकार ने आधार कार्ड को लिंक करना अनिवार्य करने की मांग की है। तीर्थ-पुरोहितों का कहना था कि ऐसा करने से यात्रा से जुड़ा फर्जीवाड़े पर लगाम लगाया जा सकेगा।

नया रिकार्ड बनने की संभावना

चारधाम यात्रा इस बार 10 दिन ज्यादा चलेगी। इस बार यात्रा 30 अप्रैल से शुरू होने जा रही है। पिछले साल यात्रा 10 मई से शुरू हुई। ऐसे में इस बार दर्शन का समय अधिक मिलने से श्रद्धालुओं की संख्या का एक नया रिकॉर्ड बनने की संभावना है।

ऐसे करें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

वेबसाइट registrationandtouristcare.uk.gov.in पर पंजीकरण कराया जा सकेगा। साथ ही मोबाइल ऐप touristcareuttarakhand पर भी पंजीकरण कराया जा सकेगा। हेलीकॉप्टर यात्रा के लिए हेली टिकट heliyatra.irctc.co.in पर बुक किए जा सकेंगे, इसके लिए बुकिंग अप्रैल पहले सप्ताह में शुरू होने की संभावना है। किसी भी समस्या के लिए टोल फ्री नंबर 0135-1364 पर श्रद्धालु 24 घंटे संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही टेलीफोन नंबर 01352559898 और 01352552627 पर भी संपर्क कर सकेंगे।

चारों धामों के कपाट खुलने की तारीख

उत्तराखंड में चारों धामों के कपाट खुलने की तारीखों का ऐलान हो चुका है। चारों धामों में से सबसे पहले उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के कपाट खोले जाएंगे। गंगोत्री-यमुनोत्री धामों के कपाट 30 अप्रैल को खोले जाएंगे। रुद्रप्रयाग जिले में स्थित भगवान 'भोले' को समर्पित केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे, बदरीनाथ धाम के कपाट 4 मई को खुलेंगे। हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खुलेंगे।

बर्फ को काटकर बना रहे रास्ता

केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले प्रशासन भी मुस्तैद हो गया है। धाम के यात्रा रूट पर बर्फहटाने का काम भी शुरू हो चुका है। बर्फको काटकर श्रद्धालुओं के लिए रास्ता बनाया जा रहा है। पैदल रूअ को दुरस्त करने के लिए बीआरओर की ओर से 50 से ज्यादा मजदूरों को काम पर लगाया गया है।

कुलगाम में ड्रग तस्कर के दो मंजिला मकान सीज

श्रीनगर(वार्ता)। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को कुलगाम जिले में एक कथित ड्रग तस्कर के दो, दो मंजिला मकान जब्त किया। पुलिस ने बताया कि काजीगुंड के नासु बदरागुंड निवासी ड्रग तस्कर रेयाज अहमद गनी की 1.5 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट की धारा 68 के प्रावधानों के तहत जब्त किया गया है।

वक्फ संशोधन विधेयक पर विपक्ष देश को कर रहा गुमराह

पटना(वार्ता)। बिहार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मंगल पांडेय ने कहा कि वक्फसंशोधन विधेयक-2024 पर विपक्ष देश की जनता को गुमराह कर रहा है। पांडेय ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस एक समुदाय विशेष के तुष्टिकरण के लिए महीनों के मंथन के बाद केंद्रीय कैबिनेट से स्वीकृत वक्फसंशोधन बिल का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने वक्फबोर्ड में बड़े संशोधन की तैयारी पूरी कर ली है। इसे सदन में पेश करने से पहले केंद्र सरकार ने सभी सांसदों की बैठक बुलाई, जिसमें इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि वक्फ विधेयक 2024, वक्फ अधिनियम 1995 में सुधार करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

अग्निशमन हेलीकॉप्टर दुर्घटना में पायलट की मौत

सोल(वार्ता)। दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में बुधवार को जंगल की आग से निपटने के दौरान अग्निशमन हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक पायलट की मौत हो गयी। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक हेलीकॉप्टर स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12:54 बजे राजधानी सियोल से करीब 180 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में उइसोंग की एक पहाड़ी पर उस समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जब वह जंगल की आग बुझाने का काम में जुटा था। घटना में पायलट की मौत हो गयी।

स्वास्थ्य क्रांति की अगुवा बनीं 10 लाख से अधिक जीविका दीदियां

पटना(वार्ता)। बिहार सरकार की जीविका परियोजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्यरत है। वर्ष 2006 में शुरू हुई इस योजना के तहत महिलाओं को विभिन्न प्रकार के कौशलों का प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्तमान में 10 लाख 12 हजार जीविका दीदियां स्वास्थ्य सेवाओं में अपना योगदान दे रही हैं। ये दीदियां स्वास्थ्य मित्र के रूप में कार्य कर रही हैं, जन औषधि केंद्र चला रही हैं और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

मिस्र, स्पेन ने गाजा में इजरायली सैन्य अभियान को किया खारिज

काहिरा(वार्ता)। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फत्तह अल-सीसी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने मंगलवार को गाजा पट्टी में चल रहे इजरायली सैन्य अभियानों को खारिज कर दिया। मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि फोन पर हुई बातचीत के दौरान उन्होंने तत्काल युद्ध विराम, गाजा पट्टी में इजरायली घुसपैठ को रोकने तथा मानवीय सहायता की तत्काल आपूर्ति की आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रपति सीसी ने फिलिस्तीनियों को उनकी भूमि से विस्थापित करने के किसी भी प्रयास के प्रति मिस्र के विरोध की पुष्टि की। स्पेन के प्रधानमंत्री सांचेज़ ने गाजा के पुनर्निर्माण के लिए अरब नेतृत्व वाली योजना का समर्थन किया और फिलिस्तीनियों के जबरन विस्थापन या उनके उद्देश्य को कमजोर करने के किसी भी कदम को अस्वीकार करने में मिस्र के साथ स्पेन की स्थिति को बताया है।

तुर्की पुलिस ने 1,400 से अधिक लोगों को किया गिरफ्तार

अंकारा(वार्ता)। तुर्की के आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने मंगलवार को कहा कि इस्तांबुल के मेयर एक्रेम इमामोग्लू की हिरासत के खिलाफपिछले सप्ताह शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद से तुर्की सुरक्षा बलों ने 1,418 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है।

ट्रंप ने फिर की भारत की वोटिंग प्रक्रिया की तारीफ

अमेरिका में मुश्किल है भारत की तरह चुनावी प्रक्रिया को बनाना!

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश की संघीय चुनाव प्रक्रिया को बदलने के लिए कार्यकारी आदेश जारी कर दिया है। अपने इस आदेश में ट्रंप ने कई बदलावों की बात कही है। खासकर मतदाताओं के सत्यापन से जुड़े नियमों में, वोट डालने की प्रक्रिया में, मतों को गिनने की प्रक्रिया में और वोटिंग के तरीकों पर। अमेरिकी राष्ट्रपति के इस आदेश को लेकर पूरी दुनिया में चर्चा जारी है। मजेदार बात यह है कि ट्रंप के इस एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में भारत का भी जिक्र है।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर ट्रंप अमेरिका की चुनाव प्रक्रिया में क्या बदलाव कराना चाहते हैं? इन बदलावों के पीछे उनका तर्क क्या है? ट्रंप ने अपने आदेश में भारत का जिक्र क्यों किया और वह किस प्रक्रिया को भारत की तर्ज पर करना चाहते हैं? इसके अलावा ट्रंप के लिए अमेरिका में ऐसा करना कितना मुश्किल होने वाला है? आइये जानते हैं...

चुनावी नतीजे आने में होती है देरी

जहां भारत में 140 करोड़ की आबादी के लिए अलग-अलग क्षेत्रों के हिसाब से वोटिंग के दिन निर्धारित होते हैं। वहीं, मतगणना का अधिकतर हिस्सा भी लगभग एक ही दिन में पूरा कर लिया जाता है। दूसरी तरफअमेरिका में बैलट पेपर की गिनती और पोस्टल बैलट के कई दिनों बाद तक मतगणना केंद्र में पहुंचने की वजह से कई राज्यों में वोटिंग कई दिनों और कभी-कभी हफ्तों तक जारी रहती है। 2024 के अमेरिकी चुनाव के दौरान कैलिफोर्निया में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला था।

गौरतलब है कि ट्रंप कई मौकों पर भारत की वोटिंग प्रक्रिया की तारीफकर चुके हैं। उनके हालिया कार्यकारी आदेश में भी भारत से प्रभावित होने की बात सामने आती है। ट्रंप ने आदेश में एक जगह पर भारत का जिक्र भी किया है। आदेश में भारत और ब्राजील को उन्नत मतदाता पहचान प्रणाली लागू करने वाले देशों के उदाहरण तौर पर दिखाया गया।

मतदाताओं को साबित करनी होगी अमेरिकी नागरिकता

ट्रंप की तरफ से जारी कार्यकारी आदेश में सबसे अहम आदेश मतदाताओं को लेकर है। इसमें कहा गया है कि संघीय चुनाव में मतदान का अधिकार सिर्फ 'अमेरिका के नागरिकों' को ही होना चाहिए। इसलिए गैर-अमेरिकियों की वोटिंग रुकवाने के लिए (जो कि पहले से ही अवैध है और इस पर आपराधिक मुकदमा और निर्वासन जैसी कार्रवाई की जा सकती हैं) अब आदेश के तहत मतदाताओं को वोटिंग के लिए पंजीकरण के दौरान अमेरिकी नागरिकता का दस्तावेजी सबूत मुहैया कराना होगा। इस दस्तावेज में पासपोर्ट शामिल हो सकता है।

आदेश में कहा गया है कि अमेरिका की सभी संघीय एजेंसियां, जैसे- डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी, सोशल सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन और विदेश मंत्रालय अपने डाटा को चुनाव अधिकारियों के साथ साझा करेंगे और राज्यों की चुनाव सूची में शामिल गैर-अमेरिकियों की पहचान में मदद करेंगे।

व्हाइट हाउस की तरफ से जारी आदेश में चुनाव सहायता आयोग (इलेक्शन असिस्टेंस कमीशन) से कहा गया है कि संघीय चुनाव में वोट करने के लिए लोगों को रजिस्ट्रेशन के वक्त सरकार की तरफसे जारी पहचान पत्र मुहैया कराना होगा। इसके अलावा राज्य और स्थानीय अधिकारियों से मतदाताओं के पहचान पत्र के आधार पर ही उनकी पूरी जानकारी सत्यापित करने के लिए कहा गया है।

वामपंथी पार्टियां 21वीं सदी में प्रवेश करेंगी : शशि थरूर

तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने बुधवार को केरल की वामपंथी पार्टियों पर तीखा तंज कसा। शशि थरूर ने कहा कि वामपंथी पार्टियां एक दिन 21वीं सदी में जरूर प्रवेश करेंगी, लेकिन ये 22वीं सदी में ही हो सकता है। शशि थरूर का यह बयान मंगलवार को केरल विधानसभा में पारित हुए केरल स्टेट प्राइवेट यूनिवर्सिटीज विधेयक 2025 को लेकर आया है। जिसके तहत केरल में अब निजी विश्वविद्यालय भी स्थापित हो सकेंगे। वामपंथी पार्टियां लंबे समय से इसका विरोध कर रहीं थी।

कांग्रेस सांसद ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि तो केरल की एलडीएफ सरकार ने आखिरकार सही चीज की है और राज्य में निजी विश्वविद्यालयों को खोलने की इजाजत दे दी है। हमेशा की तरह, यह फैसला 15-20 की देरी से आया है, जो कि अक्सर 19वीं सदी की सोच वाले लोगों के साथ होता है।' थरूर ने लिखा कि 'मत भूलिए, जब भारत में पहली बार कंप्यूटर्स आए थे, तो वामपंथी गुंडे उन्हें तोड़ने के लिए सरकारी कार्यालयों में घुस गए थे।' थरूर यहीं नहीं रुके और कहा कि 'देश में मोबाइल और टेलीफोन का विरोध करने वाली भी यही वामपंथी पार्टी थी। उन्हें ये समझने में वर्षों लग गए कि इनके असल लाभार्थी आम आदमी ही हैं, जिनके लिए बोलने का ये दावा करते हैं। थरूर ने वामपंथी पार्टियों पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि 'मुझे यकीन है कि एक दिन ये लोग 21वीं सदी में जरूर प्रवेश करेंगे, लेकिन ये 22वीं सदी में ही होगा।' गौरतलब है कि सोमवार और मंगलवार को केरल स्टेट प्राइवेट यूनिवर्सिटीज विधेयक 2025 पर केरल विधानसभा में विस्तृत चर्चा हुई और इसके बाद विधेयक को मंजूरी दे दी गई। केरल विधानसभा में नेता विपक्ष वीडी सतीशन ने विधेयक को लेकर सुझाव दिया कि निजी विश्वविद्यालयों को स्थापित करते समय राज्य में उन्हीं विश्वसनीय व्यवसायिक शिक्षा एजेंसियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जो वर्षों से राज्य में संचालन कर रही हैं।

सड़कों और छतों पर नमाज की अनुमति नहीं

संभल। संभल में ईद और अन्य धार्मिक आयोजनों को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। एएसपी श्रीश्चंद ने स्पष्ट किया कि कोतवाली संभल क्षेत्र में मस्जिद और ईदगाह के अंदर ही नमाज अदा की जाएगी। सड़कों पर किसी भी हालत में इसकी अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि परंपरागत रूप से नमाज मस्जिद या ईदगाह के अंदर ही अदा की जाती रही है और नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने और नियमों का पालन करने की अपील की है। संभल में संवेदनशील माहौल को ध्यान में रखते हुए, प्रशासन ने ईद, नवरात्र के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक बुलाई। बैठक में दोनों समुदायों के प्रमुख लोग शामिल हुए। इस दौरान एएसपी श्रीशचंद्र, एसडीएम वंदना मिश्रा और सीओ अनुज चौधरी ने लोगों को शांति बनाए रखने का संदेश दिया। मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने घर की छतों पर नमाज पढ़ने की अनुमति मांगी, जिस पर प्रशासन ने साफ इनकार कर दिया। एएसपी श्रीशचंद्र ने कहा कि सड़कों पर और घर की छतों पर अलविदा जुमा और ईद की नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं होगी।

रूस, यूक्रेन संघर्ष को खत्म करना चाहते हैं: ट्रम्प

वाशिंगटन(वार्ता)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को विश्वास व्यक्त किया कि रूस और यूक्रेन दोनों संघर्ष को समाप्त करना चाहते हैं। रियाद में अमेरिका और यूक्रेन के बीच एक और वार्ता हुयी। रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव ने कहा कि दोनों पक्षों ने रूसी और यूक्रेनी ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर किये गये किसी भी तरह के हमले पर प्रतिबंध लगाने पर सहमति व्यक्त की है।

कामरा ने वित्त मंत्री को घेरा, सैलरी चुराने साड़ी वाली दीदी आई...

नई दिल्ली। स्टैंड अप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने अब केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर तंज कसा है। उन्होंने बुधवार को एक वीडियो शेयर किया, जहां वह एक गाने के जरिए वित्त मंत्री को 'निर्मला ताई' बुला रहे हैं और नीतियों पर सवाल उठा रहे हैं। खास बात है कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर टिप्पणी को लेकर विवाद गहरा गया था। करीब डेढ़ मिनट के वीडियो में कामरा ने जोक किया, 'आपका टैक्स का पैसा हो रहा है हवा हवाई। इन सड़कों की बर्बादी करने सरकार है आई। मेट्रो है इनके मन में खोद कर कर लें अंगड़ाई।

ट्रैफिक बढ़ाने ये है आई, ब्रिजेस गिराने ये है आई। कहते हैं इसको तानाशाही।'

उन्होंने आगे कहा, '...देश में इतनी महंगाई सरकार के साथ है आई। लोगों की लूटने कमाई साड़ी वाली दीदी आई। सैलरी चुराने ये है आई। मिडिल क्लास दबाने ये है आई। पॉपकॉर्न खिलाने ये है आई। कहते हैं इसको निर्मला ताई।'

पुलिस ने किया तलब

मुंबई में डिप्टी सीएम शिंदे पर टिप्पणी के मामले में कामरा को पुलिस ने फिर से तलब किया है। इससे पहले भी उन्हें मंगलवार को नोटिस जारी किया गया था। उन्होंने रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में बगैर नाम लिए 'गद्दार', 'ठाणे का रिक्शा' जैसी टिप्पणियां की थीं। शिवसेना की तरफसे उन्हें धमकियां भी दी जा रही हैं।

इस कार्यक्रम के बाद शिवसेना कार्यकर्ताओं ने हैबिटेट स्टूडियो में जमकर तोड़फोड़ की थी।

बिरला की नसीहत–विपक्ष के नेता से नियमों के पालन की अपेक्षा

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी को सख्त हिदायत दी। उन्होंने कांग्रेस नेता से सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए नियमों का पालन करने को कहा। हालांकि, अब तक यह साफ नहीं हो पाया है कि अध्यक्ष ने यह टिप्पणी क्यों की। इस पर राहुल की ओर से भी प्रतिक्रिया दी गई। राहुल ने कहा कि मैंने तो कुछ भी नहीं बोला, मैं तो चुपचाप बैठा था। विपक्ष को बोलने ही कहा दिया जाता था। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे सदन के उच्च मानकों और गरिमा को बनाए रखने के लिए ऐसा आचरण करें। अध्यक्ष ने कहा, 'मेरे संज्ञान में कई ऐसे मामले आए हैं, जहां सदस्यों का आचरण मानकों के अनुरूप नहीं है।' उन्होंने कहा, 'इस सदन में पिता और पुत्री, माता और पुत्री, पति और पत्नी सदस्य रहे हैं। इस संदर्भ में मैं विपक्ष के नेता से

अपेक्षा करता हूं कि वे नियम 349 के अनुसार आचरण करें, जो सदन में सदस्यों द्वारा पालन किए जाने वाले नियमों से संबंधित है।' लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, 'आपसे सदन की मर्यादा और शालीनता के उच्च मानदंडों को बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है। मेरी जानकारी में ऐसे कई मामले हैं, जब सांसदों का आचरण सदन की मर्यादा और परंपराओं के उच्च मानदंडों को बनाए रखने के अनुरूप नहीं था। पिता, पुत्री, माता, पत्नी और पति इस सदन के सदस्य रहे हैं। इसलिए इस संदर्भ में मैं विपक्ष के नेता से नियमों के अनुसार आचरण करने की अपेक्षा करता हूं। विपक्ष के नेता से विशेष रूप से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपना आचरण बनाए रखें।'

राहुल गांधी ने क्या कहा?

इतना कहकर सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इस दौरान सदन से बाहर आए लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, 'एक कन्वेंशन है कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने दिया जाता है। मैं जब भी खड़ा होता हूं तो मुझे बोलने नहीं दिया जाता। मैं नहीं जानता कि सदन किस प्रकार चल रहा है। यहां हम जो कहना चाहते हैं, हमें कहने नहीं दिया जाता है। मैंने कुछ नहीं किया, मैं बिल्कुल शांति से बैठा था। लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष की जगह होती है, लेकिन यहां विपक्ष की कोई जगह नहीं है। यहां केवल सरकार की जगह है। उस दिन प्रधानमंत्री मोदी ने कुंभ मेले के बारे में बोला, जिसमें मैं अपनी बात जोड़ना चाहता था। मैं बेरोजगारी के बारे में कुछ कहना चाहता था लेकिन मुझे नहीं बोलने दिया गया...।'

पलटवार | *कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और कांग्रेस की सीएम योगी ने की तीखी आलोचना*

'आंबेडकर के संविधान का अपमान', योगी की शिवकुमार को खरीखरी

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और कांग्रेस पार्टी की तीखी आलोचना की। उन्होंने कर्नाटक में धर्म-आधारित आरक्षण को लेकर संवैधानिक परिवर्तनों पर शिवकुमार की हालिया टिप्पणियों को बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की विरासत का सीधा अपमान बताया। इसके अलावा उन्होंने दक्षिण भारतीय राज्यों में हिंदी को लेकर मचाए गए बेवजह के बवाल को वोट बैंक की राजनीति करार दिया। एएनआई के साथ एक विशेष साक्षात्कार में सीएम आदित्यनाथ ने

शिवकुमार की संविधान बदलने वाली टिप्पणी को संविधान का अपमान करार दिया। उन्होंने बताया कि संविधान के निर्माण के दौरान आंबेडकर ने धर्म-आधारित आरक्षण को खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा, 'कर्नाटक सरकार की ओर से धर्म के आधार पर आरक्षण देना बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान का अपमान है। संविधान सभा में चर्चा के दौरान धर्म-आधारित आरक्षण का मुद्दा उठाया गया था और बाबासाहेब ने इसका विरोध किया था।'

'संविधान सभा के प्रत्येक सदस्य ने धर्म-आधारित आरक्षण का विरोध किया'

मुख्यमंत्री ने कहा, 'बाबासाहेब ने कहा था कि आरक्षण उन लोगों को सामाजिक रूप से दिया जाना चाहिए, जो वर्षों से अछूते रहे हैं। इसीलिए भारत के संविधान ने उनके लिए विशेष प्रावधान किए। संविधान सभा के प्रत्येक सदस्य ने धर्म-आधारित आरक्षण का विरोध किया, क्योंकि 1947 में देश धार्मिक आधार पर विभाजित हुआ था।'

'कांग्रेस को उसके चरित्र के बारे में सच्चाई बताई जानी चाहिए'

कांग्रेस की विचारधारा को शिवकुमार से जोड़ते हुए आदित्यनाथ ने कहा, 'कांग्रेस ने जो कुछ भी किया है, डीके शिवकुमार उसे दोहरा रहे हैं। कांग्रेस को उसके चरित्र के बारे में सच्चाई बताई जानी चाहिए। जब उसने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर का अपमान किया, उसने संविधान में कितने संशोधन किए और 1976 में उसने क्या किया।'

कांग्रेस पर आंबेडकर के दृष्टिकोण को बार-बार कमजोर करने का आरोप

उन्होंने कांग्रेस पर आंबेडकर के दृष्टिकोण को बार-बार कमजोर करने का आरोप लगाया और कहा, '1952 से कांग्रेस ने भीमराव आंबेडकर के संविधान में हस्तक्षेप किया है।' भाजपा की नीतियों के साथ तुलना करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस ने तीन तलाक का समर्थन किया था, जबकि यह मोदी सरकार थी, जिसने इस प्रथा को समाप्त किया। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस महिला सशक्तिकरण की बात करती थी, लेकिन तीन तलाक का समर्थन करती थी। पीएम मोदी ने इसे समाप्त कर महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण पेश किया।'

लोक कला साहित्य व समाज सेवा पर भोजराम, प्रभा व गुलाल को मिलेगा बिलासा कला सम्मान

तीन दिवसीय 35 वां बिलासा लोककला महोत्सव 29 से, गीत, संगीत, नृत्य पर झूमेंगे दर्शक

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासा कला मंच द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित बिलासा महोत्सव आगामी 28, 29 एवं 30 मार्च लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान, शनिचरी, बिलासपुर आयोजित किया जाएगा। बिलासा कला मंच बिलासपुर के संस्थापक डा. सोमनाथ यादव ने बताया कि विगत 34 वर्ष से लगातार लोक संस्कृति पर आधारित तीन दिवसीय बिलासा लोककला महोत्सव में 28 मार्च को लोक कला पर केंद्रित राष्ट्रीय संगोष्ठी होगा।

वहीं 29 एवं 30 मार्च को रात 7 बजे से बिलासा महोत्सव आयोजित होगा। 29 मार्च को मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल विधायक बिलासपुर होंगे। अध्यक्षता पूजा विधानी महापौर नगर निगम बिलासपुर करेंगी। वही विशिष्ट अतिथि के तौर पर विनोद सोनी सभापति नगर निगम बिलासपुर उपस्थित रहेंगे। लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में आयोजित महोत्सव में कार्यक्रम के साथ लोक कला, साहित्य, समाज सेवा पर बिलासा सम्मान दिया जाएगा जिसमें बिलासा कला सम्मान से भोजराम पटेल, तखतपुर और प्रभा कटारे रायपुर को बिलासा साहित्य सम्मान से गुलाल वर्मा रायपुर को बिलासा सेवा सम्मान से नीरज गेमनानी संचालक शांता फाउंडेशन बिलासपुर प्रदान किया जाएगा। बिलासा महोत्सव में विभिन्न लोक कला मंडली द्वारा गीत, संगीत, नृत्य के कार्यक्रम होंगे, जिसमें छाऊ नृत्य पश्चिम बंगाल, बारहमासी सुश्री प्रभा कटारे रायपुर तथा हिलेंद्र ठाकुर बिलासपुर द्वारा गीत,संगीत, नृत्य के साथ राधेश्याम कौशिक तखतपुर द्वारा गम्मत की प्रस्तुति दी जाएगी। बिलासा महोत्सव में 30 मार्च को मुख्य अतिथि अरूण साव उपमुख्य मंत्री होंगे अध्यक्षता श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य मंत्री छ.ग. शासन करेंगे। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा तथा राजेश सूर्यवंशी अध्यक्ष जिला पंचायत बिलासपुर उपस्थित रहेंगे।

तरुण, तृप्ति व सुरेश को मिलेगा बिलासा सेवा सम्मान

कार्यक्रम में बिलासा कला सम्मान से तरुणा साहू राजनांदगांव और सुश्री तृप्ति ओग्रे चकरभाठा, बिलासा साहित्य सम्मान से सुरेश सिंह बैंस बिलासपुर तथा बिलासा सेवा सम्मान से श्रीराम रसोई बिलासपुर और विनोद पांडेय बिलासपुर को प्रदान की जाएगी। बिलासा महोत्सव में नटवा नृत्य झारखंड, तरुणा साहू राजनांदगांव द्वारा पंडवानी गायन लालजी श्रीवास बिलासपुर द्वारा गीत, नृत्य, संगीत और स्वराज कला मंच द्वारा विवाह गीत की प्रस्तुति की जाएगी।

■ न्यूज गैलरी

अर्शदीप का एनसीसी विंग कैडेट में चयन

तखतपुर/नवप्रदेश। शासकीय जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर के एनसीसी विंग के कैडेट अर्शदीप लहरे का आर्मी सप्लाई कोर (एएससी) में चयन हो गया है। उसकी लिखित एवं शारीरिक परीक्षा बेंगलुरु में आयोजित हुई थी जिसमें कल जारी अंतिम सूची में उसका चयन हो गया है। अगले माह उसे बेंगलुरु के आर्मी सर्विसेज में ज्वाइन करना होगा। ज्ञात हो कि यह इस वर्ष का शासकीय जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर का आर्मी में 13 वां सिलेक्शन है। उनकी इस उपलब्धि पर 7 छग बटालियन एनसीसी बिलासपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अमिताभ श्रीवास्तव, एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव कुमार राय, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद दुबे, महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. विपिन अग्रहरि सहित समस्त स्टाफ स्वजनों एवं मित्रो ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

एनएसयूआई छात्र नेताओं ने डीपी विप्र महाविद्यालय प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

स्वशासी के तहत आयोजित परीक्षा और परिणामों की वैधता पर उठाए सवाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने बुधवार को डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर के प्रबंधन को एक ज्ञापन सौंपकर 1180 छात्र-छात्राओं के भविष्य से जुड़े गंभीर सवाल उठाए। संगठन ने महाविद्यालय प्रशासन द्वारा स्वशासी (ऑटोनॉमस) स्थिति के दावे के तहत आयोजित परीक्षा और घोषित परिणामों की वैधता पर सवाल खड़े किए हैं। एनएसयूआई ने प्रबंधन को 5 दिनों का अल्टीमेटम दिया है, जिसमें स्थिति स्पष्ट करने की मांग की गई है, अन्यथा महाविद्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी गई है।

एनएसयूआई का कहना है कि महाविद्यालय प्रशासन ने हाल ही में स्वयं को स्वशासी घोषित करते हुए परीक्षा आयोजित की और परिणाम घोषित किए, जबकि यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने महाविद्यालय को स्वशासी का दर्जा नहीं दिया है और न ही परीक्षा आयोजन के लिए कोई दिशा-निर्देश जारी किया है। विश्वविद्यालय ने इस परीक्षा को अमान्य घोषित करते हुए कॉपियों की जांच करने वाले चेकर्स के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी थी। इसके बावजूद, महाविद्यालय ने परिणाम जारी कर दिए, जिससे छात्रों में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। इस मौके पर एनएसयूआई के कई छात्रनेता एवं अध्ययनरत छात्र मौजूद रहे। महाविद्यालय प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। यह मामला अब स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है, और छात्र समुदाय अगले कदम का इंतजार कर रहा है। इन सब विषय पर ज्ञापन लेने से पहले तो महाविद्यालय प्रशासन हिचकिचा रही थी बाद में दबाव बढ़ने पर बड़ी मुश्किल से ज्ञापन लेते हुए बोले कि मामला न्यायालय में है 1 तारीख को फैसला आ जाएगा बाकी कुछ बोलने और छात्रहित के मुद्दे पर बोलने से बचते हुए दिखे डीपी विप्र महाविद्यालय प्रशासन, ज्ञापन सौंपते हुए छात्रनेता करन यादव, सुमित ठाकुर, अंशु गोस्वामी, बिट्टू पाठक, प्रदीप सिंह, अभिषेक, हर्ष,सोनू सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

5 दिनों में लिखित जवाब मांगा

ज्ञापन सौंपते हुए एनएसयूआई के छात्रनेता पुष्पराज साहू ने कहा छात्रों के सामने यह सवाल है कि उनके परिणाम और सर्टिफिकेट वैध हैं या नहीं। महाविद्यालय प्रशासन ने सैकड़ों छात्रों के भविष्य को दांव पर लगा दिया है। संगठन ने प्राचार्य से 5 दिनों के भीतर लिखित जवाब मांगा है, जिसमें परिणामों की वैधता, भविष्य की जिम्मेदारी और न्यायालय के फैसले के नकारात्मक होने की स्थिति में कदमों को स्पष्ट करने की मांग की गई है।

मोदी की सभा को लेकर अमर ने ली बिलासपुर विधानसभा की बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 30 मार्च को प्रस्तावित बिलासपुर प्रवास कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। प्रधानमंत्री बिलासपुर में रेलवे, एनटीपीसी एवं राज्य सरकार के विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

कार्यक्रम में बिलासपुर संभाग सहित पूरे प्रदेश भर से लगभग 2 लाख लोगों की जुटने का अनुमान है खास कर बिलासपुर जिले से एक लाख लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है। जिले में विधानसभा स्तर पर विधायकों और प्रमुख पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप कर जिम्मेदारी दे दी गई है। इसी तारतम्य में आज जिला भाजपा कार्यालय में विधायक अमर अग्रवाल ने विधानसभा बिलासपुर की बैठक बुलाई जिसमें संगठन के प्रमुख पदाधिकारी और पार्षदों को बुला कर वार्डवार दायित्व सौंपे गए। सभा स्थल पर लोगों को ले जाने के लिए साधनों की व्यवस्थापन एवं उनके लिए समुचित सुविधा उपलब्ध कराने की बात कहीं गई। अमर अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के गाइड लाइन का परिपालन करते हुए प्रशासन ने जिस तरह की व्यवस्था बनाई है उसके साथ तालमेल बिठाकर हमें कार्य करना है। सभा स्थल में एंट्री और एक्जिट पॉइंट को ध्यान में रखे जिससे लोगों को असुविधा ना हो।

लव जिहाद और धर्मांतरण पर कठोर कार्रवाई करने की मांग

■ **खुले में मांस विक्रय को प्रतिबंधित करने सभी शहरों में स्थान निर्धारित किया जाए**

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में धर्मान्तरण बड़े पैमाने पर जारी है। बहुत से लोग किसी लालच, प्रलोभन या छलकपट से धर्मान्तरित हो रहे है। वो अपनी पत्नी, परिवार समाज पर भी धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाते है जिसके कारण परिवार टूट रहे है और सामाजिक विद्वेष बढ़ रहा है।

बुधवार को हिंदू संगठनों से जुड़े महेंद्र जैन, राम सिंह, राजीव शर्मा, राजा शर्मा, अभिषेक चौबे, यतींद्र मिश्र सहित अन्य हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोगों ने पत्रकारों से चर्चा कर ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईसाई समाज द्वारा जगह-जगह बड़े बड़े आयोजन एवं सभाएं कर भोले माले लोगों को बहलाकर फुसलाकर धर्मान्तरित किया जा रहा है। वन्दे मातरम् मित्र मण्डल लगातार पुलिस प्रशासन से इसे रोकने निवेदन कर रहा है लेकिन कानून में धर्मान्तरण रोकने प्रभावी प्रावधान न होने के कारण प्रशासन मी समुचित कार्रवाई करने में असमर्थ है। लव जेहाद की घटनाएं भी लगातार बढ़ रही है। हिन्दू बेटियाँ इन जेहादियों का शिकार हो रहीं है जो नादान बेटियों को अपने मायाजाल में फंसाकर उनका शारीरिक एवं मानसिक शोषण कर उनका धर्म परिवर्तन करा कर शादियां कर रहे हैं। अपना स्वार्थ सिद्ध होने के उपरांत उन्हें शारीरिक यातनाएं देते हैं जिसके बाद अनेक बेटियों की हत्याएं भी हो रही है।उन्होंने जानकारी दी कि पिछ्ले साढे तीन वर्षों में अनेक बेटियों को लव जेहाद का शिकार होने से बचाया गया है एवं उनके विवाह संपन्न कराये गए हैं।

धर्मांतरण कराने पर मृत्युदंड का हो प्रावधान

वन्दे मातरम् मित्र मण्डल का अनुरोध है कि धर्मान्तरण एवं लव जेहाद पर कठोर कानून बनाने हेतु बिल लाने की की मांग की जिसमें मृत्यु दंड का प्रावधान हो, जिससे प्रदेश के हिन्दुओं को इन जेहादियों की कुटिल चालों से मुक्ति मिल सके एवं हिन्दुओं में सुरक्षा एवं सम्मान का भाव बना रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लगभग सभी शहरों में जगह-जगह मांस की दुकानें संचालित है एवं खुले मे मांस बेचा जाता है, जिससे आम जनता खास तौर पर शाकाहारी लोगों की भावनाएं आहत होती है। इसलिए मांस विक्रय हेतु जहां स्थान निर्धारित नहीं है वहां स्थान निर्धारित किया जाय और वहीं पर मांस विकय होवे इसका कठोरता से पालन कराया जाए।

न्यायाधीश परीक्षा के परिणाम जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा छत्तीसगढ़ उच्चतर न्यायिक सेवा (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम, 2006 के नियम 5(1) (सी) के अंतर्गत जिला न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) 2023 सीधी भर्ती हेतु आयोजित लिखित परीक्षा दिनांक 10/11/2024 के परिणाम की घोषणा कर दी गई है। उक्त परीक्षा के परिणाम छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर की वेबसाईट https://highcourt.cg.gov.in पर उपलब्ध है।

पीएम मोदी के आगमन से पहले तीन दिनों में तीन काम रक्तदान, पौधरोपण व श्रमदान

■ **केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के मार्गदर्शन में आयोजन**

■ **मोदी की योजनाओं पर रचनात्मक वीडियो बनाए जा रहे**

बिलासपुर/नवप्रदेश। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिलासपुर आगमन के अवसर पर, उनके स्वागत एवं सम्मान में जीवन संस्कार सेवा समिति एवं विभिन्न संगठनों के युवाओं द्वारा प्रेरणादायक सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह पहल आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री एवं बिलासपुर सांसद तोखन साहू के मार्गदर्शन में हो रही है। इस अभियान के तहत रक्तदान, वृक्षारोपण एवं श्रमदान जैसे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के साथ-साथ प्रधानमंत्री की लोककल्याणकारी योजनाओं पर जागरूकता बढ़ाने हेतु रचनात्मक वीडियो भी बनाए जा रहे हैं। इन वीडियो में मां महामाया रतनपुर, मरही माता, मल्हार स्थित डिडेंश्वरी मंदिर, ताला गांव, मदकुदीप सहित छत्तीसगढ़ के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों को शामिल किया गया है। **कार्यक्रम विवरण-** रक्तदान शिविर 27 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जी.जी.यू गेट, कोनी। दूसरा पौधरोपण एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम 28 मार्च को सुबह 7 बजे से 9 बजे तक हरियर ऑक्सीजन जोन, सेंदरी और 3. श्रमदान - स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 29 मार्च को सुबह 7.30 बजे से 9. 30 बजे तक मां महामाया मंदिर (तालाब परिसर) में किया गया है। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे संकल्पों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। हम सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि वे इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लें और प्रधानमंत्री के स्वागत को ऐतिहासिक बनाएं।

युवावों को साथ लेकर मस्तूरी क्षेत्र में बहाएंगे विकास की धाराः नितेश

सीपत/नवप्रदेश। समीप के ग्राम राक में सीपत ब्लॉक यूथ कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष प्रितेश पनौरे के नेतृत्व में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मस्तूरी जनपद उपाध्यक्ष नितेश सिंह शामिल हुए। सीपत यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष प्रितेश पनौरे के नेतृत्व में उपाध्यक्ष नितेश सिंह का फूलमाला से जोरदार स्वागत किया गया। उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि युवावों को साथ लेकर क्षेत्र में विकास की धारा बहाएंगे और मस्तूरी को प्रदेश में एक नई पहचान दिलाएंगे। इस दौरान मुख्य रूप से विक्रम प्रताप सिंह सरपंच ग्राम पंचायत रॉक ओम प्रकाश बंजारे पूर्व विधायक प्रत्याशी जयजयपुर विधानसभा विशिष्ट अतिथि देवी कुर्रे जनपद सदस्य प्रतिनिधि राजू सूर्यवंशी उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस ग्रामीण बिलासपुर, रेवाशंकर साहू जनपद सदस्य, साहिल मधुकर सरपंच सरगवा, रूपचंद रात्रे सरपंच देवरी, शैलेन्द्र कुमार सरपंच प्रतिनिधि रलिया, अश्वनी पटेल उपसरपंच रलिया, सुनील कुमार मीडिया संयोजक मस्तूरी, सुरेंद्र राठौर उपसरपंच प्रतिनिधि रॉक, द्वारिका लस्कर जिला महासचिव युवा कांग्रेस, विनोद राठौर, केदार सूर्यवंशी, मनोज सूर्यवंशी, गंगाधर, दिनेश कुमार, रितेश अंचल, अविनाश भाई, प्रतीक सूर्या, अखिलेश राठौर, चमन सिंह बर्मन, आलोक सिदार, निखिल भट्ट, आदर्श यादव, संजू खरे, जय ठाकुर, हिमांशु डोंगरे, अभय सहित बड़ी संख्या में युवा संगठन के लोग उपस्थित रहे।

जनपद उपाध्यक्ष नितेश का जोरदार स्वागत

अपोलो ने कोलोरेक्टल कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम किया शुरु

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत में कोलोरेक्टल कैंसर के बढ़ते मामलों के बीच अपोलो कैंसर सेंटर्स ने कॉल फिट नामक एक व्यापक कोलोरेक्टल कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम आरंभ किया है। भारत में कोलोरेक्टल कैंसर के मामलों में वृद्धि को देखते हुए अपोलो कैंसर सेंटर्स ने कॉल फिट नामक एक स्क्रीन प्रोग्राम को, जो कोलोरेक्टल कैंसर की शुरुआती चरण में ही पता लगाने और उसके रोकथाम के लिए डिजाइन किया गया है, देशभर में लॉन्च किया है। इस पहल का उद्देश्य जीवन प्रत्याशा की दर सुधार व उपचार की लागत को कम करना, और रोग के प्रति भ्रांतियां एवं भय की चिंताजनक स्थिति को संबोधित करना है। कोलोरेक्टल कैंसर आरंभिक चरणों में ही डायग्नोज किए जाने पर रोक जा सकते व उपचार योग्य है।

विमोचन

मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित

बिलासपुर मंडल दर्पण ई-पत्रिका के 11 वें अंक का मंडल रेल प्रबंधक ने किया विमोचन

बिलासपुर/नवप्रदेश। मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक आज संपन्न हुई। बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश कुमार देवांगन, अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी चंद्रभूषण एवं समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

उक्त बैठक में रेलवे बोर्ड के मानक कार्यसूची के अनुसार पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अक्टूबर-दिसम्बर 2024 तिमाही में हुई राजभाषा प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक के करकमलों से बिलासपुर मंडल दर्पण ई-पत्रिका के 11 वें अंक का विमोचन किया गया। अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी विभागों में राजभाषा की प्रगति संतोषजनक है। उन्होंने यह भी कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन का मुख्य लक्ष्य प्रेरणा एवं प्रोत्साहन है। अधिकारीगण स्वयं हिंदी में अधिकाधिक काम करें एवं अपने अधीनस्थों को हिंदी में काम करने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करें।

हिन्दी में काम करना बहुत सरल: खोईवाल

समिति के अध्यक्ष एवं मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल ने कहा कि हिंदी में काम करना बहुत ही सरल है, इसके लिए सार्थक प्रयास करें। हमारा मंडल 'क' क्षेत्र में स्थित है इसलिए राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में हमारा अनुपालन का उत्तरदायित्व अन्य क्षेत्रों की तुलना में अधिक है। हम सब इस उत्तरदायित्व का सामूहिक रूप से निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। बैठक का संचालन प्रभारी राजभाषा अधिकारी एवं सहायक कार्मिक अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने किया।

सुविचार

खुश रहना चाहते हो तो किसी मूर्ख को अपना दोस्त न बनाओ और सच्चे दोस्त को मूर्ख न बनाओ। - अज्ञात

बिहार को लेकर कांग्रेस दुविधा में

बिहार विधानसभा चुनाव में अब छह महीने का ही समय शेष रह गया है। एनडीए चुनावी रणनीति बनाने के लिए बैठक कर रहा है। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाले महागठबंधन में भी चुनावी रणनीति तय करने की कवायद चल रही है। इस बीच कांग्रेस पार्टी ने भी बिहार विधानसभा चुनाव पर मंथन करना शुरू कर दिया है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने नई दिल्ली में आयोजित कांग्रेस की बैठक में महागठबंधन के साथ मिलकर ही चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है। जबकि कांग्रेस ने पूर्व में ऐसे संकेत दिये थे कि वह महागठबंधन से अलग होकर अकेले अपने बल बूते पर चुनाव मैदान में उतरेगी। कांग्रेस हाईकमान ने इसी उद्देश्य को लेकर युवा नेता कन्हैया कुमार को बिहार में यात्रा करने की अनुमति दी थी। कन्हैया कुमार ने बेरोजगारी की समस्या और बिहार के लोगों के पलायन को मुद्दा बनाकर अपनी यात्रा शुरू भी कर दी है। गौरतलब है कि कन्हैया कुमार को राष्ट्रीय जनता दल के संस्थापक लालू यादव और उनके पुत्र तेजस्वी यादव कतई पसंद नहीं करते। वे यह नहीं चाहते कि कन्हैया कुमार बिहार की राजनीति में सक्रिय हों। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान भी कांग्रेस ने कन्हैया कुमार को बिहार की किसी लोकसभी सीट से चुनाव लड़ाने का मन बनाया था लेकिन लालू यादव और तेजस्वी यादव ने इसका विरोध किया। नतीजतन कांग्रेस को अपना फैसला वापस लेना पड़ा। इसी तरह पप्पू यादव को भी कांग्रेस लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी बनाना चाहती थी कि लेकिन लालू यादव की आपत्ति के कारण पप्पू यादव को कांग्रेस ने टिकट नहीं दी इसलिए वे निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे और जीत भी गये। पप्पू यादव भले ही निर्दलीय सांसद हैं लेकिन कांग्रेस के साथ उनकी नजदीकियां बनी हुई है। क्योंकि उनकी पत्नि कांग्रेस में हैं और राज्यसभा सदस्य हैं। पप्पू यादव और कन्हैया कुमार दोनो ही यह चाहते रहें हैं कि कांग्रेस राष्ट्रीय जनता दल जैसी क्षेत्रीय पार्टी की पिछलग्गू बनकर न रहे और इस बार बिहार में वह अकेले चुनाव लड़े। कांग्रेस हाईकमान ने राष्ट्रीय जनता दल के विरोध को नजर अंदाज करते हुए कन्हैया कुमार को बिहार में सक्रिय करके यह संकेत दिया था कि वह इस बार महागठबंधन से अलग होकर अपनी खिचड़ी अलग पकाएगी। किन्तु अब बिहार कांग्रेस के ही नेता हाईकमान को यह सुझाव दे रहे हैं कि वह महागठबंधन के साथ रहकर ही चुनाव लड़े। नतीजतन कांग्रेस पशोपेश में पड़ गई है। गौरतलब है कि कांग्रेस इस बार बिहार विधानसभा चुनाव में लगभग 100 सीटों पर अपना दावा कर रही है। जबकि राष्ट्रीय जनता दल कांग्रेस को पिछले बार दी गई 70 सीटों से भी कम सीटें देने का मन बना चुका है। बिहार के महागठबंधन में सीटों के बटवारे करे लेकर भी राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस में रस्सा कसी चल रही है और संभवतः कांग्रेस राष्ट्रीय जनता दल पर दबाव बनाने के लिए ही महागठबंधन से अलग होने की चेतावनी दे रही थी। किन्तु अब लगता है कि दोनों के बीच कोई समझौता होने जा रहा है। दरअसल राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस दोनों को ही एनडीए विरोधी वोटों के बंटवारे का डर सता रहा है। खासतौर पर अल्पसंख्यकों के वोटों का बंटवारा दोनों के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। ऐसी स्थिति में एनडीए को फायदा हो सकता है क्योंकि अलपसंख्यकों के वाटों पर नीतीश कुमार का भी अच्छा खासा प्रभाव है। यही वजह है कि कांग्रेस अब महागठबंधन में ही बने रहने का मन बना रही है। देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस को महागठबंधन में कितनी सीटें मिलती है और क्या वह इनसे संतुष्ट होती है या फिर नाराज होकर एकला चलो रे की नीति पर अमल करती है।

दिल्ली में महिला समृद्धि योजना पर मुहर

नई दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जो एक लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। उसमें भाजपा के चुनावी वादे को पूरा करने के लिए महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रूपये आबंटित किये गये हैं। इस तरह महिला समृद्धि योजना पर अब नई दिल्ली सरकार ने सहमति की मुहर लगा दी है। गौरलतब है कि महिला सशक्तिकरण के लिए भाजपा ने महिलाओं को हर माह ढाई हजार रूपये देने का चुनावी वादा किया था और इसका महिला मतदाताओं पर प्रभाव भी पड़ा था। नतीजतन भाजपा प्रचंड बहुमत से नई दिल्ली में अपनी सरकार बनाने में सफल हुई थी। महिलाओं को ढाई हजार रुपए महीना तत्काल देने की मांग को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी लगातार भाजपा पर हमला करती रहीं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी महिलाओं के साथ वादा खिलाफ करने का आरोप लगाती रही है। दरअसल आतिशी यह चाहती थी कि भाजपा सरकार आनन फानन में यह योजना लागू कर दे ताकि अपात्र महिलाओं को भी इसका लाभ मिल जाये। और इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं को ढाई हजार रूपये महीना देने में नई दिल्ली सरकार को संकट का सामना करना पड़े। वैसे भी आम आदमी पार्टी की सरकार ने सरकारी खजाने पर झाडू फेर दिया था। आतिशी के विधवा विलाप की अनसुनी कर नई दिल्ली सरकार ने पहले पात्र महिलाओं के चयन का काम शुरू किया और अब इसके लिए नियम और शर्ते तय कर दी है। इसके बाद अब बजट में भी महिला समृद्धि योजना के लिए एक बड़ी राशि का प्रावधान कर दिया गया है। बहुत जल्द अब नई दिल्ली की पात्र महिलाओं के खाते में ढाई हजार रुपये की पहली किस्त जमा होने की संभावना है। बहरहाल भाजपा ने अपना चुनावी वादा पूरा कर आम आदमी पार्टी को करारा झटका दे दिया है।

प्रेरक प्रसंग

एक गांव में एक प्रसिद्ध संत का आगमन हुआ। उसी गांव में चार मूर्ख मित्र भी निवास करते थे। संत का स्वागत-सत्कार देख, उन्हें बड़ी उत्सुकता हुई, पूछा तो पता चला कि संत ने मौन रहकर गहन तपस्या की है और बहुत सी सिद्धियों के स्वामी भी हैं। बस, फिर क्या था, मूर्खा ने सोचा कि सम्मान प्राप्त करने का सबसे सुगम उपाय यही है। चारों ने एक दीया लिया और जंगल में एक अंधेरी गुफा ढूंढ़कर उसमें जा बैठे। निर्णय किया कि मौन रहेंगे तो देखा-देखी सिद्धियां हमारे पास दौड़ी चली आएंगी, फिर सम्मान मिलने में क्या देरी है। थोड़ा वक्त ही गुजरा था कि दीये की लौ लपलपाने लगी। उनमें से एक बोला- अरे कोई दीये में तेल तो डालो। दूसरा तुरंत बोला-बेवकूफ ! बातें थोड़ी करनी थीं। तीसरा कहने लगा- तुम दोनों मंदबुद्धि हो। मेरी तरह चुप नहीं बैठ सकते ? चौथा भी कहां शांत रहने वाला था, वह बोला- सबके सब बोल रहे हो, सिर्फ मैं हूं कि चुप बैठा हूं। मूढ़ ऐसे ही अनर्थ के प्रपंचों में समय गंवाते हैं, जबकि बुद्धिमान विवेक का उपयोग कर, जीवन को समर्थ व सुदृढ़ बनाते हैं।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:22, सूर्यास्त : 06:32, चन्द्रोदय : 28:49, चन्द्रास्त : 15:12, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः : वसंत,शक सम्वत : 19:46 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (काल), मास : चैत्र, पक्ष : कृष्ण, तिथि : त्रयोदशी, नक्षत्र : शतभिषा, योग : साध्य, प्रथम करण : कौलव (14:49 तक), द्वितीय करण : तैतिल (25:42 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मीन, चंद्र : कुम्भ (15:15 से), मंगल : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (अस्त, पश्चिम , वक्री), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, वक्री), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल : 16:40 से 18:11, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:15, गोधूलि मुहूर्त : 18:31 से 18:54, सायाह्न सन्ध्या : 18:32 से 19:42, निशिता मुहूर्त : 23:59 से 24:45, राहुकाल : 15:00 से 16:30, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 07:46 से 09:18, दुर्मुहूर्त : 11:58 से 12:47, होमाहुति : केतु, दिशा शूल : उत्तर, अग्निवास : पृथ्वी (25:42 तक), चन्द्रवास : दक्षिण, शिववास : नन्दी पर (25:42 से भोजन में)।

राजीव खंडेलवाल

"प्रथम दृष्टिया निरापराध" होने के पक्ष में स्टोर रूम जहां आग लगी थी, जो आउट हाउस के पास था, का "ओपन एक्सेस" होना, कोई भी व्यक्ति इतनी बड़ी तथाकथित राशि को इस तरह से खुले कमरे में नहीं रखता है, सबसे महत्वपूर्ण पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार की कोई जप्ति न बनाना, न माल खाने में जमा कराना जो ऐसे मामलों में आवश्यक होता है, घटना के समय जस्टिस वर्मा का बाहर रहना, वकीलों के बीच जस्टिस वर्मा की एक अच्छी रेपुटेशन, परसेप्शन, दिल्ली हाईकोर्ट बार एसोशियेशन के अध्यक्ष का कथन जस्टिस वर्मा दिल्ली हाईकोर्ट के बेहतरीन जजों में से एक है। ये सब कारण उनकी निर्दोषता को सिद्ध करते हैं। साथ ही इस घटना को लेकर कॉलेजियम पर तेजी से उठ रहे प्रश्न वाचक चिन्ह? कहीं न कहीं इससे "षड्यंत्र की बू" आती है। कुछ लोग न्यायपालिका की घटना की जानकारी होने के बाद 7 दिन की चुप्पी पर प्रश्नवाचक चिन्ह उठाते हैं? शायद वह इसलिए कि देश के इतिहास में न्यायपालिका ने पहली बार आतंरिक कार्रवाई को सार्वजनिक किया।

आपातकाल का दंश झेल चुके भारत में आज भी लोकतंत्र जिंदा है

14 तारीख की रात्रि को लगभग 11.30 दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के दिल्ली के लुटियन्स इलाके में 30 तुगलक लेन स्थित अधिकारिक निज निवास के आउट हाउस के सुरक्षा गार्ड क्वार्टर के बाजू के कमरे में उनकी व पत्नी की अनुपस्थिति में आग लग जाती है। घर का कर्मचारी न्यायाधीश के निज सचिव को आग की सूचना देता है। 11.43 को पीसीआर वैन को कॉल किया जाता है। फायर ब्रिगेड आती है, आग बुझा कर चली जाती है। पुलिस आती और चली जाती है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा 4.30 बजे दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से बातचीत कर वीडियो भेजने के साथ घटना की जानकारी देते हैं, जिसे मुख्य न्यायाधीश शाम को ही उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को प्रेषित कर देते हैं। ही तत्पश्चात मुख्य न्यायाधीश दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को तीन बिंदुओं पर जस्टिस वर्मा का स्पष्टीकरण लेने को कहते हैं। स्पष्ट है, घटना का समाचार छपने के 24 घंटे के भीतर ही संबंधित लोगों को खबर होकर तंत्र सक्रिय हो जाता है, परंतु पुलिस तंत्र निष्क्रिय रहता है अथवा कर दिया जाता है?

घटना की रिपोर्टिंग 5 दिन बाद 'एकमात्र' मीडिया हाउस द्वारा

प्रथम बार सुबह 19 तारीख को दिल्ली का प्रतिष्ठित अखबार टाइम्स आफइंडिया में जस्टिस वर्मा के घर आग लगने की नोट जलने की जानकारी के साथ घटना के छपने से तीनों प्रकार की मीडिया सहित देश के राजनीतिक व न्यायिक क्षेत्र में आश्चर्य मिश्रित हाहाकार होकर आग लग जाती है। आग का कार्य ही आग लगाना होता है। न्यायपालिका की निष्पक्षता और ईमानदारी पर प्रश्नों की बाढ़ आ जाती है। बाढ़ आग को ठंडा करने की बजाय और जलाती है। तब टाइम्स ऑफ इंडिया प्रिंट मीडिया के एक हीरो के रूप में उभर कर सामने आता है। यह आकलन तब होता है, जब 19 तारीख से लेकर 21 तारीख तक देश के तीनों प्रकार के मीडिया में इस घटना की सत्यता खासकर नोट जलाने की घटना को लेकर परस्पर विपरीत दिशाओं में बहस चल निकलती है। अंधों के हाथी के सामान हर एक उसकी व्याख्या अपने ढंग से विशिष्ट स्वार्थ पूर्ति हेतु तथ्यों की उपेक्षा कर करने लगता है। यहां तक कि टाइम्स आफ इंडिया पर झूठा समाचार छापने के लिए कार्रवाई करने तक की बात कह दी जाती है। परंतु जैसे ही 22 तारीख को सुबह उच्चतम न्यायालय साहसिक रूप से आग के वीडियो के साथ उनके द्वारा की गई पूरी कार्रवाई को अधिकृत रूप से सार्वजनिक करता है, तब टाइम्स ऑफ इंडिया की न्यूज का महत्व समझ में आता है। साथ ही घटना की सत्यता के बाबत चल रही शंका-कुशंका, आरोप-प्रत्यारोप पर से पर्दा बहुत हद तक हट जाता है। जो पर्दा समस्त संबंधित व्यक्तियों, स्वयं आरोपी/भूक्तभोगी (विक्टिम) जज व पुलिस प्रशासन की चुप्पी के कारण गहराया हुआ था। क्योंकि गढ़ की शान कंगूरे बताते हैं।

पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता एवं जांच में लापरवाही

घटना के संबंध में पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई बिना किसी शक-शुबहा के बुरी तरह से पुलिस प्रशासन की गंभीर घोर

लापरवाही व भूल (लेचेस) को प्रदर्शित करती है। आश्चर्यजनक रूप से कोई एफआईआर दर्ज नहीं होती है, और न ही कराई जाती है। घटना की जानकारी पड़ोस से लेकर देश में किसी को भी नहीं होती है। यह राज-ए-खामोशी नीम खता क्या है ? दिल्ली फायर सर्विस के डायरेक्टर का बयान आता है कि, घटना के समय कोई जले हुए नोट नहीं मिले, जबकि 500 की नोटों की 4-5 अधजली बोरियां मिलने की बात सामने आयी थी। लेकिन जैसा कहते हैं कि अंतर अंगुली चार का झूठ सांच में होय'',परंतु कुछ समय बाद ही बयान का खंडन भी आ जाता है कि मैंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया। नोटों की राशि के बाबत भी अलग-अलग आंकड़े आ रहे हैं, जिनका कोई आधार या सत्यापन नहीं है। पुलिस की तरफ से कोई प्रेस विज्ञप्ति या पत्रकार वार्ता न करना जो सामान्यतः ऐसे वीआईपी मामलों में होती आई है, घटना पर पड़े पर्दे को और गहरा करती है। पुलिस द्वारा तथाकथित जले हुए नोटों की कोई जप्ति न बनाना जैसा कि जस्टिस वर्मा ने अपने बचाव में लिखित कथन में स्टैंड लिया है, (यद्यपि पुलिस ने इस पर कोई स्पष्टीकरण आज तक नहीं दिया है) और न ही इस तरह के मामलों में नोट मिलने पर आयकर व अन्य विभाग ईडी इत्यादि द्वारा कोई कार्रवाई न करना जैसा कि इस तरह के मामलों में वे तुरंत कार्रवाई करने के लिए आ जाते हैं, घटना की निष्पक्ष व प्रभावी जांच पर गंभीर प्रश्न लगता है। ''घटनास्थल'' को आगे जांच के लिए सुरक्षित न रख पाना भी पुलिस प्रशासन की असफलता को ही दर्शित करता है, क्योंकि अगले दिन सुबह ही नौकर ने घटनास्थल को साफकर दिया था।

जस्टिस वर्मा कहीं "षड़यंत्र" का शिकार तो नहीं?

घटना का दूसरा पक्ष जो मीडिया के एक वर्ग में रिपोर्ट भी किया जा रहा है कि जस्टिस वर्मा को साजिश के तहत फसाया गया। अर्थात ''चलती चक्की देख कर दिया कबीरा रोय'', जस्टिस वर्मा की कार्यप्रणाली, कार्यक्षमता, जजमेंटस,या ईमानदारी की ''प्राण प्रतिष्ठा'' के परसेप्शन पर प्रायः वकीलों ने कभी कोई आपत्ति नहीं की। हां घटना के तुरंत बाद मुख्य न्यायाधीश द्वारा जस्टिस वर्मा के दिल्ली से उनके मूल प्रदेश उत्तर प्रदेश स्थानांतरण करने की प्रस्तावित कार्रवाई एक ओर मुख्य न्यायाधीश के मामले के प्रति संवेदनशीलता व गंभीरता को इंगित करती है, तो वहीं दूसरी ओर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने इस प्रस्तावित स्थानांतरण के विरोध में धमकी भरा कड़ा ब्यान देते हुए यह कहा कि यह कोई ''कूड़ादान'' नहीं है....? तथापि उच्चतम न्यायालय ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि स्थानांतरण प्रस्तावित करने की कार्रवाई का इस घटना से कोई संबंध नहीं है। जस्टिस वर्मा के ''वकील'' से उत्तर प्रदेश हाई कोर्ट के ''जज'' बनने के पहले उनके ऊपर एक सिंभावली शुगर मिल मिल्स के एक गैर कार्यकारी निदेशक के रूप में एक ''एफआईआर'' दर्ज होने का मामला जरूर सामने आया था, जिसे बाद में सीबीआई ने उनकी जज की नियुक्ति के बाद समाप्त कर दिया था। जस्टिस वर्मा ने आग की घटना में जले नोटों से उनके किसी भी तरह के संबंधों से पूरी तरह से इनकार करते हुए मीडिया पर उन्हें बदनाम करने का आरोप लगाया है।

उपसंहार

पूरे मामले का समग्र अध्ययन करने से अभी तक के उपलब्ध साक्ष्य व परिस्थितियों के आधार पर यह निष्कर्ष सामने आता है की एक तरफजस्टिस वर्मा ''प्रथम दृष्टिया दोषी'' दिखते प्रतीत होते हैं, तो वहीं दूसरी तरफवे प्रथम दृष्टिया किसी षड्यंत्र का शिकार होते भी प्रतीत दिखते हैं। प्रथम दृष्टिया दोषी होने की स्थिति का वर्णन स्वयं मुख्य न्यायाधीश ने आंतरिक जांच आदेश देते समय लिखा है। परंतु मेरे मत में मुख्य न्यायाधीश का ऐसा मानने का एक कारण आंतरिक जांच को उचित ठहरने के लिए भी हो सकता है। जले, अर्द्धजले नोटों का आधिकारिक निज निवास पर व घटना के 9वें दिन भी घर के बाहर पाया जाना और फिर सुबह घटनास्थल को साफकर तथाकथित रूप से साक्ष्य को मिटाया जाना, घटना के तुरंत बाद जस्टिस वर्मा का कोई इनकार का कथन न आना आदि आदि कारण जस्टिस वर्मा को कटघरे में अवश्य खड़ा करते हैं।परंतु बड़ा प्रश्न यह है कि घटना की जानकारी देने का कार्य क्या मुख्य न्यायाधीश का था अथवा पुलिस प्रशासन का? मुख्य न्यायाधीश द्वारा घटना की जानकारी मिलने के बाबत तुरंत की गई कार्रवाईयों साथी न्यायाधीश को बचाने के लिए या उन्हें अंतिम अपराध के अंजाम तक पहुंचाने के लिए? बहरहाल ''ऊंट किस करवट बैठता है'', इसके लिए राम गोपाल वर्मा की सस्पेंस फिल्मों के अंतिम समय में आने वाले परिणाम हत्यारा कौन? को याद कर तदनुसार कुछ समय तक प्रतीक्षा अवश्य कीजिये!

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1794 में आज ही के दिन अमेरिकी कांग्रेस ने देश में नौसेना की स्थापना को स्वीकृति दी थी। 1841 में 27 मार्च के दिन ही पहले स्टीम फायर इंजन का सफल परीक्षण न्यूयार्क में किया गया था। 1855 में आज ही के दिन अब्राहम गेस्नर ने केरोसिन (मिट्टी के तेल) का पेटेंट कराया था। 1871 में 27 मार्च के दिन ही पहला अंतरराष्ट्रीय रग्बी मैच स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के बीच खेला गया था। 1884 में आज ही के दिन बोस्टन से न्यूयार्क के बीच पहली बार फोन पर लंबी दूरी की बातचीत हुई थी। 1899 में 27 मार्च के दिन ही इतालवी आविष्कारक जी मारकोनी द्वारा फ्रांस और इंग्लैंड के बीच पहला अंतरराष्ट्रीय रेडियो प्रसारण किया गया था। 1901 में आज ही के दिन अमेरिका ने फिलीपीन्स के विद्रोही नेता एमिलियो एग्विनाल्डो को अपने कब्जे में लिया था। 1933 में 27 मार्च के दिन ही जापान ने लीग ऑफनेशंस से खुद को अलग कर लिया था। 1956 में आज ही के दिन अमेरिकी सरकार ने कम्युनिस्ट अखबार डेली वर्कर को जब्त कर लिया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तब मूक नयन

तब मूक नयन भी बोलेंगे, जब गांठ हृदय के खोलेंगे, सब शब्द फुट-फुट कर बरसेंगे, गालों पर आ कर उभरेंगे, तब तुम शायद पढ़ पाओगे , मेरे मन की व्यथा को, मेरे उस तपश्या को , जो मैंने की है , तुमसे मिलने के लिए, तुम्हारे दिल में अपनी छबि देखने के लिए - **नमन कुमार मिश्रा**

बेचैनियां दोनों

बेचैनियां दोनों तरफ थीं फिर से सुलह कर ली। थोडी सी गुस्ताखी हुई थोड़ी सी चुहल कर ली। कुछ झुक गये गले मिलने आपस में पहल कर ली। बदला तो नहीं कुछ मगर पहले सी नकल कर ली। खो गये हसीन वादियों में पहाडों की टहल कर ली।

-तपन मुखर्जी

खास पाती

वीणा वादिन वर दो ऐसा

वीणा वादिन वर दो ऐसा पीर जमाने की मैं गाऊं। जिन आंखों में अश्क भरे हैं उन ओठों पर गीत सजाऊं। अपना दर्द न खोल सके जो रुंधे कंठ से न बोल सके जो वीणा की झनकार मिले तो जग की पीड़ा को पिघलाऊं। नीरस नीरस ठहरी ठहरी रात जहां हो गहरी गहरी जिधर दूर तक घना अंधेरा पथ पर दीप नए धर जाऊं। डाले जिधर उदासी डेरा दूर तलक भी नहीं सवेरा आशाओं की नवल रश्मि के मैं नूतन नगमों को गाऊं। तनहा तनहा छूट गया जो दिल शीशे सा टूट गया हो ला कर गीतों के मेले में कोई सरगम नई सुनाऊं। - **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

अथाह गहराई लिए सागर किस लिए

अथाह गहराई लिए सागर किस लिए उमड़ता है क्या तेरा भी कोई सपना लहरों में भटकता है उम्मीदों के झूले में बादल को बैठ जाने दो बादल मनचला है उसे अपनी मर्जी से बरसने दो - **सपना चन्द्रा**

जीस्त है वक्त के चाक का सफ़रनामा

जीस्त है वक़्त के चाक का सफ़रनामा। यानी खुश्क - ओ - नमनाक का सफ़रनामा। ज़रूरतें आ गई है तबस्सुम के दरमियां। मोहब्बत रह गई है ख़ाक़ का सफ़रनामा। किसी का हमदर्द होता नहीं अख़बार कोई। सुर्खियां बनती हैं चालक का सफ़रनामा । दरिया को होती नहीं अपनी मंज़िल की ख़बर। भंवर के पास है तैराक का सफ़रनामा। झूठ के पास कई किस्म के तराजू हैं। बादल सा नहीं रखते वो बेबाक का सफ़रनामा।

- विवेक 'बादल' बाज़पुरी

रसना से रस घोलती, हृदय छिपाकर

रसना से रस घोलती, हृदय छिपाकर दंश। नारी अब नागिन बनी, निपटा देती वंश॥ निपटा देती वंश , खोट यह मन में पाले। रिश्ते करती तार, दिये हैं गहरे छाले। सुमन बनाना मीत,कसौटी पर भी कसना। मत होना मति मंद , मधुर सुन इसकी रसना।

- सुमन ओमानिया

पाटल वह तरुणी है जो गुलाब का

पाटल वह तरुणी है जो गुलाब का केसर कि लालिमा रंग और गन्धाढ्य अपने कार्णिका के मध्य संजोए हुए रखती है, सुमना की बेबसी का गवाह रात भर मिलन की प्रतीक्षा में आतुर व्याकुल एकांत में बिताता भानू को रजनी से बिछड़ कर मिलिंद को उसकी सुमना से भोर होते ही मिलन कराता एहसान फरामोश आदत से मज़बूर चहुंओर शोर मचाता!! - **डॉ.मधुबाला मौर्या।**

शर्म आनी चाहिए उन लोगों को जो

शर्म आनी चाहिए उन लोगों को जो किसी की दरिंदगी से हुई हत्या और इस वहशियाना जुर्म का मजाक बना रहे हैं रील बना बनाकर उनकी संवेदनाएं और मनुष्यता शायद बची ही नहीं जो लोग ये सब कर रहे हैं ये लोग भी मुस्कान और साहिल के जैसे ही लोग हैं ये रील जैसे चरस के आदी हो चुके हैं। किसी परिवार के बेटे के टुकड़े टुकड़े कर दिए गए और इतनी बर्बरतापूर्ण उसके अंतिम शरीर को भी बेरहमी से नष्ट कर दिया गया और लोग इसके मजे ले रहे हैं शर्म आती ऐसे समाज और ऐसे लोगों पर। सौरभ की आत्मा मुस्कान और साहिल के साथ ऐसे लोगों को भी कभी माफनहीं करेगी। आप सभी से निवेदन है कि जब भी ऐसे रील आपके सामने आए उनकी रिपोर्ट जरूर कीजिए। - **अनामिकाचक्रवर्ती**

QUIZ TIME

1) राज्यपाल का मुख्य सलाहकार कौन रहता है?

2) सिक्किम में प्रथम रेलवे स्टेशन की आधारशिला कहाँ रखी गई थी?

3) सबसे बड़ा ड्रोन पायलट प्रशिक्षण संस्थान किस शहर में खोला गया है?

4) अरूणाचल प्रदेश का 27वाँ जिला कौन-सा है?

5) जम्मू और कश्मीर की एक कैनोइस्ट ने अप्रैल 2024 को इतिहास रच दिया, जब वह पेरिस में ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक में जूरी में शामिल होने वाली पहली भारतीय महिला कौन बनी?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मुख्यमंत्री (2) रंगपो (3) ग्वालियर (4) बिचोम (5) बिलकिस मीर

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन व्यापारी वर्ग को लाभदायक सौदे मिलेंगे। भविष्य की योजनाओं पर भी धन का निवेश करेंगे साथ ही बचत भी कर पाएंगे।

वृषः आज के दिन भी अधिकांश समय परिस्थिति चिंता मुक्त रहेगी। लेकिन भ्रामक खबरों पर देख-भाल कर ही यकीन करें अन्यथा जल्दबाजी में गलत निर्णय हानि करा सकता है।

मिथुनः आज के दिन आप जहाँ भी रहेंगे वहीं आलस्य प्रमाद फैलाएंगे। आर्थिक लाभ की उम्मीद न एक बराबर रहेगी।

कर्कः आज आप अपने महत्त्वपूर्ण कार्यो में सफलता पाने के लिये जी जान से प्रयत्न करेंगे आरम्भ में इनमे असफलता नजर आएगी।

सिंहः आज का दिन प्रत्येक क्षेत्र से आनंद की प्राप्ति कराएगा। आज आपके अधिकांश कार्य पहले से निर्धारित रहेंगे जिससे दुविधा की स्थिति से बचेंगे।

कन्याः आजका दिन आपके पक्ष में रहेगा। मन की कल्पनाएं काफी हद तक साकार होने की संभावनाएं रहेंगी।

तुलाः आज के दिन आपके द्वारा लिये निर्णय प्रेमीजनों से राग द्वेष की भावना बना सकते है। स्वभाव में दिखावे की प्रवृति रहेगी।

वृश्चिकः आज के दिन आपके मन में अनेक योजनाएं बनती रहेंगी लेकिन इनको समय अथवा धन अभाव के कारण साकार रूप नहीं दे पाएंगे।

धनुः आपका आज का दिन सामान्य रहेगा फिर भी कार्यो को अधिक बेहतर बनाने का प्रयास अवश्य करें।

मकरः आज के दिन आपमें चंचलता अधिक रहेगी बेकार के विषयों में मन भटकेगा।

कुंभः आज के दिन आपको विविध कष्टो का सामना करना पड़ेगा। मन समाज में वर्जित कार्यो की और अधिक आकर्षित रहेगा जिससे घर में कलह हो सकती है।

मीनः आज के दिन आपको आकस्मिक लाभ की सम्भावनाये बन रही है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -364

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

1		2	■	3	4		5	■
	■		■	■		■	6	
■	7			■	■	■		■
8			■	9				■
10		■	■		■	■	■	11
	■	12			■	■	13	
14	15	■		■	16	17		
■		■	18				■	■
19				■		■	20	

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 363 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	■
प	■	ति	■	■	र	क्ष	क	■
र	ह	मा	न	■	■	■	■	आ
वा	■	■	मि	थु	न	■	दा	स
ह	वा	ला	त	■	सी	ता	■	पा
■	न	■	■	■	ब	क	वा	स
औ	र	त	■	म	■	त	■	■
ला	■	बे	च	ना	■	व	च	न
द	ह	ला	■	ना	ग	र	■	दी

संक्षिप्त खबरें

भक्त माता कर्मा जयंती पर आरती का विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। 25 मार्च को भक्त माताकर्मा की जयंती में कन्नौजिया साहू समाज जन कल्याण समिति, रायपुर द्वारा अपने कार्यालीन परिसर में भक्त माताकर्मा की छाया पृष्ठ आरती के साथ का विमोचन समिति के संरक्षक सुकृत लाल साव, रामायण प्रसाद साहू, गौरीशंकर साहू, डॉ. कृष्णा कुमार साहू, उमाशंकर साहू, अजय साहू एवं अमित कुमार साहू के कर कमलों द्वारा हुआ । कार्यक्रम में भक्त माताकर्मा की पूजा अर्चना कर भक्त माता के जीवन का संक्षिप्त विवरण बताया गया एवं सभी को प्रसाद वितरण किया गया। उपहार स्वरूप समिति के सभी सदस्यों को माननीय अध्यक्ष महोदय जगदीश प्रसाद साहू द्वारा विमोचित छाया पृष्ठ की प्रति उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश प्रसाद साहू द्वारा एवं कार्यक्रम का संचालन सचिव आशीष साहू द्वारा उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में संचालित किया गया।

खौली में शराब दुकान खुलने की सुगबुगाहट, विरोध में उतरे ग्रामीण

रायपुर/नवप्रदेश। सत्तारूढ़ भाजपा सरकार द्वारा आसन्न आगामी आबकारी सत्र से प्रदेश में नयी शराब दूकान खोलने के निर्णय व? इसमें से एक दूकान आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खौली में खोले जाने की सुगबुगाहट से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया है । बीते कल 25 मार्च को आहूत बैठक में ग्रामीण सभा ने जहां एकमतेन शराब दूकान न खुलने देने का निर्णय लिया वहीं पंचायत ने भी ऐहतियात बतौर प्रस्ताव पारित कर शासन - प्रशासन को अवगत कराने का निर्णय लिया है ।क्षेत्र में शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने सभी नगर पंचायत व पंचायतों को? ताकीद किया है कि वे शासन - प्रशासन के दबाव में व अन्यथा अपने पंचायती क्षेत्र में शराब दूकान खोलने की अनुमति न दें क्योंकि बिना प्रस्ताव के शराब दूकान खोलना अवैधानिक होगा । ज्ञातव्य हो कि ग्राम खौली संसदीय क्षेत्र रायपुर व विधानसभा क्षेत्र आरंग के अधीन खरोरा थाना के अंतर्गत आता है । ग्रामीण सूत्रों के अनुसार एक अधिकारी द्वारा मौखिक रूप से पंचायत पर शराब दूकान खोलने प्रस्ताव देने लगातार दबाव बनाया जा रहा है । इसकी जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया है । आनन - फानन में बीते 25 मार्च को ग्रामीणों की बैठक आहूत की गयी जिसमें कथित अधिकारी का फरमान की जानकारी दी गयी । ग्रामीणों ने अवैध शराब बिक्री बंद कराने में शासन - प्रशासन की असफलता पर जमकर भड़ास निकालते हुये ग्राम व? क्षेत्र के व्यापक हित में ग्राम में किसी भी हालत में शराब दूकान न खुलने देने का निर्णय लिया । मौजूद पंचायत प्रतिनिधियों ने भी इसका समर्थन करते हुये इस संबंध में अविलंब प्रस्ताव पारित कर शासन - प्रशासन को जनभावना से अवगत कराने का निर्णय लिया । खौली के ग्रामीणों ने आसपास के ग्रामों के ग्रामीणों से भी आवश्यकता पड़ने पर सक्रिय सहयोग का आग्रह करते हुये ग्राम के कथित अवैध शराब विक्रेताओं को तत्काल प्रभाव से अपने इस असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने का फरमान सुनाया।

तार मिस्त्री परीक्षा, आवेदन 1 अप्रैल से

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विद्युत अनुज्ञापन मंडल द्वारा संचालित तारमिस्त्री परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया 1 अप्रैल 2025 से शुरू होगी। इच्छुक अभ्यर्थी 30 अप्रैल 2025 तक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। यह परीक्षा जुलाई 2025 में रायपुर में आयोजित की जाएगी। रायपुर, बलौदाबाजार और गरियाबंद जिलों के आवेदक कार्यालय कार्यपालन अभियंता (विद्युत सुरक्षा) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक, छत्तीसगढ़ शासन, 246 आम बगीचा, सुंदर नगर, रायपुर से कार्यालय अवधि में निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

भगवान झूलेलाल महोत्सव पर निकाली बाइक रैली

रायपुर/नवप्रदेश। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जय झूलेलाल महोत्सव समिति एवं सर्व सिंधी समाज द्वारा भगवान झूलेलाल महोत्सव का आयोजन एवं बाइक रैली 27 मार्च को निकाली गई । उक्त जानकारी समिति के संस्थापक सदस्य प्रशांत राज गावरी एवं आदर्श कलवानी ने संयुक्त रूप से दी। सचदेव एवं प्रशांत ने बताया कि उक्त आयोजन में पैराशूट शो के जरिए दीप प्रज्ज्वल किया गया। बाइक रैली झूलेलाल मंदिर लाखेनगर से लिली चौक, लोहार चौक, बूढ़ापारा, वाईट हाउस , काली मंदिर आकाशवाणी होते हुए कटोरा तालाब स्थित झूलेलाल सरोवर में समाप्त हुई। मुख्य आयोजन 30 मार्च को होगा- 30 मार्च के आयोजन में भव्य आतिशबाजी, भजन-कीर्तन, गीत-संगीत का रंगारंग आयोजन किया गया है। भगवान झूलेलाल की 56 फीट प्रतिमा शोभायात्रा में केनाल रोड होते हुए तेलीबांधा झूलेलाल मंदिर में समाप्त होगी।

भगवान महावीर जन्मकल्याण महोत्सव 2025

रावण, माता सीता व अंजना के गेटअप में बच्चों-महिलाओं ने दी प्रस्तुति

■ अभिव्यक्ति में वीर शक्ति

रायपुर/नवप्रदेश। भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार को शहर में विभिन्न सेवा कार्य और स्पर्धा का आयोजन किया गया। सेवाकार्य के साथ स्पर्धा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर सखी महिला मंडल ने जरूरतमंदों को जयपुर बांटा, आदिनाथ दिगम्बर जैन महिला मंडल ने बांटा तो अभिव्यक्ति में वीर शक्ति स्पर्धा का आयोजन किया गया।

अभिव्यक्ति में वीरः रावण, जयंती श्राविका, सुंदरी, माता सीता, माता अंजना के गेटअप में बच्चों-महिलाओं ने दी प्रस्तुति

महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत जैन युवा महिला मंडल एवं गोल्ड ऐज क्लब के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को अभिव्यक्ति में वीर शक्ति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिखाओ अपना टैलेंट, पाओ गिफ्ट रिटर्न के साथ पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर स्पर्धा का आयोजन हुआ। साथ ही प्रभु महावीर के शासनकाल और अन्य तीर्थंकरों के समय की घटनाओं का चित्रण किया गया। एक प्रतियोगी ने जयंती श्राविका का अभिनय करते हुए प्रभु से प्रश्नों के माध्यम से अपनी शंकाओं का

समाधान लिया, किसी ने मानतुंगाचार्य का अभिनय किया, तो कोई 16 सती बनी सुंदरीजी, सीताजी, अंजनाजी के रूप में दिखाई दी। वहीं, एक प्रतियोगी ने अरणक की माता के रूप में रूदन करते हुए अभिनय किया और किसी ने गड़बड़ सामायिक का स्वरूप समझाकर सबको हंसाया।

इसमें आठ विषयों का चयन किया था और प्रत्येक प्रतियोगी को केवल 3 मिनट का समय दिया गया, जिसमें बड़े और छोटे सभी आयु वर्ग के प्रतियोगियों ने अपनी अभिव्यक्तियों का प्रदर्शन किया।

सखी महिला मंडल ने जरूरतमंदों को बांटे जयपुर पैर

भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में मंगलवार को सखी महिला मंडल शंकर नगर की ओर से विनय मित्र मंडल के वर्कशॉप में जरूरतमंदों को 11 जयपुर पैरों का वितरण किया गया। विनय मित्र मंडल के संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र कोचर ने बताया कि वर्ष 1986 से मंडल की ओर से जरूरतमंद लोगों की निस्वार्थ-निशुल्क मदद की जा रही है। संस्था की ओर से बच्चों के कटे-फटे होंठ की सर्जरी कर उनके चेहरे संवारने, कृत्रिम हाथ-पैर देकर दिव्यांगों का हौसला बढ़ाना, वैशाखी, श्रवण यंत्रों का वितरण कार्य किया जा रहा है। अब तक 30 हजार से ज्यादा जरूरतमंदों को जयपुर पैर का वितरण संस्था द्वारा किया जा चुका है। आज भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के दौरान हुए जयपुर पैर वितरण के लाभार्थी परिवार वीरेंद्र, तमन्ना सुराणा, विक्रम, पूजा सुराणा, कांतिलाल, संगीता, बेताला, भीकमचंद, पुष्पा, कोठारी, बसंत, लता, गोलछा,, इंदर चंद, विमला बाई गोलछा, सुनील, शारदा बोथरा रहे, साथ ही एक गुप्त दान और जैन श्री संघ शंकर नगर की ओर से सहयोग दिया गया।

देशी-विदेशी शराब दुकानें एक होंगी, अतिरिक्त को स्टाफ की दूसरी जगह लगाई जाएगी ड्यूटी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नए वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से शराब दुकानों की व्यवस्था में बदलाव किया जाएगा। बताया गया है कि जिस जगह पर देशी और विदेशी दो अलग शराब दुकानें हैं, उन्हें एक करके कंपोजिट दुकान बनाई जाएगी। इस तरह एक दुकान अतिरिक्त होगी। इस दुकान को उस जगह खोला जाएगा जहां अभी दुकान नहीं है। इसके साथ ही राज्य दुकान नहीं है। इसके साथ ही राज्य सरकार के निर्णय के मुताबिक 67 नई शराब दुकानें भी शुरू की जाएंगी, जहां अब तक शराब उपलब्ध नहीं है। इसके लिए भी जिला स्तर पर तैयारियां की जा रहीं हैं।

जिला स्तर पर कवायद तेज: राज्य में नई शराब दुकानें खोलने और युक्तियुक्तकरण के सिलसिले में सभी जिलों में जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रहीं हैं। इस प्रक्रिया का एक बड़ा हिस्सा कंपोजिट शराब दुकानें बनाया जाना है। दरअसल राज्य के कई जिलों में एक ही स्थान पर देशी और विदेशी शराब की दो अलग-अलग दुकानें हैं। इन दुकानों को जोड़कर एक दुकान बनाया जा रही है। इस तरह एक दुकान अतिरिक्त होगी। इस अतिरिक्त दुकान को जिले में ही किसी ऐसी जगह खोला जाएगा जहां अब तक शराब उपलब्ध नहीं है। आबकारी सूत्रों की मानें तो नई शराब दुकानें वहां खोली जाएंगी, जहां से ये शराब दुकान खोलने की मांग सामने आ रही है।

11 हजार करोड़ का लक्ष्य पूरा होना मुश्किल

राज्य सरकार ने मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए शराब से 11 हजार करोड़ रुपए का राजस्व जुटाने का लक्ष्य रखा था। जानकार उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो प्रदेश में अब तक 9 हजार 800 करोड़ रुपयों का राजस्व मिल सकता है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अभी एक हफ्ता ही बाकी है। ऐसे में 11 हजार करोड़ का लक्ष्य पूरा होना मुश्किल है। दूसरी ओर सूत्रों के अनुसार नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में शराब से राजस्व का लक्ष्य 13 हजार करोड़ रुपए रखा गया है।

भाजपा सरकार का मनपसंद भ्रष्टाचार साय साय बिक रहे हैं नकली, मिलावटी अवैध शराब

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की नकली मिलावटी और अवैध शराब को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि बलरामपुर के सरकारी शराब दुकान में बियर के बोतल में गंदा पानी मिला, जगदलपुर में दर्जनों पेटी अवैध शराब मध्यप्रदेश से आए कई जिलों की सीमा पार कर अवैध शराब की निर्बाध सप्लाई बिना सत्ता के संरक्षण के संभव नहीं है। सरकारी शराब दुकानों में दो गल्ले चल रहे है। बलरामपुर के सरकारी शराब दुकान में जो बियर की बोतल में गंदा पानी निकल रहा है और ऐसे मिलावटी शराब से जो वसूली हो रही है उसका पैसा किस गल्ले में जा रहा है? नकली और मिलावटी शराब का सरगना कौन है? शराब की काली कमाई में किस-किस की हिस्सेदारी है।छत्तीसगढ़ की जनता जानना चाहती है।

पुष्करणा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

■ काव्या विजेता और पॉवर हिटर उपविजेता

रायपुर/नवप्रदेश। पुष्टिकर समाज के तत्वावधान में देश के विभिन्न प्रांतों में तेजी से लोकप्रियता हासिल करती पुष्करणा प्रीमियर लीग का रायपुर स्थित सुभाष स्टेडियम में उत्साहपूर्वक समापन हुआ। पुरस्कार वितरण तीन चरणों में सम्पन्न हुआ।

सर्वप्रथम रायपुर दक्षिण के विधायक श्री सुनील सोनी ने प्रत्येक मैच के मैन ऑफ दि मैच को पुरस्कार वितरित करते हुए आयोजन को हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। प्लेयर ऑफ दि मैच के लिए पुरस्कार वितरण के द्वितीय चरण में महापौर मीनल चौबे, पार्षद द्वय सरिता दुबे एवं अम्बर पहुंचे। महापौर चौबे इस भव्य आयोजन को लेकर अत्यधिक प्रसन्न हुई साथ ही साथ उन्होंने इस स्पर्धा में महिला क्रिकेट टीमों की सहभागिता को सराहते हुए महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। तीसरे चरण में रायपुर पुष्टिकर समाज के मुख्य ट्रस्टी चंद्रप्रकाश व्यास, प्रबंध ट्रस्टी विजयलक्ष्मी बोहरा, उमाशंकर व्यास एवं मनीष वोरा द्वारा विजेता टीम काव्या एवं उपविजेता टीम पॉवर हिटर पुरस्कृत की गईं। इसके पूर्व रायपुर पुष्टिकर समाज के ट्रस्टियों ने आयोजन में पधारे अथितियों का आत्मीय स्वागत किया। ट्रस्टी अशोक पुरोहित ने अपने रोचक अंदाज में मंच का संचालन किया। कमेटी के सदस्य गणों अरुण पुरोहित, दीपक पुरोहित, पंकज छंगाणी, प्रवीण बिस्सा, लोकेश पुरोहित एवं आकाश व्यास ने इस भव्य आयोजन की सफलता के लिए स्पर्धा में शामिल सभी खिलाड़ियों, ट्रस्टियों, नगर प्रशासन एवं दर्शकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

पुस्तक कम गूगल पठन है चिंतनीय : डॉ. दुबे

व्यंग्यकार रामेश्वर वैष्णव के संग्रहों का हुआ विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ी बेहद समृद्ध भाषा है। साहित्य की हरेक विधाओं पर इसमें लेखन - प्रकाशन कार्य में तेजी आई है, किन्तु वर्तमान में पुस्तक कम गुगल पठन का बढ़ता चलन चिंतनीय है।उक्त विचार पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे ने प्रेस क्लब के सभागार में व्यक्त किए।अवसर था रामेश्वर वैष्णव के व्यंग्य संग्रहों 'उत्ता धुर्रा - उबुक चुबुक' विमोचन का। आगे उन्होंने कहा रामेश्वर वैष्णव जैसे श्रेष्ठ व्यंग्यकार के लेखन का मूल्यांकन होना अभी शेष है। वे उम्दा सृजन - प्रदर्शन करने में माहिर हैं। ।कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ सुधीर शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ी गीत - ग़ज़ल और हास्य -व्यंग लेखन को राष्ट्रीय क्षितिज पर स्थापित करने में श्री वैष्णव का योगदान शरद जोशी की भांति है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ देवधर महंत ने ÷ऊत्ता -धूर्रा और उबुक चुबुक÷ पर समीक्षात्मक टिप्पणी दी। उन्होंने कहा काव्य रचनाओं की तुलना में कम होते व्यंग्य लेखन को पाटने की सफल कोशिश की है।मंचासीन सह अध्यक्ष ए. एन.बंजारा ने कहा कि शिक्षा जगत में छत्तीसगढ़ी पाठ्यक्रम के लिए रास्ता खुला है।इसी क्रम में डॉ वैभव बेमेतरिहा ने छत्तीसगढ़ी में पठ़न पाठन करने बल दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रामेश्वर शर्मा, राजेश्वर खरे ने हिंदी के समक्ष छत्तीसगढ़ी की उपेक्षा को रेखांकित किया। कार्यक्रम का रोचक संचालन वरिष्ठ साहित्यकार विजय मिश्रा 'अमित' ने तथा आभार प्रदर्शन संजय कबीर शर्मा ने किया।कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति डॉ रामेंद्र मिश्र,मीर अली मीर, श्याम बैस, डॉ महेश परिमल, डॉ महेंद्र ठाकुर, राजीव नयन शर्मा, राजकुमार धर द्विवेदी, उमाकांत मनमौजी, जागेश्वर ठाकुर जयंती वैष्णव।

मांडविया से मिले अमित छत्तीसगढ़ आने का दिया न्योता, स्वरचित कविता की भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने सपरिवार नई दिल्ली में केंद्रीय युवा मामले, खेल, श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से सौजन्य भेंट की और उन्हें उनके उपलब्धिपूर्ण कार्यकाल की बधाई दी और उनसे छत्तीसगढ़ पधारने का अनुरोध किया. इस अवसर पर अमित चिमनानी ने डॉ.मांडविया के जन्म से लेकर अब तक के जीवन-वृत्त पर लिखी स्वरचित कविता भेंट की. डॉ. मांडविया ने यह भेंट स्वीकार करते हुए शीघ्र छत्तीसगढ़ प्रवास पर आने की बात कही।

अमित चिमनानी ने मनसुख मांडविया से की मुलाकात: भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने बताया कि डॉ. मांडविया के कुशल मार्गदर्शन में इस वर्ष जनवरी में स्वामी विवेकानन्द की 162वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025' नई दिल्ली के भारत मंडपम् में आयोजित किया गया था. यह युवाओं को विकसित भारत के लिए नवीन समाधान प्रस्तुत करने के लिए मंच प्रदान करने वाला सिद्ध हुआ है. डॉ. मांडविया ने पिछले लगभग एक दशक से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में विभिन्न विभागों के मंत्री के तौर पर दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।

इस दौरान डॉ. मांडविया महिलाओं के स्वास्थ्य में मदद करने और जन औषधि केंद्रों के माध्यम से 10 करोड़ सैनिटरी पैड देने के लिए यूनिसेफ से विशेष सम्मान मिला। डॉ मांडविया को डेल्टा वैरिएंट के बाद कोविड-19 को संभालने और भारत में सफल टीकाकरण अभियान का नेतृत्व करने के लिए बिजनेस रिफॉर्मर श्रेणी में इकोनॉमिक टाइम्स अवार्ड्स 2022 मिला। भारत के एक बड़े अखबार इंडियन एक्सप्रेस ने डॉ. मांडविया को 2022 और 2023 में 100 सबसे शक्तिशाली भारतीयों में से एक के रूप में सूचीबद्ध किया.

उनके जीवन पर आधारित स्वरचित कविता की भेंट: चिमनानी ने बताया कि डॉ. मांडविया सरकार में अहम रोल निभाते हैं. डॉ. मांडविया अपनी पदयात्राओं के लिए जाने जाते हैं.

आधुनिकीकरण छत्तीसगढ़ की सहकारी उपलब्धियों और मांगों पर हुई विस्तार से चर्चा

केदार कश्यप ने की केंद्रीय राज्यमंत्री से मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने आज दिल्ली में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल से सौजन्य भेंट की। इस दौरान अपर मुख्य सचिव सहकारिता छत्तीसगढ़ शासन सुब्रत साहू, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं श्री कुलदीप शर्मा तथा भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में छत्तीसगढ़ की सहकारी क्षेत्र में उपलब्धियों, चुनौतियों और आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री केदार कश्यप ने

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सहकारिता को मजबूत बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में केंद्रीय राज्य मंत्री मोहोल को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि विजन को साकार करने में छत्तीसगढ़ तेजी से आगे बढ़ रहा है।मंत्री श्री कश्यप ने बताया कि छत्तीसगढ़ में सहकारी समितियों के आधुनिकीकरण के लिए 2028 पैक्स का चयन किया गया है। इसके अलावा, शेष 30 पैक्स और प्रस्तावित 500 नए पैक्स के लिए शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की मांग की गई। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने 8500 करोड़ रुपये के अल्पकालिक कृषि ऋण वितरण का लक्ष्य रखा था, जिसमें से अब तक 7709 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। हालांकि, नाबार्ड द्वारा केवल 1150 करोड़ रुपये का ही रियायती पुनर्वित्त उपलब्ध कराया गया है, जो कुल ऋण का मात्र 14.9 प्रतिशत है। इस अनुपात को बढ़ाकर 45 प्रतिशत तक करने की मांग की गई।मंत्री श्री कश्यप ने केंद्र सरकार से राज्य के शक्कर बिक्री मासिक कोटा प्रणाली में छूट देकर अधिक मात्रा में बिक्री की अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया ताकि गन्ना किसानों का भुगतान तेजी से हो सके। सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना, पंडरिया द्वारा लिए गए टर्म लोन पर 84.79 लाख रुपये के विलंबित ब्याज को माफकरने का अनुरोध किया गया। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 में छत्तीसगढ़ की भागीदारी के लिए छत्तीसगढ़ को एक्सपोजर विजिट में शामिल करने का भी आग्रह किया गया।

नवरात्र : डोंगरगढ़ में रूकेगी 10 एक्सप्रेस ट्रेन

रायपुर/नवप्रदेश। 30 अप्रैल से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्री के लिए डोंगरगढ़ में मां बमलेश्वरी का दरबार सज चुका है। वहीं यहां प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आने वाले हैं। इसे देखते हुए प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रेलवे की ओर से यहां कई यात्री ट्रेनों के अस्थाई ठहराव की सुविधा दी है। रेलवे द्वारा 30 मार्च से 6 अप्रैल तक 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का अस्थायी स्टॉपेज डोंगरगढ़ में देने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, दो लोकल ट्रेनों का विस्तार भी किया गया है, जिससे श्रद्धालु आसानी से अपनी यात्रा पूरी कर सकें। रेलवे द्वारा जारी

सूचना के अनुसार, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल ने गाड़ी संख्या 20843/20844-बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस, बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस, बिलासपुर-मद्रास एक्सप्रेस, बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस, रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस और अन्य प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनें को ठहराव दिया गया है। वहीं लोकल ट्रेनों का विस्तार भी किया है जिसमे डोंगरगढ़-दुर्ग-डोंगरगढ़ लोकल को अब रायपुर तक बढ़ाया गया है। रायपुर-डोंगरगढ़ लोकल को अब गोंदिया तक विस्तारित किया गया है। बिलासपुर-इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच जोड़ा गया है, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधा मिलेगी। मां बम्लेश्वरी देवी का मंदिर छत्तीसगढ़ के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक है। नवरात्र पर्व के दौरान यहां विशाल मेला लगता है, जिसमें देशभर से श्रद्धालु आते हैं। इस दौरान डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि होती है, जिसे देखते हुए रेलवे ने यह विशेष सुविधा प्रदान की है।

न्यूज गैलरी

मृत्यु के सात प्रकरणों में परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृत

कांकेर। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सर्प काटने और तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के सात प्रकरण में उनके निकटतम परिजनों को चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 28 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। तहसील बांदे के ग्राम पाड़ेगा निवासी 45 वर्षीय बारसु राम नरेटी की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी शाबाई नरेटी को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार पखांजूर तहसील अंतर्गत ग्राम हनफर्सी निवासी 50 वर्षीय अर्जुन उसेंडी की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी श्रीमती धरमकुंवर उसेंडी, पी.व्ही. 29 योगेन्द्रनगर निवासी 16 वर्षीय बापन मंडल की तालाब में डूबने से उनके माता-पिता गोपाल मंडल और श्रीमती बीना मंडल, थानापारा पखांजूर निवासी 13 वर्षीय अमित सिंह तेजावत की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके माता-पिता महेश तेजावत और श्रीमती शोभा तेजावत, ग्राम अविनाशनगर पखांजूर की 01 वर्षीय अस्मिता मंडल की डबरी/तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर माता-पिता गोविंद मंडल और श्रीमती जमुना मंडल को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार दुर्गूकोंदल तहसील के ग्राम नेवारखेड़ा निवासी 08 वर्षीय अजीत कोवाची की नाला में डूबने से मृत्यु होने पर उनके माता-पिता भुवन कुमार कोवाची और नरेश्वरी कोवाची को चार लाख रूपए और ग्राम कोसपराली दुर्गूकांदल निवासी 40 वर्षीय बुधराम ध्रुवा की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी धनारो ध्रुवा को चार लाख रूपए की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

दुर्घटना में घायल हितग्राही को दिया बैटरी चलित ट्रॉय सायकल

दंतेवाड़ा। समाज कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार दुर्घटना में ठेठापारा चितालंका, निवासी सुदरूराम इच्छाम पिता स्व. मुराराम इच्छाम, का जुलाई वर्ष 2021 में सड़क दुर्घटना हो जाने से दाहिना पैर बुरी तरह से घायल हो गया था और इलाज करवाने के बावजूद भी ठीक नहीं होने से वर्ष अगस्त 2024 में चिकित्सकों की सलाह पर उनका पैर कटवाना पड़ा। जिसका इलाज भद्राचलम में हुआ, वर्तमान में वे पूरी तरह से स्वस्थ हैं, पर उन्हें दैनिक क्रियाकलाप करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसे देखते हुए समाज कल्याण विभाग की दिव्यांगजनों को निःशुल्क बैटरी चलित ट्रायसायकल प्रदाय योजना के तहत लाभ लेने हेतु दिनाँक 21 मार्च 2025 को कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के समक्ष अपनी समस्या उक्त ग्रामीण ने रखी और कलेक्टर द्वारा समाज कल्याण विभाग को दिव्यांग की समस्या का निराकरण तत्काल करने के निर्देश दिए गए। फ्लस्वरूप आज 24 मार्च 2025 को अपर कलेक्टर राजेश कुमार पात्रे के हाथों सुदरू राम इच्छाम को एक नग बैटरी चलित ट्राय साइकिल एवं एक नग व्हीलचेयर प्रदान किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष चंचल कुमार देवांगन के नेतृत्व में कर्मचारियों की जायज मांगों को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके को कर्मचारी हित में ज्ञापन सौंपा गया। और कर्मचारियों की समस्या से अवगत कराया गया। डॉ. अजय रामटेके के द्वारा कर्मचारियों की समस्या को जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यकारी जिलाध्यक्ष बालसिंह नेताम, सचिव मोहन समरथ, जिला उपाध्यक्ष हेमंत ठाकुर, लक्ष्मण ठाकुर रेवा राम नेताम, महामंत्री अमल साय बघेल, उपाध्यक्ष सुरेश जसवाल, मीडिया प्रभारी दीपक दुग्गा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

संभाग स्तरीय 'बस्तर पंडुम' का होगा आयोजन

■ संभाग के सभी जिलों के विभिन्न विधाओं में विजेता प्रतिभागियों का होगा प्रदर्शन

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। बस्तर संभाग अंतर्गत जनजातीय बाहुल्य राज्य छत्तीसगढ़ की स्थानीय कला एवं संस्कृति परंपरा से परिपूर्ण बस्तर अंचल के लोककला, शिल्प कला, तीज-त्यौहार, खान-पान, बोली-भाषा, रीति-रिवाज, वेशभूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत, नाट्य, व्यंजन पेय पदार्थ के मूल स्वरूप को संरक्षण, संवर्धन एवं कला समूहों के सतत विकास तथा जनजातीय कलाकारों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से संभाग स्तरीय ''बस्तर पंडुम 2025'' का आयोजन दिनांक 1,2,3 अप्रैल 2025 को किया जा रहा है। इस वृहद आयोजन में जिला सुकमा, बीजापुर, बस्तर, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, कांकेर, जिलों के विजेता प्रतिभागी टीमें पुनः अपना सांस्कृतिक प्रदर्शन जिला मुख्यालय में करेंगी। इसके तैयारी एवं सफ्ल आयोजन के तहत जिला कार्यालय के डंकनी सभा कक्ष में आज सीईओ जिला पंचायत श्री जयंत नाहटा द्वारा नोडल अधिकारियों की आवश्यक बैठक ली गई। बैठक में प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रतिभागियों के ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था, प्रतिभागियों के आवागमन की सम्पूर्ण व्यवस्था, कला एवं संस्कृति से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं, विजेताओं को नगद पुरस्कार, प्रमाण पत्र , साथ ही प्रतियोगिता स्थल पर बांस-बल्ली व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रतियोगिता स्थल पर सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, प्रतिभागियों के आवागमन हेतु वाहन की व्यवस्था, टेंट पंडाल, मंच व्यवस्था कार्यपालन, साउंड सिस्टम, मंच में लाइट तथा जनरेटर की व्यवस्था, प्रतियोगिता स्थल पर विद्युत व्यवस्था, प्रतियोगिता स्थल में आवश्यक लेआउट, समतलीकरण, साफ्-सफई, पीने के पानी, पानी टेंकर, चलित शौचालय एवं संबंधित अन्य कार्य, फायर ब्रिगेड की व्यवस्था, विशिष्ट अतिथियों के समन्वय हेतु लाईजनिंग के संबंध में विषेष दिषा निर्देष दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर राजेष पात्रे, सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

तीन इनामी सहित कुल 13 लाख के माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा/नवप्रदश। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, उप महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक (परि0) सीआरपीएफ रेंज, पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पूजा कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन लोन वर्राटू (घर वापस आईये) अभियान तथा छग शासन की ''पुनर्वास नीति'' के तहत जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ के द्वारा भटके हुए माओवादियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए लगातार संपर्क एवं संवाद कर शासन की नक्सल पुनर्वास नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार गांव-गांव तक किया जा रहा है। इसके प्रभाव में लगातार शीर्ष माओवादियों सहित भटके हुए माओवादियों द्वारा आत्मसमर्पण किया जा रहा है। नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा, माओवादी संगठनों के भीतर आंतरिक मदभेद और जंगलो में रहने की कठिनाईयों से तंग आकर नक्सलवाद की ओर भटके युवा अब समाज के मुख्यधारा में जुड़ने का संकल्प करके 03 ईनामी सहित 06 माओवादी ने आत्मसमर्पण की इच्छा जाहिर करते हुये लोन वर्राटू अभियान के तहत डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किया।उपरोक्त माओवादियों को आत्मसमर्पण कराने में डीआरजी एवं बस्तर फाईटर्स दन्तेवाड़ा का विशेष योगदान रहा।

आत्मसमर्पित माओवादियों को पुनर्वास नीति के तहत् 25 हजार रूपये की सहायता राशि के साथ छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिलने वाली अन्य सुविधायें जैसे स्किल डेवलपमेंट हेतू प्रशिक्षण, कृषि भूमि इत्यादि मुहैया कराई जाएगी। लोन वर्राटू अभियान के तहत् अब तक 221 ईनामी सहित कुल 912 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

आत्मसमर्पित माओवादियों की सूची

शांति मण्डावी निवासी बोदली पटेलपारा थाना मालेवाही (कंपनी नम्बर 06 की सदस्या 08 लाख ईनामी), सुखराम उर्फ बादल मरकाम निवासी टेटम पटेलपारा थाना कटेकल्याण जोनल सदस्य 03 लाख ईनामी, प्रकाश उर्फ चिन्ना सोड़ी निवासी परलागट्टा पटेलपारा थाना जगरगुण्डा बैयमपल्ली आरपीसी सीएनएम अध्यक्ष 02 लाख ईनामी, मुकेश उर्फ कमलू सुण्डाम निवासी परलागट्टा पटेलपारा थाना जगरगुण्डा बैयमपल्ली आरपीसी जनताना सरकार उपाध्यक्ष, मुचाकी सन्नी निवासी गुफ्ड़ी केशापारा थाना गादीरास बुरगुम आरपीसी केएएमएस सदस्य, जोगा मुड़ाम निवासी परलागट्टा पटेलपारा थाना जगरगुण्डा ग्राम परलागट्टा संघम सदस्य.

भक्त माता कर्मा जयंती पर किरन्दुल में पंडवानी का किया गया भव्य आयोजन

किरंदुल । लौह नगरी किरंदुल मे श्री श्री भक्त माता कर्मा जयंती के 1009 वी जयंती के अवसर पर तहसील साहू समाज किरंदुल के तत्वाधान में मंगलवार को स्थानीय साहू समाज के भवन के प्रांगण में स्थित माता कर्मा के मंदिर में सर्वप्रथम हवन पूजन एवं माता की आरती उतारी गई ।तत्पश्चात विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जो कि पूरे नगर से होते हुए भगवान जगन्नाथ मंदिर पहुंची। श्री राघव मंदिर बैलाडीला देवस्थान परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम पंडवानी का आयोजन किया गया ।

छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका और रेलवे में इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ तरुणा साहू ने अपनी सुरमयी आवाज से माता कर्मा के भक्तों के बीच समा बांधा।सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनएमडीसी किरंदुल परियोजना प्रमुख संजीव साही ,विशेष अतिथि पालिका अध्यक्ष रूबी सिंह ,एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उप महाप्रबंधक ए एम एन एस डॉ तेजप्रकाश,कार्मिक प्रमुख के एल नागवेणी ,सहायक महाप्रबंधक कार्मिक शैलेंद्र सोनी,मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि भूषण महापात्रा रहे,श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष आज़ाद सक्सेना , बैलाडीला प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र सक्सेना ,वरिष्ठ पत्रकार रामकृष्ण बैरागी रहे । सांस्कृतिक कार्यक्रम पंडवानी की अध्यक्षता प्रहलाद साहू यातायात प्रभारी जिला दंतेवाड़ा ने की।इस दौरान अतिथियों के द्वारा समाज के मेधावी छात्र छात्राओं का भी सम्मान किया गया ।

ठेकेदारों का समय पर भुगतान नहीं होना चिंता का विषय: विमल सलाम

दंतेवाड़ा। जिला प्रशासन द्वारा ठेकेदारों का समय पर भुगतान नहीं होने पर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विमल सलाम ने गहरी नाराजगी जताई है। विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि ठेकेदारों के बकाया भुगतान में हो रही देरी से ठेकेदार समुदाय में असंतोष बढ़ रहा है। विभिन्न परियोजनाओं व विकास कार्यों का काम पूरा होने के बावजूद ठेकेदारों को भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है। भुगतान समय पर नहीं होने से ठेकेदारों की आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विमल ने कहा कि भुगतान में देरी के कारण न केवल उनके व्यवसाय पर असर पड़ रहा है बल्कि परियोजनाओं के सुचारू संचालन में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। भाजपा सरकार में सिर्फ ठेकेदारों को जल्द कार्य पूर्ण करने दबाव डाला जा रहा है। भुगतान की बात करने पर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित व कार्य निरस्त करने की धमकी भी मिल रही है। श्री सलाम ने बताया कि दंतेवाड़ा जिले में कार्य कर रहे ठेकेदारों ने उन्हें बताया कि कई कार्य ऐसे हैं जो महीनों पहले पूर्ण हो चुके हैं पर आज भी भुगतान के लिए ऑफिस के चक्कर काट रहे हैं। बजट होने के बावजूद भी उन्हें भुगतान नहीं किया जा रहा है। वहीं पंचायतों में स्थिति भी काफी खराब है। पंचायत दौरे के द्वारा विभिन्न ग्रामों के सरपंचों ने बताया कि पंचायतों को समय पर राशि नहीं मिल रही है। पंचायत स्तर पर होने वाले छोटे-छोटे कार्य भी भुगतान नहीं होने की स्थिति में बंद पड़े हैं।बारिश से पहले कई ऐसे गांव हैं, जहां पुल-पुलियों का निर्माण होना है पर भुगतान के अभाव में वह भी रूक गए हैं। महामंत्री विमल ने जिला प्रशासन से इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने और बकाया राशि को शीघ्र जारी करने की मांग की है।

उन्होंने ठेकेदारों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए भुगतान प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाए ताकि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की रुकावट से बचा जा सके।

जिला स्तरीय खनिज टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

नारायणपुर। जिला स्तरीय खनिज टास्क फोर्स की बैठक आज कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें जिले में हो रहे अवैध उत्खनन, खनिज परिवहन और भंडारण को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर जोर दिया गया। बैठक में खनि अधिकारी द्वारा जिले में हो रही अवैध गतिविधियों और उनके विरुद्ध चलाये जा रहे अभियानों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई, जिस पर कलेक्टर ने गंभीरता दिखाते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।बैठक में रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र, खनिज जांच चौकियों की स्थापना और मुरूम परिवहन जैसे अहम विषयों पर भी चर्चा की गई, ताकि खनिज संपदा के दुरुपयोग को रोका जा सके। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे अवैध उत्खनन पर निगरानी बढ़ाएं, खनिज संपदा के सुव्यवस्थित उपयोग पर ध्यान दें और आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई करें।बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आकांक्षा शिक्षा खलखो, वनमंडलाधिकारी सशिगानंदन के, अपर कलेक्टर बीरेंद्र बहादुर पंचभाई, आदि उपस्थित रहे।

जहां नक्सली सुनाते थे मौत का फरमान, वहां आजादी के बाद पहली बार ग्रामसभा का आयोजन

■ ग्राम पंचायत पदमकोट अंतर्गत बेड़माकोटी में सुरक्षा एवं जन सहायता सुविधा कैंप स्थापित किया

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना नियद नेल्लानार 'हमारा आदर्श ग्राम' के तहत 23 मार्च को ग्राम पंचायत पदमकोट अंतर्गत बेड़माकोटी में सुरक्षा एवं जन सहायता सुविधा कैंप स्थापित किया गया। यह क्षेत्र नक्सल प्रभावित और सुदूर अति संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण इस पहल को विशेष महत्व दिया गया है। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा 18 मार्च को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत नारायणपुर/ओरछा को ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके तहत जनपद पंचायत ओरछा अंतर्गत ग्राम पंचायत पदमकोट के घोटूल में पहली बार निर्भीक रूप से ग्रामसभा का आयोजन 24 मार्च को किया गया।

ग्रामसभा में ग्राम पंचायत पदमकोट के ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और शासन की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अपनी इच्छा जताई। ग्रामसभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें विशेष रूप से स्कूली बच्चों के जाति, निवास प्रमाण पत्र तथा बी1, मिशल बंदोबस्त, अधिकार अभिलेख आदि दस्तावेजों की उपलब्धता के संदर्भ में चर्चा की गई। साथ ही, ग्रामीणों द्वारा विभिन्न मूलभूत सुविधाओं और विकास योजनाओं के लिए माँग की गई, जिनमें ग्राम पंचायत भवन, राशन दुकान, आंगनबाड़ी केन्द्र, प्राथमिक शाला संचालन, मनरेगा योजना के तहत भूमि समतलीकरण, डबरी निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना (पक्का घर), स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय, पेयजल व्यवस्था के लिए हेण्ड पंप और विद्युतीकरण शामिल हैं। पदमकोट के ग्रामीणों द्वारा की गई माँगें 'प्रशासन आपके द्वार' जैसी पहल के प्रति बढ़ते विश्वास का प्रतीक हैं।

प्रथम पेज का शेष

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में ...

रही सौम्या चौरसिया, विधायक देवेंद्र यादव, रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा और 4 आईपीएस अधिकारी आनंद छाबड़ा, अभिषेक पल्लव, आरिफ शेख, प्रशांत अग्रवाल के घर जांच जारी है। इसके साथ ही एएसपी संजय ध्रुव और दो सिपाही नकुल-सहदेव के घर भी टीम ने दबिश दी है। रायपुर, दुर्ग और भिलाई में 10 से अधिक टीमें कार्रवाई कर रही है। भोपाल में बैक एण्ड शेक के मालिक गिरीश तलरेजा के ठिकानों पर भी सीबीआई ने सर्चिंग की है। उनके आईएसबीटी स्थित होटल पर भी सर्च कार्रवाई की गई है।

चैतन्य बघेल से की पूछताछ

भिलाई स्थित आवास में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल से टीम पूछताछ कर रही है। वहीं बघेल केंद्रीय सुरक्षा बल की कड़ी निगरानी के बीच परिवार के साथ अपने निवास पर मौजूद हैं। वहीं बघेल सरकार में सीएम सचिवालय में उप सचिव रहीं सौम्या चौरसिया के भिलाई स्थित घर पर सीबीआई की टीम छान-बीन कर रही है। कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज घर से बरामद किए जाने की चर्चा है।

भूपेश के घर के बाहर पुलिस से भिड़े समर्थक

पूर्व सीएम के भिलाई-3 पदुम नगर स्थित घर, विधायक देवेंद्र यादव के सेक्टर 5 स्थित घर, आईपीएस अभिषेक पल्लव के सेक्टर 9 स्थित निवास और उनके समय में महादेव सट्टा चलाने वाले सिपाही नकुल और सहदेव के नेहरू नगर स्थित घर पर दस्तावेजों की जांच जारी है। भूपेश के घर के बाहर बड़ी संख्या में मौजूद समर्थक कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं। इस दौरान पुलिस के साथ उनकी झड़प भी हो गई।

देवेंद्र यादव दिल्ली में, मां ने किया कार्रवाई का विरोध

भिलाई में देवेंद्र यादव की मां ने सीबीआई की कार्रवाई का विरोध किया। उन्होंने करीब घंटे भर टीम को घर के अंदर जाने नहीं दिया। टीम ने विधायक की मां को समझाइश दी, जिसके बाद कार्रवाई जारी है। बता दें कि देवेंद्र यादव शहर से बाहर दिल्ली गए हुए हैं।

पक्ष-विपक्ष ने नेताओं की टिप्पणी

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर सीबीआई की छापेमारी ने प्रदेश में एक बार फिर सियासी उबाल ला दिया है। पक्ष-विपक्ष ने नेता कड़ी टिप्पणी दे रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि न कांग्रेस झुकेगी, न रुकेगी। वहीं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने छापेमारी को लोकतंत्र के लिए बेहद ही खतरनाक कदम करार दिया। इन सबके बीच स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कांग्रेस के नेताओं को सीबीआई की जाँच में सहयोग करने की सलाह दी।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने एक्स पर किए अपने पोस्ट में कहा कि तमाम असफल छापों और नाकाम साजिशों के बाद, अब भाजपा ने सीबीआई को भूपेश बघेल और देवेंद्र यादव के पीछे लगा दिया। आज सुबह से ही सीबीआई हमारे दोनों नेताओं के घर पर जमी हुई है, लेकिन ये सत्ता की हताशा के सिवाय कुछ नहीं। लेकिन याद रखो - न कांग्रेस झुकेगी, न कांग्रेस रुकेगी। ये लड़ाई सिर्फ नेताओं की नहीं, हर उस सच्चाई की है, जिसे सत्ता के दम पर कुचलने की कोशिश हो रही है. भाजपा याद रखे - सत्य झुकता नहीं, और अन्याय का अंत निश्चित है।

टीम ने पल्लव को रोका, माहेश्ववरी ...

माहेश्वरी के घर को सील कर दिया है। इसके अलावा रायपुर में हवलदार राधाकांत पांडे और संदीप दीक्षित के यहां भी कार्रवाई जारी है।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ...

उन्हें भी सीबीआई और ईडी पर भरोसा है। क्योंकि उन्होंने सदन में सीबीआई जांच नहीं होगी तो प्रधानमंत्री तक को पत्र लिखने की बात कही है।

जिस विभाग को करनी थी...

नाम एफआईआर से हटा दिया गया। वहीं इस मामले की जांच कर रही सीबीआई की टीम ने ईडी की रिपोर्ट के आधार पर ही बुधवार को छापेमार करवाई की है। महादेव सट्टे का खुलासा होते ही संदीप दीक्षित और राधाकांत पांडे का नाम बड़ी तेजी से उछला था। जिसके चलते उन दोनों पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर तो ज़रूर कर दिया गया था लेकिन मौखिक आदेश पर दोनों हेड कांस्टेबल ईओडब्लू विभाग में ही तैनात नजर आए। जबकि ईडी की रिपोर्ट के मुताबिक यह दोनों पुलिस कर्मी ही रायपुर में पदस्थ माहेश्वरी, आईपीएस शेख एवं अन्य अधिकारीयों तक सट्टे का पैसा पहुंचाने की अहम कड़ी बताए गए थे। हद तो तब हो गई जब जिस विभाग को इन पुलिस कर्मियों के खिलाफ जांच करनी थी। उन्हें ही उस विभाग में पदस्थ कर दिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हेड कांस्टेबल दीक्षित और पांडे ने इस मामले से जुड़े कई अहम सबूतों को ठिकाने भी लगा दिया है। फिलहाल यह दोनों पुलिस कर्मी वर्तमान के छत्तीसगढ़ के सबसे दमदार आईपीएस अधिकारी के नीचे उनका करीबी बन कर काम कर रहे हैं।

दिल्ली पुलिस की टीम जस्टिस ...

मामले में दिल्ली पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ से वकील मैथ्यूज जे नेदुम्परा ने आग्रह किया कि याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए, क्योंकि यह व्यापक जनहित से संबंधित है। इस पर सीजेआई ने कहा कि याचिका पर सुनवाई होगी। वकील ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट ने सराहनीय काम किया है, लेकिन एफआईआर की जरूरत है। इस पर सीजेआई ने कहा, सार्वजनिक बयान न दें।

9 नक्सलियों ने वेट्टी कन्नी के ...

चव्हाण ने बताया कि लगातार चलाए जा रहे ऑपरेशन और कैंप खोलने से प्रभावित होकर नौ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें बटालियन नंबर वन के अलावा जगरमुंडा एरिया में शामिल नक्सली हैं। ये नक्सलियों की खोखली विचारधारा को त्यागकर आत्मसर्मपण किया है। इन्हें शासन की आत्मसमर्पण की नीतियों का लाभ दिया जाएगा।

आईएएस डॉ. एस. भारतीदासन ...

भारतीदासन ईमानदार और स्वच्छ छवि वाले अधिकारी माने जाते हैं। पूर्ववर्ती सरकार में वे मुख्यमंत्री के सचिव भी रह चुके हैं, लेकिन वर्तमान सरकार में अब तक उनके पास कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी नहीं थी।

भ्रामक विज्ञापनों को लेकर ...

नियमित रूप से प्रचार करें। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को पुलिस तंत्र को इस अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने के लिए संवेदनशील बनाने का भी निर्देश दिया।

बेंगलुरु की टेक कंपनियों को भाया...

और उद्योगों के लिए देश के सबसे उभरते हुए राज्यों में से एक है। देश के सबसे समृद्ध खनिज संसाधन, सेंट्रल इंडिया की शानदार लोकेशन और कनेक्टिविटी के लाभ के साथ ही छत्तीसगढ़ में भरपूर बिजली-पानी, मानव संसाधन जैसी बुनियादी सुविधाएं हैं।

छत्तीसगढ़ को मिले ...

निट टेक प्राइवेट लिमिटेड -दोनों कंपनियां 200 करोड़ का निवेश कर टेक्सटाइल सेक्टर को मजबूती देंगी, जिससे राज्य के कपड़ा उद्योग को नई पहचान मिलेगी। - बीईएमएल (भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड) ने छत्तीसगढ़ में 200 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है।

न्यूज गैलरी

भक्ति सेवा और समर्पण की जीवंत प्रतिमा माता कर्मा देवी

कांकेर। ग्राम कोकानपुर में साहु समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम समाज के महिला, पुरुषों ने कलश यात्रा निकाल कर पूरे ग्राम का भ्रमण किया तत्पश्चात माता कर्मा देवी जी के छायाचित्र पर फूलमाला, नारियल से पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। इस जयती समारोह में ग्राम अध्यक्ष छबि लाल साहू, चोवा राम साहू, तोमन साहु, एमन साहु, किशोर साहू, शंकर साहु, रमेश साहु, धन्नू साहु, मनु साहु, बोधन साहु, गिरधारी साहु, मदन साहु, आसवन साहु, अशोक साहु, थामे साहु, दादू साहु, पेमिन साहु, कांति साहु, चित्र रेखा साहु, सहित बड़ी संख्या में साहु समाज के बंधु उपस्थित रहे।

मुदवेंडी में जनसुविधा शिविर का एसडीएम ने किया निरीक्षण

बीजापुर 26 मार्च 2025- कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के दिशा-निर्देशन में अंदरूनी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जनसुविधा शिविर का आयोजन कर आधार, आयुष्मान, बैंक खाता सहित विभिन्न व्यक्तिमूलक योजनाओं से हितग्राहियों को जोड़कर शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित करने का कार्य शिविर के माध्यम से लगातार किया जा रहा है।बीजापुर के सुदर क्षेत्र मुदवेंडी में आयोजित जनसुविधा का एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल द्वारा औचक निरीक्षण कर शिविर में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए ग्रामीणों के महत्वपूर्ण दस्तावेज सुगमतापूर्वक बनाने को कहा गया।

बिंजली में चैत्र नवरात्रि, श्री राम जन्मोत्सव का होगा आयोजन

नारायणपुर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम बिंजली में चौत्र नवरात्रि एवं श्री राम जन्मोत्सव 2025 का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। यह महापर्व दिनांक 30 मार्च 2025 से 06 अप्रैल 2025 तक हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर धार्मिक आयोजन, भजन-कीर्तन, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ एक विशेष कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।सामूहिक विवाह का आयोजन भी इस कार्यक्रम में किया जाएगा। यह अवसर उन परिवारों के लिए विशेष होगा जो अपने बच्चों का विवाह इस पावन समय में कराना चाहते हैं। इसलिए, जो भी परिवार इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भाग लेना चाहते हैं, उन्हें दिनांक 01 अप्रैल 2025 तक अपनी बुकिंग करवा लेनी चाहिए। इस धार्मिक और सामाजिक उत्सव में हर कोई सादर आमंत्रित है, ताकि हम सब मिलकर श्री राम और देवी दुर्गा की पूजा अर्चना करें और इस पवित्र अवसर का लाभ उठाते हुए सामाजिक समरसता का परिचय दें।

आयोजन समिति की ओर से सभी ग्रामीणों और श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वे इस महान अवसर पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें और समाज में भाईचारे का संदेश फैलाएं।

पीएम आवास : छूटे हुए पात्र परिवारों का सर्वेक्षण कार्य जारी

- हितग्राही स्वयं एप के जरिए कर सकते हैं सर्वे कार्य

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। केंद्र सरकार के पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत वर्ष 2018 से छूटे हुए पात्र परिवारों के लिए पीएम आवास 2.0 योजना के अंतर्गत सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा ने समस्त छूटे हुए परिवारों के सर्वेक्षण को गंभीरता से लेते हुए सभी जनपद पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया है कि वे इस कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें। उल्लेखनीय है कि पीएम आवास 2.0 सर्वेक्षण कार्य के लिए ग्राम सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्रों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा पीएम आवास 2.0 पोर्टल के माध्यम से सर्वेक्षण कार्य हो रहा है, जिसमें हितग्राही स्वयं भी ऐप के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। यदि किसी भी पात्र परिवार का विकासखंड स्तर पर सर्वे नहीं हो पाता है तो वे जनपद पंचायत कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। हितग्राही स्वयं भी ''आवास प्लस 2.0'' ऐप के माध्यम से सर्वेक्षण कर सकते हैं। यदि सर्वेक्षण के दौरान किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आती है, तो वे पंचायत कार्यालय या ग्रामीण सचिव से सहायता प्राप्त किया जा सकता है। सर्वेक्षण हेतु आवश्यक दस्तावेज के लिए राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, आधार कार्ड निर्धारित किए गए है।

एक पौधा जरूर लगाएं : राज्यपाल

कोरिया । 'धरती का श्रृंगार हरियाली से है, इसलिए हर व्यक्ति को पौधरोपण का संकल्प लेना चाहिए' यह संदेश राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज कोरिया जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को दिया। अपने एक दिवसीय कोरिया प्रवास के दौरान उन्होंने जिला अधिकारियों की बैठक में वन संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए पौधे लगाने की अपील की।राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' योजना के तहत सभी स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, छात्रावास, कलेक्ट्रेट और अन्य सरकारी-अशासकीय कार्यालयों में पौधरोपण किया जाना चाहिए।

चांद की तस्दीक होने पर ईद सोमवार या फिर मंगलवार को मुस्लिम समाज ईदुलफितर मनाएगा

आज शबे कद्र इबादत की रात, अलविदा जुमा माहे रमजान मुबारक अपने अंतिम पड़ाव पर

- शबे कद्र में होगा खत्मे कुरान ईद की तैयारियों में जुटा मुस्लिम समाज
- ईदुलफितर की नमाज मुफ्ती सिराजुद्दीन अल कादरी बरेलवी पढ़ाएंगे...

कांकेर/ नवप्रदेश। मुस्लिम समाज पवित्र महीना माहे रमजान मुबारक का 25 वा रोजा मुकम्मल हुआ ।आने वाले गुरुवार को माहे रमजान शरीफ़ का सबसे इबादत यानी शबे कद्र की रात आएगी। अगले दिन माहे रमजान शरीफ़ का अलविदा जुमा होगा।तीस दिनों तक चलने वाले माहे रमजान शरीफ़ का मुकद्दस महीने में शहर की तीन मस्जिद जामा मस्जिद संजय नगर की सिब्तेन रज़ा मस्जिद सिंगारभाट स्थित हुजूर अमीने शरीयत मस्जिद में माहे रमजान मुबारक के अवसर पर तरावीह की विशेष नमाज अदा किया जाता है।जो चांद दिखने के साथ तरावीह की विशेष नमाज पढ़ाई जाती है। शबे कद्र के दिन विशेष नमाज तरावीह में खत्मे कुरान किया जाता है। शबे कद्र के दिन अंजुमन इस्लामिया कमेटी मुफ्ती साहब इमाम साहब मौज्जम साहब सहित कमेटी के कर्मचारियों का सम्मान कर इनाम से नवाजा जाता है।

सिब्तेन रजा मस्जिद और सिंगारभाट की अमीने शरीयत मस्जिद में की गई विशेष सजावट

माहे रमजान शरीफ़के मुकद्दस महीने में इस साल शहर की जामा मस्जिद में चल रहे निर्माण कार्यों के कारण मस्जिद की सजावट नहीं किया जा सका। लेकिन रमज़ान के पवित्र महीने को लेकर संजय नगर की सिब्तेन रज़ा मस्जिद की तामीर पश्चात मस्जिद बहुत ही ज्यादा खूबसूरत बनाई गई इसके अलावा मस्जिद की विशेष सजावट भी किया गया है। इसी तरह शहर से करीब तीन किलोमीटर दूरी पर ग्राम पंचायत सिंगारभाठ की हुजूर अमीने शरीयत मस्जिद की विशेष सजावट किया गया है।माहे रमजान शरीफ़में मुस्लिम समाज के छोटे बड़े नन्हे बच्चे तक पूरी अकीदत से खुदा के नाम पर पूरे रमजान के महीने में रोजा रखकर इबादत में गुजारते है।

माहे रमजान की विशेष नमाज तरावीह को अली मोहम्मद इलाहाबादी ने कराया मुक़म्मल...

शहर की जामा मस्जिद में माहे रमजान शरीफ़ की विशेष नमाज तरावीह को पढ़ाने उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद से पहुंचे मुफ्ती अली मोहम्मद इलाहाबादी ने मुकम्मल कराया। शबे कद्र के दिन पूरी रात मुस्लिम समाज मस्जिदों में रहकर इबादत में गुजारते है। शाम 06 बजे से लेकर अगली सुबह तक समाज के छोटे बड़े बच्चे इस दिन इबादत में गुजार अपने गुनाहों की माफ़ी मांगते है।शबे कद्र के बाद महज03 दिनों के बाद चांद की तस्दीक होने पर ईद सोमवार या फिर मगलवार को मुस्लिम समाज ईदुलफित्तर मनाएगा।

ईद के लिए सजा बाज़ार

खरीदारी के लिए दुकानों में भीड़.....माहे रमजान मुबारक में शबे कद्र और अलविदा जुमा के बाद मुस्लिम समाज ईद की तैयारियों में जुट गए हैं। वैसे बाजार भी ईद लिए गुलज़ार हो चुका है। मुस्लिम समाज लोग ईद के मौके पर कपड़े जुड़े किराने से लेकर अन्य दुकानों में भीड़ देखने को मिल रही है।

नियद नेल्लानार योजना के तहत सैकड़ों हितग्राही हुए लाभान्वित

बीजापुर/ नवप्रदेश । कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला बीजापुर अंतर्गत जनपद स्तरीय स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण एवं जनपद पंचायत के समन्वय पश्चात 10, 12, 19 एवं 21 मार्च 2025 क्रमशः जनपद पंचायत भोपालपटनम, उसूर, भैरमगढ़ एवं बीजापुर में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 401 लोगों ने पंजीयन कराया, एवं 260 लोगों को निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें 185 दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों का 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यू.डी.आई.डी. कार्ड जारी कर संबंधितों को प्रदाय किया गया। साथ ही 44 दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को 40 प्रतिशत से कम दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। 31 दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को रिफर चिकित्सक द्वारा किया गया। उक्त शिविर में 185 दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को समाज कल्याण के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे- पेंशन योजना कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना, छात्रवृत्ति योजना, उच्च शिक्षा प्रोत्साहन योजना, सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना एवं विवाह प्रोत्साहन योजना को पात्रता एवं नियमानुसार लाभ प्रदाय किया जायेगा। साथ ही अन्य विभाग के योजनाओं से पात्रता एवं नियमानुसार लाभान्वित होगें। उक्त शिविर में नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत कई दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। उक्त शिविर में जनपद स्तरीय जनप्रतिनिधि, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, चिकित्सकगण, उप संचालक समाज कल्याण जिला, संबंधित एस.डी.एम. एवं सी.ई.ओं के गरिमामय उपस्थिति में चिन्हांकन /मूल्यांकन शिविर सम्पन्न हुआ। आवश्यकतानुसार इस प्रकार की शिविर भविष्य में भी आयोजित किये जाएंगे। ताकि छूटे हुए दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया जा सके एवं शासन के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। उक्त जानकारी उप संचालक समाज कल्याण विभाग द्वारा दी गई है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह का आयोजन

- कार्यक्रम में 120 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न होगा

नारायणपुर/ नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 27 मार्च गुरूवार को इंडोर स्टेडियम माहका में दोपहर 1:00 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री वन एवं जलवायु परिवर्तन, जलसंसाधन, कौशल, विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप होंगे। इस कार्यक्रम में 120 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न होगा। यह आयोजन जिले के सामाजिक समरसता और महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कदम है। सभी जनों से अनुरोध है कि वे इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर इस पुण्य कार्य का हिस्सा बनें।

जिला स्तरीय खनिज टास्क फोर्स की बैठक आयोजित, अवैध उत्खनन और खनिज परिवहन पर कलेक्टर ने दिए कड़े निर्देश

- जिला स्तरीय खनिज टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

नारायणपुर नवप्रदेश। जिला स्तरीय खनिज टास्क फोर्स की बैठक आज कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें जिले में हो रहे अवैध उत्खनन, खनिज परिवहन और भंडारण को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर जोर दिया गया। बैठक में खनिज अधिकारी द्वारा जिले में हो रही अवैध गतिविधियों और उनके विरुद्ध चलाये जा रहे अभियानों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई, जिस पर कलेक्टर ने गंभीरता दिखाते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

बैठक में रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र, खनिज जांच चौकियों की स्थापना और मुरूम परिवहन जैसे अहम विषयों पर भी चर्चा की गई, ताकि खनिज संपदा के दुरुपयोग को रोका जा सके। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे अवैध उत्खनन पर निगरानी बढ़ाएं, खनिज संपदा के सुव्यवस्थित उपयोग पर ध्यान दें और आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई करें।बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आकांक्षा शिक्षा खलखो, वनमंडलाधिकारी सशिगानंदन के, अपर कलेक्टर बीरेंद्र बहादुर पंचभाई, अभिषेक गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अभयजीत मंडावी, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लोकेश बंसल, जिला खनि अधिकारी दालेश्वर यदुराज, जिला परिवहन अधिकारी योगेश भंडारी, तहसीलदार सौरभ कश्यप सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED
(A Chhattisgarh Government Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ADDL.C.E (S&P) Dr. SPM TPS, KORBA (EAST), DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. - (07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: sepmw.dspmke@cspc.co.in

TENDER NOTICE NO.-3047/25

Online bids are invited by the undersigned through CSPGCL e-bidding system (SAP SRM) for, 2x250DSPM TPS, CSPGCL Korba East.

S. No	Tender Specification No.	RFX No. of E-Tender	Particulars	Qty.	Last date & time of bid submission	E.M.D. (Rs.)	Tender Cost
01	16-06/ DSPM TPS/S&P/ /TMD/T-3128/25	8100042305	In Situ Servicing /Repairing /Overhauling of Mal Drains/ high pressure valves 3000/ 2500/1500/300 & other class by using special purpose in-situ seat cutting/lapping machine for turbine area, DSPM TPS, CSPGCL, KORBA EAST.	As per Tender Schedule	15.04.2025 15:30 Hrs.	10440/-	590/-

For More detail, please visit our website at: -https://www. cspc.co.in Any amendment/ corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

SUPRINTENDING ENGINEER (Contract) DSPM TPS, CSPGCL, KORBA, EAST

SAVE ELECTRICITY S-43338/2

भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान

कांकेर/ नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक आज भाजपा कार्यालय कांकेर में भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन की अध्यक्षता व पूर्व भाजपा अध्यक्ष विक्रम उसेण्डी, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भाप्रकासस भरत मटियारा, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष हलधर साहू की उपस्थिति में सम्पन्न हुई ।

जिला कार्यसमिति को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि अभी हाल ही में संपन्न स्थानीय निकाय व पंचायत चुनावों में भाजपा का परचम पूरे जिले में लहराया है। स्थानीय चुनाव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरी ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन किया जिसका परिणाम जिले में भाजपा के जनप्रतिनिधियों की भारी संख्या में रूप में देखने को मिल रहा है । पंचायत व स्थानीय निकाय चुनाव भाजपा कार्यकर्ताओं का चुनाव होता है जिसमें हमें अपार सफलता मिली है। जैन ने कहा कि हमारे गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि जब तक पंच से पार्लियामेंट तक हमारे जनप्रतिनिधि नही आयेंगे विकास अंतिम व्यक्ति तक पहुंच नही पायेगा । हमारे जिले सहित पूरे छ.ग. में आज पंच से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा के जनप्रतिनिधि जीते है और छ.ग. की जनता ने भाजपा के जनप्रतिनिधियों का चुनाव कर ये कार्य कर दिखाया।

कार्यालय नगर पंचायत सरगांव, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्रमांक/1373/प्र.मं.आ.य/न.पं/24-2025 सरगांव, दिनांक 24/03/2025

दावा आपत्ति आमंत्रण सूचना

अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य शहरी विकास अभिकरण, छत्तीसगढ़ इंद्रावती भवन, अटल नगर नवा रायपुर के पत्र क्रमांक/9/सूडा/PMAY-U 2.0/ 2024-25 8794, दिनांक 13.03.2025 के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 सबके लिए आवास मिशन BLC घटक अंतर्गत स्वयं की भूमि पर काबिज हितग्राहियों का निर्धारित दिशा-निर्देश अनुसार कट-ऑफ तिथि दिनांक 31 अगस्त 2024 के पूर्व काबिज हितग्राहियों के आवेदन पत्रों पर नगर पंचायत सरगांव द्वारा हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर सर्वेक्षकर्ता द्वारा सत्यापन किया जाकर डी.पी.आर. पट्टाधारी का कुल 17 हितग्राहियों की प्रथम सूची तैयार की गई है। उक्त हितग्राहियों का काबिज, विवाद मुक्त होने पर उक्त हितग्राहियों का आवास स्वीकृत किया जाना है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को नगर पंचायत सरगांव के सूचना पटल में प्रकाशित सूची में किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर नगर पंचायत सरगांव कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में दस्तावेज आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। उक्त तिथि उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगा।

सूचना जाने

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पंचायत सरगांव
जिला-मुंगेली (छ.ग.)

कार्यालय जिला परियोजना लाइवलीहुड कालेज सोसायटी जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

Address : Livelihood college room No.-1 Govindpur Kanker, E-mail : livelihoodkanker@gmail.com

क्रमांक/294 A/निविदा/लाई.का.का./2024-25 कांकेर, दिनांक 24/03/2025

''निविदा आमंत्रण सूचना''

जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज सोसायटी कांकेर अंतर्गत लाईवलीहुड कालेज कांकेर एवं लाईवलीहुड कालेज अंतागढ़ में रहवासी प्रशिक्षणार्थियों के भोजन, चाय, नाश्ता आदि की व्यवस्था के लिए कांकेर जिले के इच्छुक आपूर्तिकर्ता पंजीकृत महिला स्व-सहायता समूहों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं नियम-शर्तें, कार्यालय जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज सोसायटी जिला उत्तर बस्तर कांकेर से दिनांक 15/04/25 को सायं 05.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है एवं https://kanker.gov.in से निविदा संबंधित नियम एवं शर्तों का अवलोकन किया जा सकता है।

निविदा जारी करने की तिथि :- 28.03.2025
निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 15/04/2025, सायं 05.00 बजे तक।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- 16/04/2025, सायं 05.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि :- 17/04/2025, प्रातः 11.00 बजे।

संवाद-43347/2

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत
जिला उ.ब. कांकेर

कार्यालय नगर पालिका परिषद कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

फोन- 07741-232226 फैक्स- 07741-233579

क्रमांक/6641/न.पा.प./स्वा. शाखा/2024-25 कवर्धा, दिनांक 21/03/2025

// रूचि की अभिव्यक्ति सूचना //

नगरपालिका परिषद कवर्धा क्षेत्रांतर्गत ''स्वच्छता श्रृंगार योजना'' अंतर्गत निकाय में स्थित सामुदायिक शौचालयों का संचालन-संधारा किए जाने हेतु इच्छुक एन.जी.ओ./ स्व सहायता समूह/ सोसायटी से दिनांक 11.04.2025 शाम 5.00 बजे तक अपना प्रस्ताव रूचि की अभिव्यक्ति के तहत कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

आवेदन शुल्क की राशि 100/- रु. के साथ उपरोक्त योजना अंतर्गत सामुदायिक शौचालय के संचालन तथा रख-रखाव हेतु शीट की संख्या के आधार पर 20 सीटर तक राशि 15000.00 प्रतिमाह एवं 20 सीटर से अधिक तक रु. 18000.00 प्रतिमाह शासन द्वारा निर्धारित किया गया है तथा एन.जी.ओ./ स्व. सहायता समूहों के लिए 05 वर्ष हेतु निकाय द्वारा अनुबंध कारित किया जावेगा। आवेदन पत्र के साथ पंजीयन प्रमाण-पत्र पेनकार्ड, सर्विस टैक्स रजिस्ट्रेशन संलग्न करना अनिवार्य है।

अन्य नियम, शर्तें एवं विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समयावधि में स्वास्थ्य शाखा से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कवर्धा

कार्यकर्ताओं को सराहनीय सेवाओं के लिए अतिथियों ने साड़ी और पौधा भेंट कर किया सम्मानित

■ लईका घर खुलने से महिलाओं को खेती एवं अन्य कार्य करने में सुविधाएं

नगरी/नवपद्रेश। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन व मोबाइल क्रेशिज के द्वारा लईका घर तिहार कार्यक्रम नगरी स्थित साहू भवन प्रांगण में उल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी व विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश्वरी नेताम पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, हुमित लिमजा पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, करुणा सागर पटेल मुख्य अधिकारी जनपद पंचायत नगरी, मुनेन ध्रुव जनपद सदस्य, शशि ध्रुव जनपद सदस्य, गुलशन अजीम प्रेमजी फाऊंडेशन धमतरी, संजय तिवारी मोबाईल क्रैशिज नई दिल्ली, हितेन्द्र साहू बीपीएम, टिकेश्वर ध्रुव वि. खं समन्वयक बिहान उपस्थित थे। कार्यक्रम मुख्य अतिथि गोटा ने कहा कि बच्चों के हितों के लिए काम करने वाली संस्थाओं को जनपद पंचायत के द्वारा हरसंभव सहयोग दी जाएगी। उन्होंने विकासखंड में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से 60 लईका घर के संचालन पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम अध्यक्ष हृदय लाल साहू ने बच्चों के साथ देखभाल कार्यकर्ताओं की आत्मनिर्भरता के लिए खुशी जाहिर की।

विशिष्ट अतिथि हुमित कुमार लिमजा ने आंगनबाड़ी पूर्व बाल देखरेख के लिए लईका घर को उपयुक्त माध्यम बताया। उन्होंने आगामी समय में नगरी विकासखंड के प्रत्येक गांव में लईका घर खोलने पर जोर दिया। सभा को संबोधित शशि ध्रुव, गुलशन संजय तिवारी आदि ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के 1 वर्ष पूरा होने पर 85 देखभाल कार्यकर्ताओं को सराहनीय सेवाओं के लिए अतिथियों ने सम्मान पत्र, साड़ी व पौधा भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रशिक्षक श्याम सिंह ने लईका घर से संबद्ध वीडियो का प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से किया। तत्पश्चात संजय तिवारी ने मोबाईल क्रैशिज संस्था की सोच, यात्रा तथा लईका घर कार्यक्रम के संचालन की जानकारी शेयर की। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से गुलशन जी ने नगरी विकासखंड में पिछले 12 वर्षों से स्कूली शिक्षा में तकनीकी सहयोग प्रदान करने तथा पिछले एक वर्ष से बाल देखरेख सेवाओं के तहत नन्हे बच्चों के लिए कार्य किए जाने की जानकारी साझा की।

कार्यक्रम के मध्य विभिन्न गांव से पहुंची देखभाल कार्यकर्ताओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों को मंत्र मुक्त किया।

कार्यक्रम में उपस्थित परसापानी की देखभाल कार्यकर्ता सुनीता निषाद ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि पहले गांव में मुझे मछली पकड़ने वाली के नाम से जानते थे और अब लईका घर केंद्र की देखभाल कर्ता के रूप में जाने लगे हैं। इस बात से मुझे काफी खुशी मिलती है। वहीं फरसियां की संगीता यादव ने बताई कि पहले एक बच्चे की देखभाल अपने घर में करती थीं, पर आज लईका घर में 19 बच्चों की देखभाल करती हूं। इनमें से अधिकांश बच्चे मुझे मां कहकर पुकारती है यह मेरे लिए ऊर्जा देने वाला पल होता है।

कार्यक्रम के मध्य अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से मनीष जी ने लईका घर केंद्र की सेवाओं तथा बच्चों के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की। सखी वन स्टाफ सेंटर धमतरी की केंद्र प्रशासक श्रीमती उषा ठाकुर व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के जेंडर विशेषज्ञ प्रियंका गंजीर ने अपने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में स्टेट लीड अजीत मोहन चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

न्यूज गैलरी

पीने के पानी की हो रही बर्बादी, अभी भी कई नालों में टोटी नहीं

गंडई पंडरिया/नवपद्रेश। भीषण गर्मी का समय आ गया है। नगर के कई नालों में अभी भी टोंटी नहीं लगने के कारण पानी की जमकर बर्बादी हो रही है। जिससे हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। इस बर्बादी को रोकने के लिए प्रशासनिक स्तर पर खानापूर्ति के लिए सार्वजनिक स्थानों के नालों में टोंटी लगाई गई है। नगर में रोज सुबह-शाम पानी की सप्लाई के दौरान कई मोहल्लों में पानी की बर्बादी के यह नजारे दिखाई देते हैं, जो आगे चलकर भविष्य में जलसंकट के रूप में परेशानी खड़ी कर सकते हैं। पानी सप्लाई के दौरान नगर पंचायत अमला मोहल्लों में नहीं दिखाई देता है। नालों में टोंटी नहीं होने की वजह से पानी बहता ही रहता है, जिसके चलते जमकर पानी की बर्बादी हो रही हैं।

अब एसडीएम कार्यालयों में भी सोमवार को जनदर्शन

धमतरी/नवप्रदेश। समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में आज कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने राजस्व प्रकरणों को तेजी से निराकृत करने के लिए सभी राजस्व अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने सभी राजस्व न्यायालयों में अधिकारियां को व्यक्तिगत रूप से प्रकरणां को पढ़कर नियमानुसार निराकरण करने को कहा। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि समय-समय पर अधिनस्थ कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान राजस्व प्रकरणों पर पेशी पर पेशी बढ़ाने की प्रवृत्ति दिखाई देती है। कई कार्यालयों में रीडर ही प्रकरण पर पेशी की नई तारीख दे रहे हैं। कलेक्टर ने सभी राजस्व न्यायालयां के अधिकारियों को इस प्रवृत्ति पर जल्द से जल्द रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कुकरेल तहसील में समय सीमा से अधिक अवधि से लंबित राजस्व प्रकरणों पर गहरी नाराजगी जताई। कलेक्टर ने नामांतरण, अविवादित बंटवारा, विवादित राजस्व प्रकरणों, अभिलेख दुरूस्ती और त्रुटि सुधार प्रकरणों, भू-अर्जन, सीमांकन सहित डायवर्सन प्रकरणों को नियमानुसार निर्धारित समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी प्रकरणों को ई-कोर्ट में दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने रिकॉर्ड दुरूस्तीकरण और त्रुटि सुधार के लंबित प्रकरणों पर भी चिंता जताई। बैठक में जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, एडीएम श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहारी सहित सभी अनुभागों के एसडीएम, तहसीलदार एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

आवेदनकर्ता को भी मिलेगी निराकरण की सूचना

धमतरी/नवपद्रेश। अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय में जनदर्शन सहित दूसरे विभागीय कार्यालयों में भी आवेदन देने वाले लोगों को अब उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई-निराकरण की सूचना मिल सकेगी। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में इसके निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने बैठक में जनदर्शन में मिले आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने को कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों की समस्याओं को संज्ञान में लेकर उनपर त्वरित कार्रवाई करें। किसी भी व्यक्ति की समस्या को बिना किसी कारण के लंबित ना रखें। कलेक्टर ने यह भी कहा कि व्यवहारिक रूप से किसी निराकृत न की जा सकने वाली समस्या के लिए लोगों को सूचित भी किया जाए। कलेक्टर ने जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनदर्शन और पीएम पोर्टल में दर्ज आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई कर निराकृत करने के निर्देश दिए।

महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में विस अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह और मंत्री जायसवाल हुए शामिल

फिजियोथेरेपी कॉलेज की होगी स्थापना

■ एमआरआई मशीन लगभग 30 करोड़ रुपए की लागत से खरीद कर शीघ्र लगेगा

■ शासकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में फिजियोथेरेपी कॉलेज खोलने की घोषणा

राजनांदगांव/नव प्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बुधवार को भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के ऑडिटोरियम में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 में इस मेडिकल कॉलेज की नींव रखी गई थी। छत्तीसगढ़ का सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कॉलेज बनाने की कल्पना है। यहां का भवन बहुत अच्छा है आने वाले 4 वर्ष के भीतर सभी सुविधाएं उपलब्ध करानी है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के वार्षिकोत्सव के अवसर पर ट्रामा यूनिट, सीटी स्कैन, एमआरआई, फिजियोथैरेपी कॉलेज, मॉड्यूलर किचन, कैथ लैब, लॉउंड्री, स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा की स्थापना जैसे कार्यों के लिए घोषणा की गई है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि स्वशासी समिति की बैठक में मेडिकल कॉलेज सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बहुत सारे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है। उन्होंने कहा कि शासकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में फिजियोथेरेपी कॉलेज की स्थापना की जाएगी। मेडिकल कॉलेज में हृदय रोग से संबंधित मरीजों के इलाज के लिए लैब नहीं थी इसके लिए 4 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत से कैथ लैब निर्माण करने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। सीएसएचडी के लिए भी 1 करोड़ 50 लाख रूपए की स्वीकृति की अनुशंसा की गई है। ट्रामा सेंटर सीसीएचबी यूनिट 7 करोड़ 10 लाख रुपए की लागत से शीघ्र निर्माण किया जाएगा। एमआरआई मशीन लगभग 30 करोड़ रूपए की लागत से खरीद कर शीघ्र लगाया जाएगा। सीटी स्कैन मशीन को तीन माह के भीतर स्थापित कर प्रारंभ किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए मॉड्यूलर किचन 50 लाख रूपए की लागत से निर्माण करने का अनुमोदन किया गया है। मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों एवं अस्पताल के कपड़े धुलाई के लिए 50 लाख रूपए की लागत का उच्च गुणवत्ता का बड़ी लाउंड्री मशीन खरीदी जाएगी। मेडिकल कॉलेज परिसर में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह वक्त छत्तीसगढ़ के एक-एक व्यक्ति के लिए बहुत महत्वपूर्ण समय है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्ष 2047 तक विकसित भारत का सपना देख रहे हैं। हर व्यक्ति किसान हो, मजदूर हो या किसी क्षेत्र में कार्य करने वाला हो। एक-एक व्यक्ति की जिम्मेदारी और मेहनत से विकसित भारत 2047 का सपना पूरा होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में पढ़ने का अच्छा अवसर मिल रहा है। अच्छी पढ़ाई कर एक अच्छे चिकित्सक का दायित्व निभाएं।

शासकीय मेडिकल कॉलेज में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

राजनांदगांव/नवपद्रेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल आज भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव की स्वशासी समिति की बैठक में शामिल हुए।

स्वशासी समिति की बैठक में लिए गए निर्णय

- मेडिकल कॉलेज परिसर में स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी जी की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।
- मेडिकल कॉलेज परिसर में फिजियोथेरेपी कॉलेज की स्थापना।
- हृदय रोग से संबंधी ईलाज के लिए लैब नहीं थी इसके लिए 4 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत से कैथ लेब निर्माण करने का निर्णय लिया गया है।
- सीएसएचडी के लिए भी 1 करोड़ 50 लाख रूपए की स्वीकृति की अनुशंसा की गई है।
- ट्रामा सेंटर सीसीएचबी यूनिट 7 करोड़ 10 लाख रुपए की लागत का स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।
- एमआरआई मशीन लगाने का निर्णय लिया गया है।

सीटी स्कैन मशीन को तीन माह के भीतर स्थापित कर प्रारंभ किया जाएगा।

- -मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए मॉड्यूलर किचन 50 लाख रूपए की लागत से निर्माण करने का अनुमोदन किया गया है।
- मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों के कपड़े धुलाई के लिए 50 लाख रुपए की लागत का उच्च गुणवत्ता का लाउंड्री निर्माण करने का निर्णय लिया गया है।

बागेश्वरधाम में मां बम्लेश्वरी पदयात्री सेवा की बैठक

■ संस्कारधानी की महत्ता के अनुरूप की जाएगी पदयात्री सेवा

राजनांदगांव/नवपद्रेश। प्रति नवरात्र अनुसार बागेश्वर धाम मंदिर उत्सव भवन में मां बम्लेश्वरी जाने वाले पदयात्रियों की सेवा विशेषकर विश्राम सेवा, स्नान, मोबाइल चार्जिंग, महिलाओ के लिए विशेष व्यवस्था, तथा नवरात्र में अन्य धार्मिक आयोजनों हेतु संयुक्त सेवा पंडाल की बैठक हुई। जिसकी जानकारी देते हुए आयोजन समिति के संयोजकों पंकज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, भावेश अग्रवाल, सूरज गुप्ता, योगेश साहू, महिला सेवा अध्यक्ष मधु खंडेलवाल ने बताया कि प्रथम .राजनांदगाव रत्न वरिष्ठ समाज सेवी डॉ. डी.सी. जैन व बढ़ते कदम के अध्यक्ष गुरूमुख दास वाधवा की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वप्रथम बागेश्वर उत्सव भवन जो कि जन सामान्य के धार्मिक, मांगालिक, पारिवारिक आयोजनों सबसे दर पर जनसमान्य को उपलब्ध करवाया जा रहा है उसके पूर्ण होने की जानकारी पंकज गुप्ता द्वारा देकर उपस्थित वरिष्ठजनों के स्वागत पश्चात बैठक आरंभ हुई बैठक में वरिष्ठ समाज सेवी प्रख्यात वक्ता राकेश इंद्रभूषण ठाकुर, आस्था मूक बधिर संस्था के पूर्व अध्यक्ष हेमंत तिवारी, पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष राजेश शर्मा, काली माई मंदिर समिति के रघु शर्मा, संरक्षक रामवतार जोशी, सोहन गुप्ता, कसौधन वैश्य समाज की महिला मंडल प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आशा गुप्ता व शहर अध्यक्ष अन्नू गुप्ता, आयोजन समिति की महिला अध्यक्ष मधु खंडेलवाल, शनिधाम मंदिर के राकेश ठाकुर साइंस कॉलेज की पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष प्रज्ञा गुप्ता आदि ने संस्कारधानी के नाम के महत्व, अर्थ के अनुसार समस्त संस्कारधानी वासियों को पदयात्रियों की सेवा व अन्य आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में अपनी तन-मन धन से श्री बागेश्वर धाम मंदिर मे सेवा उपस्थिति देने का आग्रह किया जिसमें संस्कारधानी के सेवा प्रकल्प की पदयात्रियों की सेवा से दूर-दूर तक संस्कारधानी का नाम उसके अनुरूप सेवा में भी प्रसिद्धि पा सके। बैठक में अनेक धर्म सेवकों ने बाहर होने के बावजूद मोबाईल के माध्यम से ऑनलाईन अपनी उपस्थिति व सुझाव सेवा हेतु दिये। संचालन पंकज गुप्ता व आभार सूरज गुप्ता द्वारा किया गया। सेवा बैठक में प्रमुख रूप से योगेश साहू लक्ष्मी गुप्ता, रूपनारायण गुप्ता,अजय गुप्ता, गोविन्द नारायण गुप्ता,सौरभ गुप्ता, गोल्डी, श्रीमती श्यामा गुप्ता, माधुरी शर्मा, यशोदा गुप्ता, मीठू शर्मा, आदि अनेक धर्म सेवीगण उपस्थित थे।

आईटीआई के विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने की पहल

धमतरी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर जिले में आईटीआई की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने की पहल शुरू हो गयी है। इसी संबंध में आज उन्होंने कलेक्टारेट सभाकक्ष में जिले में संचालित आईटीआई, पॉलीटेक्निक कॉलेज और कौशल विकास के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि आईटीआई प्रशिक्षण संस्थाओं में ऐसे ट्रेडों को शामिल करें, जिनकी वर्तमान में मांग ज्यादा है।

अमेरिका निवासी सुशीला बेन ने पंथाचार्य की पावन जन्म स्थली का दर्शन लाभ लिया

राजनांदगांव/नवपद्रेश। राजनांदगांव जिला राजनांदगांव संस्कार धानी अंतर्गत सुकूलदैहान समीपस्थ एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी में विगत दिनों विदेश कैलिफोर्निया अमेरिका निवासी भक्ति मति सुशीला बेन एवं उनके साथ आएं सभी सदगुरु कबीर दर्शनार्थी यात्रा अंतर्गत पहुंचकर बड़े ही श्रद्धा भक्ति भाव से त्याग वैराग्य तपोनिष्ठ पंथ 1008हजूर अर्धनाम साहेब कबीर पंथाचार्य जी के पावन जन्म स्थली भूमि पर उनके प्रतिष्ठित माता जी के मूर्ति पर चुनरी एवं पुष्प माला पहनाकर श्रद्धा भक्ति पूर्वक मत्था टेंककर दर्शन लाभ प्राप्त किया। कबीर पंथ के प्रति अटूट श्रद्धा भक्ति रखने वाली भक्ति मति सुशीला बेन माता जी हमेशा इस पावन पुण्य धरा धाम ग्राम - पेंडरी में सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम और जन्म भूमि स्थली पर गुरु महिमा पाठ, आरती पूजन किया और। सभी सेवाधारी भक्तों आएं हुए विदेशी मेहमानों को स्वागत सम्मान किया। यह जानकारी सदगुरु कबीर आश्रम के सहप्रबंधक डेहर लाल सिंन्हा जी ने दी है।

सिहावा क्षेत्र में साहू समाज ने मनाई कर्मा जयंती

नगरी/नवपद्रेश। साहू समाज के आराध्य देवी शिरोमणि भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती 25 मार्च को नगरी सिहावा अंचल में साहू समाज के द्वारा बड़ी धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर साहू समाज के गौरव जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा सिहावा क्षेत्र के सेमरा,पावद्वार,सांकरा बेलरगांव पंडरीपानी,गेदरा सहित विभिन्न ग्रामों में पहुंच कर कर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए जहां पर नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष सार्वा का समाजिक जनों के द्वारा बड़े ही आत्मीयता से स्वागत और सम्मान किया गया। इसी कड़ी में घठुला परिक्षेत्र के ग्राम पांवद्वार में भक्त माता कर्मा की जयंती समारोह में साहू समाज के लोग कलश यात्रा निकाल कर माता कर्मा की जय जय कार करते हुए गलियों का भ्रमण करते हुए मुख्य कार्यक्रम स्थल पहुंचे जहां पर माता कर्मा की पूजा अर्चना के पश्चात मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ कार्यक्रम में छोटी छोटी बच्चियों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर माता कर्मा की खिचड़ी खिलाते हुए झांकी प्रस्तुत किए, इसके बाद समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आज के किसान व जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा थे एवं अध्यक्षता अंगेश हिरवानी अध्यक्ष परिक्षेत्र घठुला ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अरुण सार्वा ने कहा कि हमें समाज को आगे बढ़ाने के लिए एक अच्छी शिक्षा की बहुत जरूरी है। समय के साथ-साथ अपने कृषि को भी उन्नत बनाने की जरूरत है आज के समय में हमें समाज को एकजुट कर अपने अपने घरों में एक अच्छे संस्कार की सृजन करने की आवश्यकता है। तभी हमारा पीढ़ी और समाज उन्नति के शिखर तक पहुंचेगा, उन्होंने भक्त माता कर्मा की जीवन गाथा पर प्रकाश डालते हुए उनके मार्गदर्शन पर चलने की बात कहा। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में कवल राम साहू भुनेश्वरी साहू हृदय साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी सहित पन्नालाल मरकाम, गिरवर लाल देव सहित आमन्त्रित अतिथि गण उपास्थित रहे।

बेहतर इलाज | **बसंतपुर निवासी मरीज ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की तारीफ की**

स्वास्थ्य मंत्री ने जिला चिकित्सालय में ओपीडी सहित विभिन्न विभागों का जायजा लिया

■ मरीजों से बातचीत कर अस्पताल में मिल रहे सुविधाओं एवं उपचार के संबंध में ली जानकारी

राजनांदगांव /नवपद्रेश। प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा एवं बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज यहां अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान बसंतपुर राजनांदगांव स्थित जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, कमिश्नर चिकित्सा शिक्षा श्रीमती किरण कौशल, कलेक्टर संजय अग्रवाल, प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड श्रीमती पद्मिनी भोई, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक जिला अस्पताल डॉ. यूके चंद्रवंशी उपस्थित थे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल जिला चिकित्सालय निरीक्षण के दौरान ओपीडी कक्ष, पुरूष वार्ड, हमर लैब, प्रसुति वार्ड सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाएं, साफ-सफाई, मरीजों को मिलने वाले भोजन, मेडिकल स्टाफ सहित अन्य आवश्यक जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने मरीजों से बातचीत की और यहां उपलब्ध किए जा रहे चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। नंदई चौक निवासी मीहिर हरिहारनों ने बताया कि उन्हें कल रात से तेज बुखार है, जिसके उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती हुए। नंदई चौक निवासी नंद कुमार जांगड़े ने बताया कि बुखार के कारण चार दिन से भर्ती है। स्वास्थ्य मंत्री ने मरीज के कमजोरी को देखते हुए, उनका अच्छे से उपचार करने के लिए चिकित्सकों को निर्देशित किया। स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य अधिकारियों से अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों का बेहतर से बेहतर ईलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पाल में भर्ती बालोद जिले के मरीज सुरीत निषाद से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मरीज के स्वास्थ्य को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को सीकल सेल जांच कराने के निर्देश दिए। बसंतपुर निवासी टीकम सिंह ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं एवं उपचार की प्रशंसा की। स्वास्थ्य मंत्री के साथ मरीज टीकम ने सेल्फी लेने का आग्रह किया। इस पर स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने प्रसन्नता के साथ टीकम के साथ सेल्फी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, कोमल सिंह राजपूत, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल सहित स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं अधिकारी उपस्थित थे।

मनुष्य शरीर पाकर ही ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है : धामेश्वरी देवी

राजनांदगांव/नवपद्रेश। जगद्गुरु कृपालुजी महाराज की प्रमुख प्रचारिका सुश्री धामेश्वरी देवीजी द्वारा 11 दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन दिनांक 20 जून से 30 जून , 2022 शाम 7 से 9 बजे तक कम्युनिटी हॉल, सेक्टर ८, शाहपुरा, भोपाल में किया गया। कल प्रवचन के पहले दिन देवीजी ने शास्त्रों के प्रमाणस्वरूप बताया कि 84 लाख प्रकार की योनियो में मनुष्य शरीर सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि भगवान ने मनुष्यो को ज्ञान शक्ति दी, कर्म करने की शक्ति प्रदान की, जिससे ईश्वर रूपी अंश को जाना जा सकता है। अगर मनुष्य देह पाकर ईश्वर रूपी आनंद को प्राप्त नही किया तो मनुष्य शरीर छूटने पर 84 लाख प्रकार की हीन योनियों में भटकना पड़ेगा। मनुष्य देह देवदुर्लभ होता है इसी मनुष्य देह को स्वर्ग के देवता भी चाहते है क्योंकि कर्म करने का अधिकार केवल मनुष्य देह में ही संभव है, अन्य सभी योनियां भोग योनियां है। साथ ही यह मनुष्य देह क्षणभंगुर भी है।

न्यूज गैलरी

जमीन रजिस्ट्री व 60 लाख की उगाही, 6 पर मामला दर्ज

मुंगेली/नवप्रदेश। छलपूर्वक डरा धमकाकर करोड़ों की जमीन रजिस्ट्री कराने एवं 60 लाख की उगाही के मामले में कोतवाली पुलिस ने छह लोगों पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। बहुचर्चित मामले में छह आरोपियो में से तीन आरोपी सूरज मक्कड़, प्रदीप सिंह एवं लवजीत सिंह ने जिला न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका लगायी थी जिसे खारिज कर दिया गया। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी बैद परिवार की महिला एवं उसके नादान बच्चे से डरा धमकाकर करोड़ों रूपये की जमीन रजिस्ट्री कराने एवं 60 लाख रूपये की उगाही को लेकर गत दिवस प्रार्थी सिद्धार्थ बैद ने सिटी कोतवाली थाने में छह व्यक्तियों के विरूद्ध शिकायत दर्ज कराया था। जिसमें मुंगेली निवासी आयुष प्रताप सिंह उर्फ समीर ठाकुर एवं पांच अन्य व्यक्तियों के द्वारा डरा धमकाकर छलपूर्वक जमीन की अपने साथी के नाम जबरन रजिस्ट्री कराई गई। जिसके बाद पुलिस मामले की विवेचना में जुटी हुई है। छह आरोपियो में से तीन आरोपी सूरज मक्कड़, प्रदीप सिंह एवं लवजीत सिंह ने जिला न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका लगायी थी जिसे खारिज कर दिया गया। सभी आरोपी फरार है जमानत याचिका के विरूद्ध प्रार्थी सिद्धार्थ बैद के वकील संजय गुप्ता ने आपत्ति प्रस्तुत की थी। आरोपियों पर धारा 318,4, 308,2,3,5,61 एवं धारा 111 दर्ज की गयी थी। जिला न्यायधीश चंद्र कुमार अजगले ने तीनों आरोपियो की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी।

जिले के ऑडिटोरियम के लिए स्वीकृत राशि का भी सदुपयोग नहीं हो सका

जमीन नहीं मिलने के कारण कन्या महाविद्यालय की स्वीकृत राशि खत्म होने के कगार पर

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले कि कल्याणकारी योजनाओं को क्रियांवयन कराने कि इच्छा शक्ति अधिकारीयों एवं जन प्रतिनिधियों में नही होने के कारण जिले कि अनेक योजनाओं की राशि स्वीकृत होने के बाद भी प्रारंभ भी नही हो पाई है। जिले में स्वीकृत ऑटोटोरियम कन्या महाविद्यालय के लिये स्वीकृत राशि का भी सदुपयोग नही हो पा रहा है। संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के कारण विकास कार्य नही हो पा रहे है।

अब जबकि मात्र 4 दिन ही बचे है। ऐसे में यह कार्य भी नही हो पाएगा। जिले के तीनों विधानसभाओं में सत्तापक्ष के विधायक है,फिर भी मुंगेली शहर के विकास घोषणाएं तक सीमित रही जनप्रतिनिधियों की उदासीनता कहें या अधिकारियों की लापरवाही, जिले का समुचित विकास धरातल पर दृष्टिगोचर नहीं हो पा रहा। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के लिये बजट में महाविद्यालय भवन की राशि स्वीकृत होने के बाद भी जमीन नही मिल पा रही है। जमीन न मिलने के कारण कन्या महाविद्यालय के लिये स्वीकृत राशि खत्म होने के कागार पर है। जिले में शासन द्वारा अनेक सौगाते तो दी जाती है,किन्तु जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सही नही होने से समय पर उसका लाभ क्षेत्र के लोगों को नही मिल पाता। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के लिये बजट में महाविद्यालय भवन की राशि स्वीकृत होने के बाद भी जमीन नही मिल पा रही है। महाविद्यालय में स्वीकृत पद के अनुसार 21 स्टाफ की स्वीकृति है जिसमें से कॉमर्स के 2, आर्ट 2, साइंस 1 पद लेक्चरर, क्लर्क वरिष्ठ 1,क्लर्क कनिष्ठ 1,टेक्निशियन 1,चतुर्थ श्रेणी में पोस्टिंग नही है। 4 पोस्ट लैब अटेंडेंट रिक्त है।उधार के भवन में महाविद्यालय संचालित हो रहा है। विगत दो वर्षो से करही प्राथमिक शाला के 6-7 कमरों में संचालित महाविद्यालय का स्वयं का भवन नही रहने से व्यवस्थित संचालन नही हो पा रहा है। शासन ने मुंगेली को 2022-23 में नवीन कन्या महाविद्यालय की सौगात तो दी।

करही प्राथमिक शाला के 6-7 कमरों में संचालित महाविद्यालय का संचालन किया जा रहा है। महाविद्यालय भवन के लिये जमीन 5 एकड़ से अधिक होने पर यूजीसी का ग्राण्ट महाविद्यालय को मिलता है। शासन से महाविद्यालय के भवन हेतु शासन से प्रथम किश्त के रूप में 1 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रशासनिक स्तर पर जमीन की तलाश की जा रही है। जमीन नही मिलने से महाविद्यालय भवन का कार्य प्रारंभ नही हो पा रहा है। जमीन न मिलने के कारण कन्या महाविद्यालय के लिये स्वीकृत राशि खत्म होने के कागार पर है। उल्लेखनीय है कि जिले में शासन द्वारा अनेक सौगाते तो दी जाती है, किन्तु जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सही नही होने से समय पर उसका लाभ क्षेत्र के लोगों को नही मिल पाता। जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक उपेक्षा के चलते सौगात केवल कागजों पर ही सिमट जाती है।

जानिए क्या कहते है अफसर

शासन से नवीन कन्या महविद्यालय भवन के लिये राशि की स्वीकृति मिल चुकी है, जमीन नही मिल पाने की वजह से कार्य आगे नही बढ़ पाया है।
-प्राचार्या, डॉ, प्राची सिंह, नवीन कन्या महाविद्यालय मुंगेली

नवीन कन्या महाविद्यालय के लिये जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही कि जा रही है, जल्द ही इस कार्य को पुर्ण कर लिया जाएगा।
जी, एल यादव,- संयुक्त कलेक्टर

नवीन कन्या महाविद्यालय के लिये जमीन अधिग्रहण का कार्य तेजी से किया जा रहा है कुछ आपत्तियां आई थी जिसका निराकरण जल्द ही पुर्ण कर ली जाएगी।
पार्वती पटेल, एसडीएम

छात्रों के लिए नि :शुल्क क्रैश कोर्स कोचिंग का शुभारंभ



मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ से संबंद्ध डॉ. ब्रास मास्टर की एकेडमी द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय परिसर में भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर जेईई, नीट, बीएससी नर्सिंग परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए 45 से 75 दिवसीय निःशुल्क क्रैश कोर्स कोचिंग का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर एवं व्यवस्थापक एच.आर. भास्कर द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं भक्त माता कर्मा के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। तत्पश्चात सामूहिक प्रार्थना की गई और राजेश दिवाकर ने संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया। एच.आर.भास्कर ने कहा कि हमारे संस्थान का हमेशा से यह प्रयास रहा है कि छत्तीसगढ़ के गरीब, ग्रामीण और प्रतिभावान बच्चों के लिए यह कोचिंग वरदान साबित हो। तीव्र गर्मी में सुविधाओं के अभाव के बावजूद भी विभिन्न जिलों से यहां उपस्थित होकर छात्र-छात्रा प्रयास एवं अभ्यास कर सफल हो रहे हैं। इस तरह की कोचिंग के लिए मध्यमवर्गीय अभिभावकों को मोटी रकम न देना पड़े इसलिए संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष निःशुल्क क्रैश कोर्स कोचिंग दी जा रही है।

जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में जिपं का प्रथम सम्मेलन का आयोजन

जिपं अध्यक्ष श्रीकांत, उपाध्यक्ष शांति देवचरण सहित सदस्यों ने शपथ ली

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में जिला पंचायत का प्रथम सम्मिलन का आयोजन किया गया। सम्मिलन में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर सहित और सदस्यों ने विधिपूर्वक शपथ ली। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए।

वहीं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद लखनलाल साहू सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। उन्होंने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री श्री साहू ने सभी नव निर्वाचित

जनप्रतिनिधियों से कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए कार्य करें। शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास की रोशनी जिले के अंतिम छोर तक पहुंचे और अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति को इसका लाभ मिले। कोई भी पात्र हितग्राही विभागीय योजना से वंचित नहीं होना चाहिए। उन्होंने बिलासपुर जिले के ग्राम मोहभट्ठा में 30 मार्च को होने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में नागरिकों को शामिल होने का आग्रह किया। उप मुख्यमंत्री साव ने आशा जताई कि पंचायत चुनाव में जनता ने जो भरोसा जताया है, उस पर सभी नव निर्वाचित प्रतिनिधि खरा उतरने की पूरा प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले को विकास की दिशा में और आगे बढ़ाएंगे। शासन की सभी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में प्रदेश में मुंगेली जिले का अव्वल स्थान आए, इसके लिए सभी संकल्प के साथ कार्य करेंगे। साथ ही उन्होंने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपादित करने और तीनों जनपद पंचायतों में निर्विरोध अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि भारत की आत्मा गावों में बसती है। गावों का विकास, बुनियादी समस्याओं का निराकरण हमारी प्राथमिकता में है। आप सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि गावों के विकास के लिए कार्य करेंगे और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि आपके विश्वास के आधार पर आपको पद मिला है, उस पर के अनुरूप आपने शपथ ग्रहण किया। सभी नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि आम नागरिकों के विचार तथा भावनाओं का सम्मान करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करें। इस अवसर पर कलेक्टर राहुल देव, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने सम्मिलन के समापन में उपस्थित सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

बाइक रैली निकाल जगह-जगह विधायक यादव का किया स्वागत

मुंगेली/नवप्रदेश। भिलाई विधायक देवेंद्र यादव समाज द्वारा आयोजित निर्वाचित पदाधिकारी का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में विगत दिनों मुंगेली पहुँचे। इस दौरान मुंगेली यादव समाज के लोगों ने गर्मजोशी के साथ आतिशबाजी करते हुए डीजे, बाजा-गाजे पटाखे के साथ उनका स्वागत किया और कांग्रेस कमेटी महामंत्री संजय यादव के नेतृत्व में बाइक रैली निकालकर जगह-जगह विधायक यादव का स्वागत किया। तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल पुराना बस स्टैंड स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल भवन पहुँचे। इस दौरान कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। विधायक यादव ने सभी निर्वाचित पदाधिकारी को बधाई शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अध्यक्षता संजय यादव उपाध्यक्ष पांचो राज यादव महासमिति जिला महामंत्री कांग्रेस कमेटी मुंगेली के उपस्थित में पांच राज यादव महासमिति व राज समिति का शपथग्रहण एवं समाज से विजयी जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य पार्षद सरपंच पंच एवं समाज के वरिष्ठ लोगों का सम्मान किया गया। विधायक देवेंद्र यादव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यादव समाज गरीब परिवार किसानो के दुख-सुख में हर पल उनके साथ देने की बात कही। उन्होंने कहा कि यादव समाज का इतिहास बहुत परिश्रम और पशुपालन से जुड़ा रहा है। गाय-भैंस पालन, दुग्ध उत्पादन और कृषि से जुड़ा रहा है। प्राचीन काल में, यादवों का मुख्य व्यवसाय पशुपालन और कृषि था, और वे श्रीकृष्ण के समय से ही गोपालन में निपुण माने जाते आ रहे हैं। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि समाज ने अपनी मेहनत, कर्मठता और संकल्प शक्ति से समाज में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाया है। आज भी यादव समाज विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर रहे है, चाहे वह राजनीति हो, शिक्षा हो, व्यापार हो या फिर अन्य कोई पेशा जो समाज के लिए गर्व की बात है।

प्लास्टिक में बंद नुकीले कांटी के सेवन से गाय की मौत

लखनपुर/नवप्रदेश। ब्लाक क्षेत्र के ग्राम अमगसी में एक पालतू गाय ने प्लास्टिक में बंद नुकीले कांटी का सेवन कर लिया। जिससे उसकी जान चली गई। सर्जरी के बाद भी नहीं बचाया जा सका। पशु चिकित्सक डॉ. सफदर ख़ान ने बताया बृज दास निवासी अमगसी की एक 7 वर्षीय गाय प्लास्टिक सहित प्लास्टिक में बंद लोहे की किल निगल जिसके कारण गाय की मौत हो गई। दरअसल बृज दास की गाय पिछले 10 दिनों से खाना छोड़कर शांत रहती थी। गाय के आगे दोनों पैरों के बीच भाग मे तथा जांघ मे सूजन होने लगा था। तथा नाक से खून भी आने लगी थी। बृज दास ने इसकी सूचना पशु चिकित्सालय लखनपुर को दिया। गाय की हालत की खबर मिलते ही पशु चिकित्सक डॉक्टर सफदर खान अपने अन्य स्टाफ के साथ 24 मार्च को गाय को देखने पहुंचे। जांच से अनुमान लगाया कि पेट मे कोई नुकीली चीज हो सकता है। जिसके कारण गाय के सीने मे पानी भर गया है,। ईलाज शुरू करते हुए सीने की

पानी को पाईप से निकाला गया। अगले दिन 25 मार्च को पुरे सामाग्री के साथ गाय के पेट का सर्जरी किया गया जिसमे पेट से लगभग 4 किलो प्लास्टिक तथा एक नुकीला कील (काटी) निकाला गया। कील के कारण गाय के दिल तथा फेफड़े को काफी नुकसान हुआ था। जिससे सांस लेने मे काफी कठिनाई हो रही थी। सर्जरी कार्य जैसे ही मुकम्मल हुआ गाय ने दम तोड़ दिया। इस प्रकार से पशु चिकित्सक के अथक प्रयास के बाद भी भी एक बेजुबान पशु की जान नही बचाई जा सकी। डॉक्टर सफदर खान (पशु सर्जन, लखनपुर) का मानना है कि धरती में प्लास्टिक प्रदुषण मनुष्य, तथा पशुओ के लिए अभिशाप बन गया है। मनुष्य अपनी सहुलियत के लिए इसका उपयोग तो करता है लेकिन उपयोग के बाद अपने घर के बेकार बचे चीजो को उसमे भरकर बाहर खुले में फेक देते है, बाद मे बेजुबान गाय बैल बिछड़े प्लास्टिक के साथ फेंके गए खतरनाक चीजो का सेवन कर जाते है, यही प्लास्टिक पेट मे इकठ्ठा होकर भर जाता है । गाय-बैल को जुगाली करने में कष्ट होता है पशु खाना पीना छोड़ देता है, कमजोर होने लगता है और प्लास्टिक का नुकीला चीज पेट को छेद कर पालतू पशुओं के अंगो को नुकसान करता है, बाद में मौत का कारण बन जाता है। प्लास्टिक के कारण गाय-बैल बड़े पशु तथा बकरी प्रजाति की मौत समय से पहले हो जाती है जिसके कारण पशुपालक को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग शहर के साथ साथ गांव मे बहुतायत होने लगा है, जो कि चिंता का विषय है। शासन द्वारा बंद कराने प्रयास के बाद भी प्लास्टिक कैरी बैग का चलन खत्म नहीं हो सका है।

72 पुड़िया अवैध गांजा के साथ पकड़ाई महिला

लखनपुर/नवप्रदेश। स्थानीय लखनपुर पुलिस ने मादक पदार्थ अवैध गांजा के साथ एक महिला को पकड़ न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि महेश्वरी महंत पति रामेश्वर दास उम्र 45 वर्ष साकिन लखनपुर वार्ड क्रमांक 12 पावर हाउस के पीछे अपने घर में वास्ते बिक्री करने अवैध गांजा रखी है। जिसे पुड़िया बनाकर बिक्री करती है। मुखबिर की सूचना पर धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिवत छापेमारी कर आरोपिया महेश्वरी महंत से अवैध गांजा बेचे जाने के बारे में पूछताछ किया तथा मादक पदार्थ गांजा 72 पुड़िया कीमती 7200 रुपए जब्त किए गए।

भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण जन्म व नन्दोत्सव धूमधाम से मनाया

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम गोरखपुर सेतगंगा निवासी सुरेश केशरवानी के निवास में जैतराम साव राजमती केशरवानी, मानिक लाल प्रमिला देवी केशरवानी, निर्मला देवी केशरवानी की स्मृति में चल रहे श्रीमदभागवत कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण जन्म एवं नन्दोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा व्यास पुरुषोत्तम प्रसाद शास्त्री ने कहा कि कलयुग में श्रीमदभागवत कथा सुनने बस से मोक्ष की प्राप्ति हो जाता है। ऐसा माना जाता है यह कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है और उसे सगुण प्राप्त होते हैं। श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि कंस की कारागार में वासुदेव देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहणी नक्षत्र में

श्रीकृष्ण जी का जन्म हुआ था। उनका लालन पालन नंद बाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंद गांव में श्रीकृष्ण जन्म का उत्सव अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। श्री कृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता पिता को कारागार से छुड़वाया। कार्यक्रम में यजमान नीरज केशरवानी एवं पूरे परिवार ने महाराज का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर कथा स्थल को विशेष रूप से सजा कर माखन मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण जन्म के उत्सव पर एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। खिलौने व मिठाइयां बांटी गई। श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। आयोजन को सफल बनाने के लिए डॉ. पन्नालाल केशरवानी, डॉ. सुरेश केशरवानी, डॉ. एसडी केशरवानी, देवलाल केशरवानी, प्रेम कुमार केशरवानी, आशीष केशरवानी, अखिल केशरवानी, रामदत्त केशरवानी, मनोज केशरवानी, नीरज केशरवानी, निशांत केशरवानी, सत्येन्द्र केशरवानी, योगेश केशरवानी, सलिल केशरवानी सचिन केशरवानी, ज्ञानेश केशरवानी, ब्रजेश केशरवानी, अमितेश राजू केशरवानी परिवार सहित ईष्ट मित्र जुटे हुए हैं।

पंचायत सचिवों के धरने पर चले जाने से कार्य प्रभावित

लखनपुर/नवप्रदेश। पंचायत सचिव संघ के आवाहन पर एक-सूत्रीय शासकीय करण की मांग को लेकर 74 ग्राम पंचायतों के सचिव अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए हैं। ऐसे हालत में पंचायत स्तर के सभी कार्य प्रभावित है इतना ही नहीं नवनिर्वाचित सरपंचों को अपने कार्य दायित्व समझने में परेशानी हो रही है। सचिवो का कहना है शासन के सम्मुख लम्बे अरसे से नियमितिकरण एवं शासकीय कर्मचारी का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं। लेकिन कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया है। सचिवो के धरने में चले जाने से जंप क्षेत्र के तमाम

पंचायतो में कार्य स्फूर्त बंद है। पंचायत वासी परेशान हैं। संघ में शीर्ष के नेताओं का कहना है पंचायत कार्य में सचिवो की खास व महती भूमिका होती है। सरकार सचिवों को नियमित करने में कोताही बरत रही है। संघ पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो हड़ताल यूं ही चलता रहेगा। प्रदेश सरकार यदि चाहे तो बातचीत के जरिए से समस्या का समाधान निकाल सकता है। धरने पर बैठे सचिवों ने कहा है मांग पूरी नहीं होने की सूरत में मंत्रालय की घेराव की जायेगी। फिलहाल तो आठ रोज़ बीत जाने के बाद भी सचिवों के मांग को लेकर अबतक प्रदेश सरकार के तरफ से कोई पहल नहीं किया गया है।

आयोजन | एक राष्ट्र, एक चुनाव- विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम पर युवाओं का सशक्त योगदान

विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने आगे बढ़ा युवा संसद

बलरामपुर/नवप्रदेश। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में विकसित भारत युवा सांसद 2025 के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन विकसित भारत/2047 के तहत युवाओं की विकसित भारत में सहभागिता एवं बौद्धिक कौशल और दूरदर्शी विचारों को पल्लवित करने के लिए जिला स्तर पर विकसित भारत युवा संसद का आयोजन बाजारपारा स्थित ऑडिटोरियम में नगरपालिका बलरामपुर के अध्यक्ष लोधीराम एक्का, उपाध्यक्ष दिलीप सोनी, जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बलरामपुर, सरगुजा व जशपुर के कॉलेजों के युवा विद्यार्थियों ने भाग लेकर एक राष्ट्र एक चुनाव पर विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष लोधीराम एक्का ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए युवा संसद

महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत आप सभी युवा आगे आ रहे है यह एक अच्छी पहल है हमारे जिले के ख्यातिप्राप्त स्व. लरंगसाय जी की तरह आप आगे बढ़ते जाए। उन्होंने उपस्थित सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर ने कहा कि भारत सरकार का विजन है कि 2047 स्वतंत्रता शताब्दी तक भारत देश को विकसित बनाना है। इस आयोजन के उद्देश्य युवाओं को संसद की कार्यशैली से अवगत कराने के साथ आप सभी युवाओं में नेतृत्व क्षमता करना है। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य एन. के. देवांगन ने उपस्थित अतिथियों, प्रतिभागियों एवं युवा वक्ताओं से कहा कि युवा संसद महोत्सव युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों से जोड़ने और उनकी विचारशीलता को मंच प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने ''एक राष्ट्र, एक चुनाव'' विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पहल देश के लोकतांत्रिक और प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने में सहायक होगी।

सर्वब्राम्हण परिषद का होली मिलन समारोह

मुंगेली/नवप्रदेश। सर्व ब्राम्हण परिषद का होली मिलन समारोह विप्र भवन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मिठाई खिला एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेले और भाईचारा का पर्व होली के महत्व पर चर्चा की गई। इस बैठक में विप्र समाज के नवनिर्वाचित विप्रजन जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह के आयोजन के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया कि समाज के मुंगेली जिला के निर्वाचित सरपंच, जनपद सदस्य, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिपं सदस्य, जिपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व नपा परिषद के पार्षद व अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मान की जायेगा। जिसमें मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा, विधायक सुशांत शुक्ला से सम्पर्क कर सहमति प्राप्त कर 12-13 अप्रैल अथवा अतिथियों से तिथि तय कर निर्धारित में सम्मान समारोह का आयोजन सामुदायिक भवन में किया जायेगा।

जिले में विवाह पूर्व परामर्श केंद्र 'तेरे मेरे सपने' की होगी स्थापना: ममता

महिला आयोग की सदस्य ने महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने आज सर्किट हाउस में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए शासन के सभी केंद्रों में बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित हो। घरेलू हिंसा और तलाक के बढ़ते मामलों के मद्देनजर आयोग द्वारा विवाह पूर्व परामर्श केंद्र देश भर में खोले जाने की जानकारी उन्होंने दी और संभाग के सभी जिलों में केंद्र के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। आयोग को आवश्यक जानकारी देने के लिए प्रत्येक जिले में डीएसपी रैंक के अधिकारी को नोडल बनाया जाएगा, आयोग की सदस्य ने कहा कि महिलाओं ,बच्चों और बुजुर्गों के प्रति अधिक मानवीय दृष्टिकोण और संवेदनशीलता बरती जानी चाहिए।

सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने जिले के विभिन्न केंद्रों में निरीक्षण के दौरान पाई गई खामियों से अवगत कराते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जेल में महिला बंदियों के बच्चों के लिए प्ले एरिया लाइब्रेरी, और कंप्यूटर शिक्षा की सुविधा होनी चाहिए साथ ही कैदियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के भी उन्होंने निर्देश दिए। वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के लिए समुचित इंतजाम के निर्देश उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को दिए। बैठक में राज्य महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा, सरला केसरिया, एडीएम आर ए कुरुवंशी, जांजगीर चांपा जिले के पुलिस अधीक्षक, मुंगेली जिले के पुलिस अधिकारी, उप पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा, महिला विरुद्ध अपराध अन्वेषण इकाई की प्रभारी गरिमा द्विवेदी, सखी केंद्र प्रभारी मीनाक्षी पांडे, समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा मैथ्यू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रमोद तिवारी, जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ अनिल गुप्ता, महिला बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

वैवाहिक समस्याएं, घरेलू हिंसा व तलाक के बढ़ रहे प्रकरण

ममता कुमारी ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते वैवाहिक समस्याओं, घरेलू हिंसा और तलाक के बढ़ते प्रकरणों को देखते हुए आयोग द्वारा विवाह पूर्व परामर्श केंद्रों की स्थापना की जा रही है बिलासपुर संभाग के सभी जिलों में केंद्र तेरे मेरे सपने की स्थापना की जाएगी जिसके लिए अधिकारी आवश्यक तैयारियां करें, उन्होंने कहा कि महिलाओं बच्चों और बुजुर्गों के प्रति अधिक संवेदनशीलता और उनकी सुविधाओं के प्रति अधिक सजग रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आयोग से संवाद के लिए प्रत्येक जिले में नोडल अधिकारी बनाए जाएं।

सखी केंद्र के लिए भवन निर्माण में तेजी लाने निर्देश

महिला हेल्पलाइन सेंटर सखी केंद्र के लिए भवन निर्माण में तेजी के साथ ही प्रकरणों के निराकरण में भी तेजी से कार्य के लिए कहा गया। उन्होंने जिला अस्पताल में बुजुर्गों और महिलाओं के लिए व्यवस्थाओं के विषय में सिविल सर्जन डॉ अनिल गुप्ता से जानकारी ली व मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी से महिलाओं के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।

न्यूज गैलरी

यीशु के मार्ग पर चलें, उसकी शिक्षाओं और आज्ञाओं का पालन करें: पॉल

बिलासपुर/नवप्रदेश। मसीहियों के लेंट (उपवास कालीन) पर्व के 20 वें दिन चर्च ऑफ़ ख्राईष्ट सीएमडी चौक स्थित चर्च के निर्वाचित प्राचीन पक्ष द्वारा उपवास काल की मीटिंग, सोमवार को वॉयरलैस कॉलोनी में नॉर्मन हेनरी के निवास में संपन्न हुई। आराधना का संचालन जोशपीन मसीह ने किया। बाइबल पठन बोल्डी कुमार और प्रार्थना में अगुवाई ज्योति वालेस और रीना दास ने किया। क्वायर ग्रुप द्वारा सुमधुर गीत संगीत की प्रस्तुति शामुएल वालेस के नेतृत्व में की गई। सारगर्भित प्रवचन वरिष्ठ पास्टर सुदेश पॉल द्वारा प्रचारित किया गया। उन्होंने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया कि मछुवारा पतरस अपने साथियों के साथ गन्नेशरत की झील में पूरी रात मेहनत करने के बाद एक भी मछली ना पकड़ा। तब यीशु मसीह के आदेशों का पालन करते हुए उसने गहरे में जाल डाला, तब बहुत सी मछलियों को घेर लाया और उसकी जाल फटने लगी तब दूसरे नाव के अपने मछुवारे साथी को बुलाया और दोनों नाव मछलियों से भर गई। इस अद्भुत चमत्कारी कार्यों को देखकर मछुवारे अचंभित हो गए।

मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं का समय पर होगा निपटारा

जतिया तालाब का सौंदर्यीकरण इस कार्यकाल का लक्ष्य: भरत

बिलासपुर/नवप्रदेश। वार्ड नंबर 19 कस्तूरबा नगर से कांग्रेस के निर्वाचित पार्षद भरत कश्यप ने लगातार तीसरी बार अपने वार्ड से जीत हासिल की हैं। पिछले कार्यकाल में उनकी धर्मपत्नी ममता भरत कश्यप ने जीत हासिल की थी। पार्षद कश्यप ने बातचीत में बताया कि उनके वार्ड पूर्णत विकसित है। इस कार्यकाल में उनका मुख्य उद्देश्य जतिया तालाब का सौंदर्यीकरण है। पिछले कार्यकाल में 5 से 6 करोड़ की लागत से तालाब का उन्नयन कार्य किया था, लेकिन यह अधूरा है। इस कार्यकाल में इसे पूरा करना मुख्य उद्देश्य हैं। पार्षद कश्यप ने आगे बताया कि उनके वार्ड में 15 गार्डन है, जो पूर्ण रूप से विकसित है। छोटी-मोटी मूलभूत सुविधाओं की समस्या आती रहती है जिसका समय पर ही निदान कर दिया जाता है। गर्मियों में पानी की समस्या पहले वार्ड में होती थी पिछले कार्यकाल में 5 से 6 बोर करने के बाद वार्डवासियों को इस समस्या से भी राहत मिल गई हैं। पार्षद श्री कश्यप ने बताया कि उनकी जनसेवा को देखकर ही वार्डवासी लगातार तीसरी बार उन्हें जीताकर वार्ड को विकसित और व्यवस्थित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। तीन कार्यकाल में वार्ड के ज्यादातर समस्याएं हल हो गई है, इसमें वार्डवासियों का सहयोग और मार्गदर्शन भी निरंतर मिलता रहता हैं। किसी भी वार्ड का विकास तभी संभव हैं जब पार्षद और रहवासी दोनों आपसी तालमेल के साथ वार्ड विकास के दिशा में कार्य करें। मुझे मेरे वार्डवासियों से लगातार सहयोग मिलता हैं इसके लिए सदैव में उनका आभारी रहूंगा।

मोहल्ला क्लीनिक का निरंतर संचालन

पार्षद भरत कश्यप ने बताया कि पिछले कार्यकाल में उन्होंने अपने वार्ड में मोहल्ला क्लीनिक की व्यवस्था की थी, जिसका लाभ वार्डवासियों को मिल रहा था। इस क्लीनिक का संचालन अभी भी सुचारू रूप से किया जा रहा है और बड़े संख्या में वार्डवासी इसका लाभ ले रहे हैं। इसी तरह कारगिल चौक में आवागमन और व्यस्तता को देखते हुए सुमो लाइट की व्यवस्था की गई थी।

गोरखपुर स्टेशन में नॉन इंटरलाकिंग कार्य, कुछ ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

बिलासपुर/नवप्रदेश। अधोसंरचना विकास हेतु उत्तर पूर्व रेलवे गोरखपुर के लखनऊ रेल मंडल के अंतर्गत गोरखपुर स्टेशन- गोरखपुर केंट के बीच तीसरी रेलवे लाइन को गोरखपुर स्टेशन से जोड़ने का कार्य के लिए नॉन इंटरलोकिंग का कार्य किया जायेगा। इस कार्य के लिए कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

यहा कार्य 27 मार्च से 26 अप्रैल तक किया जायेगा । इस कार्य के पूर्ण होते ही गाड़ियों की समयबद्धता एवं गति में तेजी आयेगी । इस कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जिसका विवरण इस प्रकार है- **रद्द होने वाली गाड़ियां**- 24 अप्रैल एवं 1 मई, को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 3 मई को नौतनवा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

25 अप्रैल एवं 3 मई को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 27 अप्रैल एवं 5 मई को नौतनवा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18202 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी । रेल प्रशासन यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है तथा सहयोग की आशा करता है ।

अयोध्या यात्रा को सुचारू और सुरक्षित बनाने सौंपी जिम्मेदारी

- **रामलला दर्शन यात्रा समिति की हुई कामकाजी बैठक, 5 अप्रैल को प्रातः 11 बजे, पुलिस ग्राउंड, बिलासपुर से होगी रवाना**

बिलासपुर/नवप्रदेश। रामनवमी पर भव्य अयोध्या यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बीते मंगलवार को समिति का एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में यात्रा को सुचारू और सुरक्षित बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से बसों की सीटिंग व्यवस्था, भोजन, ठहरने, सुरक्षा और दर्शन को लेकर बारीकियों पर चर्चा हुई। बैठक में आयोजन समिति के सदस्य, स्वयंसेवक उपस्थित रहे। यात्रा संयोजक प्रवीण झा के नेतृत्व में विभागवार जिम्मेदारियां सौंपी गई। ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि यात्रा के दौरान 21 एसी बसें पुलिस मैदान से प्रस्थान करेंगी, जिसमें प्रत्येक बस के लिए अलग-अलग प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। इनके अलावा, चिकित्सा दल भी हर बस में तैनात रहेगा, जो किसी भी आपात स्थिति में यात्रियों की सहायता करेगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए भोजन, जलपान और ठहरने की उत्तम व्यवस्था की गई है। अयोध्या पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित दर्शन कराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार और मंदिर ट्रस्ट से विशेष अनुरोध किया गया है। यात्रा मार्ग में आवश्यकतानुसार विश्राम स्थल चिन्हित किए गए हैं, जहां यात्रियों को भोजन और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बैठक में उपस्थित स्वयंसेवकों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इनमें प्रमुख रूप से रामप्रताप सिंह, रौशन सिंह,त्रिभुवन सिंह, रिंकू मित्रा, एके कंठ,चंद्र किशोर प्रसाद,शनद पटेल, हरिशंकर कुशवाहा, सन्नी गिरी उपस्थित रहे।

सुरक्षा और चिकित्सा दल की तैनाती

बैठक में सुरक्षा को लेकर भी विशेष चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि स्वयंसेवकों की टीम मिलकर श्रद्धालुओं की निगरानी करेगी। यात्रा के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एंबुलेंस और चिकित्सा दल भी तैनात रहेगा। स्वयंसेवकों की टीम हर बस में मौजूद रहेगी, जो बुजुर्गों और अस्वस्थ यात्रियों की विशेष देखभाल करेगी।

अनंतिम चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग कल

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वर्ष 2023-24 में जारी विज्ञापन अनुसार विभिन्न संविदा पदों पर अनंतिम चयनित अभ्यर्थियों का काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थापना स्थल चयन की प्रक्रिया संपन्न होगी। काउंसलिंग हेतु अभ्यर्थियों को 28 मार्च को सवेरे 11.30 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य है।

ज्यादा मुनाफा कमाने की लालच में गवाएं 19.38 लाख

- **शहर का युवक हुआ ऑनलाइन ठगी का शिकार**

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के शुभम विहार निवासी उत्तम सिंह स्नोवाडी से घर बैठे मुनाफा कमाने का झांसा देकर 19.38 लाख रुपये की ठगी कर लिए। उत्तम सिंह स्नोवाडी को एक अज्ञात नंबर से एक मैसेज मिला, जिसमें उन्हें एक खास वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा गया। इस ग्रुप में उन्हें बताया गया कि वे आसानी से घर बैठे मुनाफा कमा सकते हैं। बाद में इस वॉट्सऐप ग्रुप से उन्हें टेलीग्राम पर भी जोड़ा गया, जहां और भी अधिक प्रभावशाली बातें बताई गईं। उत्तम सिंह इन वादों पर भरोसा कर बैठे और ठगों द्वारा बताए गए अलग-अलग बैंक खातों में किश्तों में पैसे भेजने लगे। शुरुआत में सब कुछ सही लग रहा था, लेकिन जब उत्तम सिंह ने मुनाफे की मांग की, तो ठगों ने बहाने बनाने शुरू कर दिए। उन्हें हर बार कोई न कोई नया कारण देकर पैसे नहीं दिए गए। धीरे-धीरे उत्तम सिंह को समझ में आ गया कि वे एक बड़े धोखाधड़ी का शिकार हो चुके हैं। ठगी का शिकार होने के बाद उत्तम सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। सिविल लाइन थाने की पुलिस ने इस मामले में चार मोबाइलधारकों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस अब इन ठगों का पता लगाने में जुटी है, ताकि उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके। यह मामला एक गंभीर चेतावनी है कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति या संस्था द्वारा किए गए मुनाफे के वादों पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं करना चाहिए।

शासकीय उचित मूल्य दुकान से 30 बोरी चावल व 2 बोरी शक्कर पार

बिल्हा/नवप्रदेश। ग्राम मोहभट्ठा में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान में अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर बड़ी मात्रा में अनाज चोरी कर लिया। यह दुकान लक्ष्मी महिला स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित की जाती है। समूह की संचालक मनीषा यादव ने थाना बिल्हा में शिकायत दर्ज कराई है। मनीषा यादव के अनुसार 24 मार्च को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक दुकान खोलकर राशन का वितरण किया गया था। वितरण के बाद दुकान बंद कर सभी महिलाएं अपने-अपने घर चली गई, लेकिन 25 मार्च की सुबह करीब 6 बजे गांव के पूर्व सरपंच ने फोन कर सूचना दी कि दुकान का ताला टूटा हुआ है। जब समूह की महिलाएँ सरिता मानिकपुरी, सोना यादव, सावित्री मानिकपुरी आदि दुकान पहुंचीं, तो ताला टूटा हुआ मिला और दरवाजा खुला था। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि दुकान में रखे 30 बोरी चावल (प्रत्येक 50 किलोग्राम) और 2 बोरी शक्कर (प्रत्येक 50 किलोग्राम), जिसकी कुल सरकारी कीमत करीब 1700 रुपये थी, गायब थे। महिलाओं ने तत्काल गांव के सरपंच गौरी ध्रुव, उप सरपंच रेवती जायसवाल, ग्राम कोटवार हसीना गहिरवे और वार्ड पंच को घटना की जानकारी दी।इसके बाद समूह की महिलाओं ने थाना बिल्हा पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305(ए)-बीएनएस , 331(4)-बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिल्हा थाना में शिकायत दर्ज

नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन ने शहीदी दिवस मनाया

बिल्हा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन जिला बिलासपुर द्वारा 23 मार्च को शहीदी दिवस मनाया गया। इस शहीद दिवस के मौके पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जी के छाया चित्र पर मालार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ममता सोनी द्वारा देशभक्ति के जज्बे को बढ़ाने के लिए शहीद भगत सिंह के क्रांतिकारी विचार पढ़ें गए। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष ममता सोनी जिला, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंजू साहू, जिला उपाध्यक्ष शोभा चाहिल, सुकृता साहू ,जागृति चाहिल, हीरा सिंह उपस्थित रहे।

व्याख्यान

सीयू में कॉन्ट्रीब्यूशन ऑफ फैकेल्टी इन द ग्रोथ ऑफ ए यूनिवर्सिटी विषय पर व्याख्यान

विद्यार्थी का कल्याण व परमार्थ ही शिक्षक का पहला कर्तव्य: कुलपति प्रो. चक्रवाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा 24 मार्च रजत जयंती सभागार में कॉन्ट्रीब्यूशन ऑफ फैकेल्टी इन दि ग्रोथ ऑफ ए यूनिवर्सिटी विषय पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने व्याख्यान दिया।

कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि जब तक हम आध्यात्म की तरफ नहीं चलेंगे तब तक हम शांत मन से चुनौतियों का सामना नहीं कर पाएंगे। हम सभी को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है क्योंकि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन रहता है तथा सभी लक्ष्यों की प्राप्ति में स्वस्थ शरीर अत्यधिक सहायक होता है। शिक्षक के समर्पण के बिना विद्यार्थी, समाज और राष्ट्र का निर्माण संभव नहीं है। राष्ट्र के विकास में शिक्षकों की भूमिका अहम है और परमार्थ शिक्षक का मूल चरित्र है। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय को दुनिया का श्रेष्ठ विश्वविद्यालय बनाने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि गुरु एक तत्व है जिसकी प्राप्ति के लिए हम सभी यात्रा कर रहे हैं। हम सभी को जीवन को सरल एवं कल्याणकारी बनाने का प्रयास करना चाहिए। शिक्षक का कर्तव्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का है। नवीन ज्ञान को अपनाते हुए रचनात्मकता को बढ़ाते हुए विद्यार्थियों को सबल बनाकर राष्ट्र के निर्माण में योगदान करना चाहिए। ज्ञान एक प्रवाहमान नदी की तरह है जिसमें नवीनता का संचार होते रहना चाहिए। इस अवसर पर आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. अमित कुमार सक्सेना एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. ए.एस. रणदिवे ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

शिक्षक सामाजिक सरोकारों के कार्यों पर भी ध्यान दें: दवे

कार्यक्रम में सौराष्ट्र विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. नीलांबरी दवे ने कहा कि कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल के नेतृत्व में आप सभी के सामूहिक प्रयासों से लगातार प्रगति हो रही है जो विभिन्न प्रकार की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग के अच्छे परिणमों से परिलक्षित होती है। शिक्षकों को शिक्षण, शोध के साथ ही सामाजिक सरोकारों के कार्यों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

न्यूज गैलरी

शेयर बाजार सपाट पर खुला, सेंसेक्स 67 अंक नीचे, निफ्टी 23,683 पर

मुंबई। कारोबारी सप्ताह के तीसरे दिन शेयर बाजार सपाट पर खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 67 अंकों की गिरावट के साथ 77,949.26 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.06 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 23,683.30 पर खुला.आज के कारोबार के दौरान मारुति सुजुकी इंडिया, मिंडा कॉर्पोरेशन, ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन, सीमेंस इंडिया, ब्रेनबीज सॉल्यूशंस, टीवीएस मोटर कंपनी, इंडियन ओवरसीज बैंक, ज्योति लैब्स, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स, इंडिजीन, डीएलएफ, असाही इंडिया ग्लास, ड्रेजिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया और एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के शेयर फोकस में रहेंगे.कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन शेयर बाजार ग्रीन जोन में बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 32 अंकों की बढ़त के साथ 78,017.19 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.04 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 23,668.65 पर बंद हुआ.कारोबार के दौरान निफ्टी पर अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर टॉप गेनर के लिस्ट में शामिल रहे. जबकि इंडसइंड बैंक, डॉ रेड्डीज लैब्स, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, श्रीराम फाइनेंस, बजाज ऑटो के शेयर टॉप लूजर के लिस्ट में शामिल रहे.आईटी को छोड़कर, ऑटो, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मेटल, ऑयल एंड गैस, पावर, पीएसयू बैंक, रियल्टी, टेलीकॉम सहित अन्य सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान पर बंद हुए. बीएसई मिडकैप इंडेक्स में 1 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

बिकवाली बढ़ने से मारुति सुजुकी के शेयर में आई गिरावट

नईदिल्ली। कार निर्माता मारुति सुजुकी के शेयरों में आज शुरुआती कारोबार में बिकवाली बढ़ने से गिरावट दर्ज हुई। यह कंपनी की ओर से एक्सचेंज फाइलिंग के जरिए उसे वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 2,966 करोड़ रुपये का आयकर आकलन का मसौदा प्राप्त होने की जानकारी के बाद हुआ है।इसको लेकर प्रबंधन ने कहा कि उसे इसके कारण कोई वित्तीय प्रभाव नहीं दिखता है और वह विवाद समाधान पैनल के समक्ष आपत्ति दर्ज कराने की योजना बना रही है।भारत की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी ने कहा कि उसे आयकर प्राधिकरण से वित्त वर्ष 2021-22 के लिए मसौदा मूल्यांकन आदेश प्राप्त हुआ है।मारुति सुजुकी इंडिया के शेयरों में इस घटनाक्रम पर तीखी प्रतिक्रिया हुई।शेयर बाजार खुलने के बाद शुरुआती कारोबार में शेयर की कीमत में 2 फीसदी की गिरावट आई और 11,848.95 रुपये पर खुलने के बाद सुबह 10ः00 बजे यह 11,750.95 रुपये के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया।एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया है, मसौदा मूल्यांकन आदेश में लौटाई गई आय (आयकर रिटर्न में बताई गई आय) के संबंध में 2,966 करोड़ रुपये की राशि के कुछ अतिरिक्त/अस्वीकृति का प्रस्ताव किया गया है।कंपनी ने कहा कि वह विवाद समाधान पैनल के समक्ष अपनी आपत्तियां दर्ज कराएगी। साथ ही स्पष्ट किया है कि इस मसौदा मूल्यांकन आदेश के कारण उसकी वित्तीय, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

भारत तीसरी तिमाही तक जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर

भारतीय अर्थव्यवस्था 2027 तक जर्मनी से निकल सकती है आगे

नईदिल्ली। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर बड़ी खबर दी है। आईएमएफ ने कहा कि भारत वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही तक जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पिछले दशक में दोगुने से भी ज्यादा हो गई है।

2015 में जीडीपी 2.1 लाख करोड़ डॉलर थी, जो अब बढ़कर 2025 में अनुमानतः 4.3 लाख करोड़ डॉलर हो जाएगी।आईएमएफ के आंकड़ों के मुताबिक, फिलहाल दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत जापान के करीब पहुंच रहा है।पिछले 10 सालों में भारत की अर्थव्यवस्था में 105 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि जापान की जीडीपी स्थिर बनी हुई है।अगर भारतीय जीडीपी इसी रफ्तार से आगे बढ़ती रही तो वह 2027 की दूसरी तिमाही तक 4.9 लाख करोड़ डॉलर पर पहुंच जाएगी और जर्मनी को पीछे छोड़ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। आईएमएफ के मुताबिक, भारत की जीडीपी वर्तमान में 4.3 लाख करोड़ डॉलर है। 2015 में यह 2.1 लाख करोड़ डॉलर थी। भारतीय जीडीपी ने पिछले एक दशक में दोगुना से भी ज्यादा वृद्धि की है।इस दौरान भारतीय जीडीपी ने चीन, अमेरिका और कई यूरोपीय देशों को पीछे छोड़ दिया है। इसी अवधि में चीन की जीडीपी 76 प्रतिशत, अमेरिका की 66 प्रतिशत, जर्मनी की 44 प्रतिशत, फ्रांस की 38 प्रतिशत और ब्रिटेन की 28 प्रतिशत बढ़ी है।भारतीय जीडीपी को 1 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने में 60 साल लगे थे। 2007 में भारतीय जीडीपी ने ये आंकड़ा छुआ था। इसके बाद 1 लाख करोड़

से 2 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने में 7 साल (2014) और 2 से 3 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने में भी 7 साल (2021) लगे।कोरोना के बाद केवल 4 सालों में ही भारतीय अर्थव्यवस्था ने 3 लाख करोड़ डॉलर से 4 लाख करोड़ डॉलर तक का सफर तय कर लिया।जानकारों का मानना है कि भारत मौजूदा गति से हर डेढ़ साल में अपनी जीडीपी में 1 लाख करोड़ डॉलर जोड़ सकता है।अगर यह गति जारी रही तो देश 2032 तक 10 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है।बीते 10 सालों में भारतीय अर्थव्यवस्था ने जी-7, जी-20 और ब्रिक्स के सभी देशों को पीछे छोड़ दिया है।अमेरिका 30.3 लाख करोड़ डॉलर के साथ पहले और चीन 19.5 लाख करोड़ डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर है। जीडीपी किसी भी देश में एक निश्चित समयसीमा के भीतर उत्पादित की गई वस्तुओं और सेवाओं का कुल मौद्रिक या बाजार मूल्य है।आसान भाषा में समझें तो सुई से लेकर हवाई जहाज तक, देश में बनने वाले सभी सामानों और सेवाओं के मूल्य को जोड़ दिया जाए तो जीडीपी का आंकड़ा मिलेगा।इससे देश की आर्थिक सेहत का पता चलता है। आमतौर पर जीडीपी की गणना वार्षिक आधार पर की जाती है।

आभूषण कारोबारियों और खुदरा विक्रेताओं की मांग में कमी आने के कारण सोना 100 रुपये कमजोर

सोने की कीमतों में 100 रुपये की नरमी, चांदी भी 500 रुपये टूटी

नई दिल्ली। आभूषण कारोबारियों और खुदरा विक्रेताओं की मांग में कमी आने के कारण सोना 100 रुपये कमजोर हो गया। वहीं, चांदी की कीमतों में 500 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई। आभूषण कारोबारियों और खुदरा विक्रेताओं की मांग में कमी आने के कारण सोना 100 रुपये कमजोर हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार के मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोना 100 रुपये की कमी के साथ 90,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 90,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बंद हुआ था। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्ध वाले सोने की कीमत भी लगातार चौथे कारोबारी सत्र में कमजोर हुई और 100 रुपये की गिरावट के साथ 90,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ कमोडिटी विश्लेषक सौमिल

गांधी के अनुसार, अमेरिकी डॉलर और ट्रेजरी यील्ड में बढ़ोतरी के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई है, क्योंकि इस बात के संकेत मिले हैं कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ का अगला दौर शुरूआती अनुमान से कम कठोर हो सकता है। चांदी की कीमत भी सोमवार के बंद स्तर 1,00,500 रुपये प्रति किलोग्राम से 500 रुपये घटकर 1,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर 12.56 डॉलर या 0.42 प्रतिशत बढ़कर 3,023.60 डॉलर प्रति औंस हो गया।कोटक सिक्योरिटीज की कमोडिटी रिसर्च की एवीपी कायनात चैनवाला ने कहा, ÷अमेरिका में टैरिफ की अगली लहर के अधिक केंद्रित होने के संकेत से व्यापारियों को राहत मिली है, जिससे व्यापक व्यापार युद्ध की आशंका कम हुई है, जिससे सोना 3,020 डॉलर प्रति औंस के करीब कारोबार कर रहा है। हालांकि, चैनवाला ने कहा कि भू-राजनीतिक जोखिम बने रहने के कारण सर्राफा कीमतों में तीव्र गिरावट सीमित रह सकती है, क्योंकि इस्राइल लेबनान के निकट सैन्य अभ्यास और उत्तरी गाजा से निकासी की योजना बना रहा है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट रिसर्च एनालिस्ट (कमोडिटी एवं करेंसी) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ÷इस सप्ताह, बाजार की आगे की दिशा के लिए कोर पर्सनल कंजम्पशन एक्सपेंडिचर (पीसीई) प्राइस इंडेक्स और अमेरिकी जीडीपी डेटा सहित प्रमुख मैक्रोइकॉनोमिक डेटा पर बारीकी से नजर रखी जाएगी।

ब्लॉक ने 931 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

नईदिल्ली। वित्तीय सेवा प्रदाता अमेरिकी टेक कंपनी ब्लॉक ने 931 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। यह छंटनी उसके स्टॉफ का लगभग 8 फीसदी हिस्सा है।कंपनी के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी जैक डॉर्सी ने एक ईमेल में कर्मचारियों को यह जानकारी दी है।

डॉर्सी ने कर्मचारियों को बताया कि मंगलवार को ब्लॉक कुछ संगठनात्मक बदलाव करेगा, जिसमें भूमिकाओं को समाप्त करना और उन देशों में परामर्श प्रक्रिया शुरू करना शामिल है, जहां इसकी आवश्यकता है।सूत्रों के अनुसार, ईमेल में डॉर्सी ने बताया कि ब्लॉक 3 श्रेणियों में भूमिकाओं में कटौती कर रहा है।पहली श्रेणी में 391 लोगों को रणनीति कारणों से हटाया जा रहा है। दूसरी और सबसे बड़ी श्रेणी में 460 कर्मचारियों को प्रदर्शन कारणों से हटाया है। इनकी रेटिंग कंपनी के आंतरिक प्रदर्शन ट्रैकिंग मेट्रिक्स पर नीचे है।तीसरी श्रेणी में 80 प्रबंधक हैं, जिन्हें ब्लॉक के पदानुक्रम को बराबर करने के लिए हटाया है।सूत्रों के अनुसार, डोर्सी ने यह भी कहा कि 193 प्रबंधकों को व्यक्तिगत योगदानकर्ता भूमिकाओं में स्थानांतरित किया जा रहा है।ईमेल में इस बात से इनकार किया गया है कि छंटनी वित्तीय कारणों से या कर्मचारियों की जगह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लाने के लिए की जा रही है। इसके बजाय, उन्होंने कहा कि ब्लॉक रणनीतिक जरूरतों को बदलने के कारण भूमिकाओं में कटौती कर स्तर को ऊपर उठाने और प्रदर्शन बेहतर करने पर काम कर रहा है।

बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर 2031 तक 16.7 लाख करोड़ रुपये खर्च करेगा रेलवे

नई दिल्ली। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने अपनी एक रिपोर्ट में भारतीय रेलवे से जुड़ा बड़ा दावा किया है। रिपोर्ट के अनुसार रेलवे ने 2031 तक अपनी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर 16.7 लाख करोड़ रुपये की बड़ी राशि खर्च करने का प्लान बनाया है। रेलवे ने 2031 तक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर 2031 तक 16.7 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने अपनी एक रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह पैसा स्टेशनों को अपग्रेड करने, फ्रेड कॉरिडोर बनाने, हाई स्पीड रेल परियोजनाओं और पटरियों के विद्युतीकरण पर खर्च होगा। इन परियोजनाओं से रेलवे को अपना परिचालन बढ़ाने की मदद मिलेगी।

'स्वास्थ्य के साथ समझौता नहीं! रिफाइंड तेलों और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड पर सख्त कानून जरूरी : नवीन जिंदल

रायपुर/नवप्रदेश। सांसद नवीन जिंदल ने बुधवार को संसद में रिफाइंड तेलों और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड से जुड़े गंभीर स्वास्थ्य खतरों का मुद्दा उठाया। उन्होंने सख्त नियमन, पारदर्शिता, और उपभोक्ता जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि जनता को स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार मिले।

नवीन जिंदल द्वारा उठाए गए प्रमुख बिंदु–

रिफाइंड बीज तेलों के दुष्प्रभावः कई अध्ययनों से पता चला है कि बार-बार किए गए रिफाइनिंग प्रोसेस के कारण पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और हानिकारक ट्रांस फैट उत्पन्न होते हैं, जिससे हृदय रोग, डायबिटीज और

मोटापा जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड का खतराः इन खाद्य उत्पादों में अत्यधिक कैमिकल प्रिसरवेटिव, और हानिकारक फैट होते हैं, जो गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म देते हैं।

स्पष्ट लेबलिंग की कमीः उपभोक्ता अक्सर भ्रामक पैकेजिंग और लेबलिंग के कारण यह समझ ही नहीं पाते कि वे क्या खा रहे हैं।

कानूनों को और सख्त करना जरूरी

स्पष्ट खाद्य लेबलिंग अनिवार्य की जाएः श्री जिंदल ने सरकार से आग्रह किया कि खाद्य उत्पादों पर स्पष्ट रूप से बताया जाए कि वे रिफाइंड तेलों का उपयोग करते हैं या अल्ट्रा प्रोसेस्ड श्रेणी में आते हैं।

व्हाईट जारी करने की मांगः उन्होंने सरकार से रिफाइंड तेल और अल्ट्रा प्रोसेस्ड पदार्थों के स्वास्थ्य पर प्रभावों को लेकर एक वाईट पेपर प्रकाशित करने की मांग की, ताकि इस विषय पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से गहन अध्ययन हो सके।

स्वस्थ विकल्पों को बढ़ावाः पारंपरिक और कोल्ड-प्रेस्ड तेलों, प्राकृतिक और ऑर्गेनिक खाद्य पदार्थों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

खेल

आईपीएल की तरह महिला प्रीमियर लीग में भी बढ़ेगी टीमों की संख्या?

नई दिल्ली। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में पांच टीमें हिस्सा लेती हैं। बीसीसीआई की योजना थी कि तीन सीजन के बाद इसमें टीम बढ़ाने पर फैसला लिया जाएगा। डब्ल्यूपीएल समिति में शामिल अरुण धूमल ने डब्ल्यूपीएल में टीम की संख्या बढ़ाने को लेकर जानकारी दी है। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) ने पिछले तीन वर्षों में काफी सुर्खियां बटोरी है, इसलिए इस बात की चर्चा जोरों पर रहती है कि क्या भविष्य में इस लीग में टीमों की संख्या बढ़ेगी? आईपीएल में पहले आठ टीमें खेलती थी, लेकिन 2022 से इसकी संख्या बढ़कर 10 हो गई थी। इसी तर्ज पर डब्ल्यूपीएल में भी टीमों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जाता रहा है। आईपीएल के चेयरमैन और डब्ल्यूपीएल समिति के सदस्य अरुण धूमल ने इसे लेकर स्थिति स्पष्ट की है। धूमल का कहना है कि भले ही डब्ल्यूपीएल काफी विकसित हुआ है, लेकिन फिलहाल इसमें टीमों की संख्या बढ़ाने का विचार नहीं किया गया है। डब्ल्यूपीएल में फिलहाल पांच टीमें हिस्सा लेती हैं। डब्ल्यूपीएल समिति की अध्यक्षता भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रोजर बिन्नी करते हैं। बोर्ड की योजना थी कि तीन सत्र के बाद डब्ल्यूपीएल में टीम की संख्या बढ़ाई जाए, लेकिन फिलहाल इसे लेकर बोर्ड जल्दबाजी में नहीं है। धूमल ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, फिलहाल इस टूर्नामेंट को और

विकसित करने के लिए, हम किसी भी टीम को शामिल करने से पहले इसे मजबूत करना चाहते हैं। इसमें अतिरिक्त टीम जोड़ने का कोई तत्कालिक प्लान नहीं है। तीन सत्रों में डब्ल्यूपीएल ने शानदार विकास किया है। स्टेडियम में भीड़ भी देखने मिली और सभी ब्रॉडकास्टर के आंकड़े भी प्रेरित करने वाले हैं। इससे दुनिया भर में महिला क्रिकेट को बल मिला है। हमें उम्मीद है कि यह लीग आगे भी विकसित होगी और यह ना सिर्फ टूर्नामेंट, बल्कि महिला क्रिकेट के लिए भी फायदेमंद होगी। डब्ल्यूपीएल में अभी भी घरेलू और बाहर का प्रारूप लागू नहीं है, जैसा कि आईपीएल में होता है। बीसीसीआई ने इस सीजन डब्ल्यूपीएल के मैचों की मेजबानी बड़ौदा, लखनऊ, मुंबई और बंगलुरू को सौंपी थी। मुंबई इंडियंस ने इस सीजन फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को हराकर तीन साल में अपना दूसरा खिताब जीता था। इसे मीडिया अधिकार 951 करोड़ रुपये में बिके थे जो महिला लीग में दूसरा सर्वोच्च आंकड़ा है। इस सीजन महिला प्रीमियर लीग के मुकाबलों में स्टेडियम पर अच्छी भीड़ दिखी थी। टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य भारत में महिला क्रिकेट को विकसित करना और ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाओं की खोज करना है। इस मोर्चे पर प्रतिस्पर्धा में सुधार की काफी गुंजाइश है।

शतक नहीं, बड़ा स्कोर देख रहे थे श्रेयस अय्यर

शशांक सिंह से आक्रामण जारी रखने को कहा; हुआ खुलासा

अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान श्रेयस अय्यर शतक के काफी करीब थे, लेकिन अंतिम ओवर में स्ट्राइक शशांक सिंह के पास रही जिससे वह शतक लगाने से चूक गए। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की, लेकिन वह शतक लगाने से चूक गए क्योंकि अंतिम ओवर में शशांक सिंह ने 23 रन जुटाए और स्ट्राइक रोटेट नहीं कर सके। श्रेयस 97 रन बनाकर नाबाद रहे और आईपीएल का अपना पहला शतक लगाने से तीन रन से पीछे रह गए। श्रेयस हालांकि, निजी उपलब्धि पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रहे थे। श्रेयस के शानदार प्रदर्शन के दम पर पंजाब ने पांच विकेट पर 243 रन बनाए और 11 रन से जीतने में सफल रहे। शशांक ने मोहम्मद सिराज के अंतिम ओवर में पांच चौके लगाए। शशांक ने 16 गेंदों पर 44 रन बनाए और नाबाद पवेलियन लौटे। शशांक ने कहा कि श्रेयस ने उनके स्ट्राइक रोटेट करने के लिए नहीं कहा था। मैच के बाद शशांक ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैंने स्कोरबोर्ड नहीं देखा था, लेकिन जब पहली गेंद पर मैंने चौका लगाया तो मेरा ध्यान गया कि श्रेयस 97 रन बनाकर खेल रहे हैं। शशांक ने कहा, मैंने कुछ नहीं कहा, लेकिन श्रेयस मेरे पास आए और बोले कि शशांक मेरे शतक की चिंता मत करो। मैं उनसे कहने वाला था कि क्या मैं आपको सिंगल दूं। श्रेयस ने जो कहा उसके लिए बड़ा दिल और हिम्मत चाहिए क्योंकि जाहिर है कि टी20 में विशेषकर आईपीएल में आसानी से शतक नहीं बनते हैं। शशांक ने कहा कि श्रेयस का संदेश स्पष्ट था कि गेंदबाज पर आक्रमण जारी रखो। शशांक ने कहा, श्रेयस ने मुझसे कहा था कि शशांक हर गेंद को हिट करो और कोशिश करो कि चौका या छक्का मिले। इससे मुझे आत्मविश्वास मिला। जाहिर है कि हम सभी जानते हैं यह एक टीम गेम है, लेकिन ऐसी स्थिति में स्वार्थ को हावी नहीं होने देना कठिन है। श्रेयस ने ऐसा किया। मैं उन्हें पिछले 10-15 वर्षों से जानता हूं। वह वैसे ही हैं और उन्होंने मुझसे शांत रहने और मैं जैसे शॉट खेलता हूं, वैसे शॉट खेलने के लिए कहा। मुझे लगता है कि हमने अच्छा फिनिश किया। वहीं, गुजरात टाइटंस के स्पिनर आर साई किशोर ने कहा कि उनकी टीम को लगा था कि वे मैच में आगे चल रहे हैं। लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ने अच्छी शुरुआत की थी और एक समय वह इसे हासिल करने के करीब भी लग रही थी, लेकिन टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 232 रन ही बना सकी। साई किशोर ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो हम भी चौंक गए थे। हमें लगा था कि लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। हमें लगा कि हम मैच में आगे हैं।

संक्षिप्त खबरें

तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में सड़क हादसों का सिलसिला जारी है. ताजा मामला कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंघिया का है, जहां तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बाइक सवार कटघोरा से तुमान की ओर जा रहा था, तभी सामने से आ रहे ट्रेलर ने उसे चपेट में ले लिया. टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक ट्रेलर के नीचे फंस गई और युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और शव को नजदीकी अस्पताल भिजवाया. हालांकि, मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है. हादसे के बाद ट्रेलर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि वाहन को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है. वहीं घटनास्थल पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और लोगों में भारी आक्रोश है.

सुखदेव कोरेटी का निधन

रायपुर/नवप्रदेश। जनसंपर्क विभाग के पूर्व अपर संचालक सुखदेव कोरेटी का मंगलवार शाम वेंकटेश हॉस्पिटल कमल विहार में दुखद निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज सुबह 11 बजे उनके गृह ग्राम बांसाटोला (दल्लीराजहरा)में परिजनों की उपस्थिति में किया गया। वे वर्तमान समय में भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता थे।

महुआ शराब बेचने वाले दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। हाथभट्ठी से बना महुआ शराब बेचने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरप्तार किया है। नव पदस्थ थाना प्रभारी भखारा उपनिरी. उमाकांत तिवारी द्वारा अपने थाना स्टॉफकी अलग-अलग टीम बनाकर जिसमें महिला स्टॉफको साथ लेकर मुखबिर से मिली सूचना पर आरोपिया रामेश्वरी देशलहरे पति सोनउ राम उम्र 49 वर्ष सा0 कोपेडीह के कब्जे से कुल 22 लीटर इसी प्रकार आरोपी रमेश कुमार बंजारे पिता दशरथ बंजारे उम्र 32 वर्ष सा0 कोपेडीह के कब्जे से कुल 20 लीटर हाथ भट्टी से बना महुआ शराब को अवैध रूप से शराब रखकर बिकी करने की सुचना पर रेड कार्यवाही किया मौके पर दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 04 नग प्लास्टिक जरकीन जिसमें हाथभट्ठी से बना महुआ शराब कुल जुमला 42 लीटर जुमला किमती 4200/- रूपये महुआ शराब को बिक्री करने रखे हुये मिला जिसे जप्त कर आरोपी रामेश्वरी देशलहरे के विरूद्ध अपराध क्र0 34/2025 तथा आरोपी रमेश कुमार बंजारे के विरुध्द अपराध क्र0 35/25 धारा 34 (2), आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है। तथा गांव के आसपास के खेतो में आरोपियों द्वारा छिपाकर रखे महुआ लाहन करीबन 30-35 क्विंटल को मौके पर नष्ट किया गया। की गई कार्यवाही से क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। इसी तरह की कार्यवाही भविष्य में भी जारी रहेगी।

500 से अधिक शिक्षक जांचेंगे उत्तर पुस्तिकाएं

- **सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी बोर्ड उत्तर पुस्तिकाओं की जांच**

कोरबा/नवप्रदेश। सीजी बोर्ड की कक्षा 10वीं एवं 12वीं परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य 26 मार्च से प्रारंभ होगा। इस बार कोरबा जिले के दो मूल्यांकन केंद्रों में प्रथम चरण में एक लाख 33 हजार से अधिक उत्तर पुस्तिकाएं आई है। इन उत्तर पुस्तिकाओं को गणना सहित अन्य जरूरी कार्य 25 मार्च शाम तक पूर्ण कर लिये गए हैं। अब शिक्षकों की ओर से मूल्यांकन का कार्य शुरू किया जाएगा। जांच तीसरी नजर की निगरानी में होगी।

बताया जा रहा है कि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य के लिए दोनों ही केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। कैमरे की निगरानी में मूल्यांकन के कार्य होंगे। मूल्यांकनकर्ता को निर्धारित समय पर केंद्र में उपस्थित होना होगा। अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर मनाही रहेगी। बोर्ड परीक्षा के उत्तरपुस्तिओं के मूल्यांकन के लिए लगभग 500 से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। बोर्ड की ओर से मूल्यांकन केंद्र को शिक्षकों की सूची

उपलब्ध कराई गई है। मूल्यांकन का कार्य सुबह 10.30 बजे से प्रारंभ होगा। इसके लिए जिला शिक्षा विभाग से प्राचार्यों को मूल्यांकन कार्य के लिए शिक्षकों को कार्यमुक्त करने के लिए कहा गया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल अंतर्गत आयोजित कक्षा 10वीं की परीक्षा संपन्न हो चुकी है। कक्षा 12वीं के परीक्षार्थी अपना अंतिम पर्चा 28 मार्च को हल करेंगे। कोरबा जिले से हाई और हायर की परीक्षा के लिए 23 हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था। परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों में काफी उत्साह रहा। परीक्षा पूरा होने के बाद परीक्षार्थियों को अब परीक्षा परिणाम का इंतजार है। इस बीच बोर्ड ने परीक्षा समाप्त होने के साथ ही उत्तरपुस्तिकाओं की मूल्यांकन के कार्य प्रारंभ कर दिया है।

जिले में उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के लिए दो मूल्यांकन केंद्र बनाए गए है। इसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा कन्या, कोरबा और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, एनसीडीसी शामिल हैं। दोनों केंद्रों में पहली खेप में एक लाख 33 हजार से अधिक उत्तर पुस्तिका सोमवार को पहुंची है। साडा कन्या मूल्यांकन केंद्र में 78 हजार और एनसीडीसी मूल्यांकन केंद्र में 55 हजार से अधिक कॉपियां आई है।

केन्द्रीय गृहमंत्री की डेड लाइन से नक्सलियों में खौफ

- **एनकाउंटर वाली जगह पर नक्सलियों का पत्र बरामद हुआ**
- **पत्र में बताई अपनी दशा, लिखा- अंदरूनी इलाके भी हुए असुरक्षित**

फोर्स की कार्रवाई से नक्सलियों में दहशत

पत्र के अनुसार, नक्सलियों ने सुरक्षित तरीके से कहीं भी ठहर पाने को मुश्किल बताया है। हालिया मुठभेड़ वाली जगह अंडरी के अलावा बोडका, गमपुर, डोडीतुमनार और तोड़का के जंगलों को भी असुरक्षित बताया है। पत्र में लिखा गया है कि, नक्सली पिछले 1 साल से दहशत में जी रहे हैं।

बीजापुर/नवप्रदेश। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक राज्य से नक्सलवाद ख़त्म करने का ऐलान किया है। जिसकी डेड लाइन का दहशत अब नक्सलियों में साफदिखाई दे रहा है। इसी बीच बीजापुर एनकाउंटर वाली जगह पर नक्सलियों का पत्र बरामद हुआ है। गोंडी भाषा में लिखे गए 2 पन्ने के पत्र में फोर्स के बढ़ते दबाव और संगठन में दहशत का जिक्र किया गया है। बरामद हुए पत्र से साफ जाहिर है कि, सरकार की खींची गई डेडलाइन का नक्सल संगठनों में खौफ है। नक्सली लीडर मोटू ने महिला नक्सली कमांडर मनकी के नाम गोंडी में पत्र लिखा है। जिसमें नक्सल प्रभावित अंदरूनी इलाकों में लगातार बढ़ रहे दबाव का जिक्र है। बता दे कि, नक्सली ठिकानों पर फोर्स की तरफ से लगातार करवाई की जा रही है। जिसको लेकर नक्सली सहम गए हैं।

जल जीवन मिशन में सैकड़ों करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप

- **पूर्व गृहमंत्री ने मामले की जांच केंद्रीय एजेंसी से कराने की मांग की**

कोरबा/नवप्रदेश। जल जीवन मिशन में सैकड़ों करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। पूर्व गृहमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता ननकीराम कंवर ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव को भेजी अपनी चिट्ठी में यह आरोप लगाया है। कंवर ने कहा है कि जिला कलेक्टर, विभाग प्रमुख और ठेकेदारों ने मिलकर सैकड़ों करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार किया है। पूर्व गृहमंत्री ने इस पूरे मामले की जांच केंद्रीय एजेंसी से कराने की मांग की है.

उप मुख्यमंत्री अरुण साव को भेजी गई चिट्ठी में ननकी राम कंवर ने कहा है कि जल जीवन मिशन की शुरुआत के वक्त तब के अधिकारियों ने अपने चहेते ठेकेदार विन्ध्या टेलिलिंक्स लिमिटेड इपीसी को डीपीआर एवं अन्य कार्य का ठेका दिया था. कंपनी ने स्थल निरीक्षण किए बिना अपने दफ्तर में बैठकर फर्जी डीपीआर बना दिया, जिसकी वजह से प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी योजना की राज्य में बलि चढ़ गई।

पूर्व गृहमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री की अति महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के माध्यम से पूरे देश में जनता को स्वच्छ एवं पीने योग्य पानी दिलाने की पहल की गई. इसके लिए केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को हजारों करोड़ रुपए दिए, लेकिन यह अत्यंत खेद की बात है कि छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में कलेक्टर, विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों ने योजना को विफल कर सैकड़ों करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार किया है. उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन का ठेका लेने वाले ठेकेदारों ने स्तरहीन काम किया है. स्तरहीन निर्माण की वजह से पूरी योजना फेल हो गई है।

पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने अपनी चिट्ठी में यह भी आरोप लगाया है कि जल जीवन मिशन के प्रबंध संचालक और विभागीय सचिव द्वारा 25 प्रतिशत रिश्वत लेकर अपने अमानत स्तरहीन कार्य का भुगतान करने का प्रयास कर रहे हैं. उन्होंने मांग करते हुए कहा है कि पूर्व में जिन अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा जल जीवन मिशन का भुगतान किया गया है।

एम्स रायपुर में हार्निया की सर्जरी के लिए डेढ़ साल की वेटिंग

- **एम्स में ये क्या हो रहा?, पीएम मोदी से शिकायत!**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी के संयोजक डॉ कुलदीप सोलंकी ने एम्स रायपुर में हार्निया की सर्जरी के लिए डेढ़ साल की वेटिंग को अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं असंवेदनशील बताया है। रायपुर एम्स में प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए का बजट है; सैकड़ों स्पेशलिस्ट हैं किंतु उसके बाद भी वहां डेढ़ साल की वेटिंग दी जाती है जबकि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित साधारण **पीएचसी** में भी हर्निया के ऑपरेशन मे एक

हफ्ते से ज्यादा का वेटिंग नहीं होता है।

अमेरिका और यूरोप के सरकारी अस्पतालों में भी हर्निया ऑपरेशन की वेटिंग 4 से 5 महीने से ज्यादा नहीं होती है। रायपुर एम्स की ऐसी कार्यप्रणाली अत्यंत चिंताजनक है। डॉ सोलंकी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की जनता को एम्स रायपुर से अत्यधिक अपेक्षाएं हैं किंतु उन्हें समय पर ना तो बेड मिलता है और सर्जरी एवं सीटी स्कैन/एन्डोस्कोपी जैसी जांचों के लिए के लिए गैर जरूरी वेटिंग का रोजाना सामना करना पड़ता है।

छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी ने एम्स रायपुर प्रशासन से आग्रह किया है कि वह गैर जरूरी वेटिंग को तुरंत सुचारू करें. अन्यथा इस मुद्दे को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं प्रधानमंत्री के संज्ञान में लायेंगे एवं उन्हें मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे।

पति ने पत्नी को पत्थर से मारकर मौत के घाट उतारा

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा में एक पति ने अपनी पत्नी को पत्थर से मारकर मौत के घाट उतार दिया। कटघोरा थाना क्षेत्र के दुर्गा मंदिर के पास सोमवार (24 मार्च) को सुबह एक महिला का शव मिला। पुलिस ने कुछ घंटों में ही मामले को सुलझा लिया। मृतका लता नेताम किराए के मकान में अकेली रहकर मजदूरी कर रही थी। उसका शव घर के सामने बाड़ी में मिला। मौके से खून से सनी ईंटें और खुला दरवाजा मिला। जांच में पति अमोल सिंह नेताम (34) को हत्यारा पाया गया। पूछताछ में आरोपी अमोल ने बताया कि लता 8 महीने पहले उसे और तीनों बच्चों को छोड़कर अलग रहने लगी थी। लता ने हटकी बैंक से लोन लिया था। बैंक कर्मी वसूली के लिए बार-बार उसके गांव डूमरमुड़ा आते थे। इससे वह परेशान था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com